# बिहार (65वीं प्रारंभिक परीक्षा)

## विशेष करेंट अफेयर्स

### सितंबर 2019

- केंद्र सरकार की अनुशंसा पर राष्ट्रपति ने चार राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्ति की है तथा हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल का तबादला किया गया है। राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल और तेलंगाना में राज्यपालों को नियुक्त किया गया है और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र का ट्रांसफर कर उन्हें राजस्थान का राज्यपाल बनाया गया है। भगत सिंह कोशयारी को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है बंडारू दत्तात्रेय को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आरिफ मोहम्मद खान को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है तथा तमिलिसाई सौंदराजन को तेलंगाना का राज्यपाल बनाया गया है।
- मरुस्थलीकरण की समस्या से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोधी सम्मेलन (United Nations Convention to Combat Desertification-UNCCD) के कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज के 14वें सत्र (CoP 14) की शुरुआत 2 सितंबर, 2019 को ग्रेटर नोएडा में हुई तथा यह 13 सितंबर, 2019 तक चला। इस सम्मेलन का उद्घाटन UNCCD के कार्यकारी सचिव इब्राहिम थिआ और पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने किया। इस वैश्विक कार्यक्रम की मेजबानी के साथ ही भारत CoP की अध्यक्षता भी चीन से हासिल करेगा और वर्ष 2021 तक इसका अध्यक्ष बना रहेगा। UNCCD की देखरेख में मरुस्थलीकरण को लेकर चलाए जा रहे इस अभियान की शुरूआत वर्ष 1977 में हुई, लेकिन इनमें तेज़ी 1996 से आई, जब इसे लेकर दुनिया के सभी देशों ने एकजुट होकर काम करने की पहल की।
- प्रौद्योगिकी क्षेत्र की विख्यात कंपनी गूगल ने बिल्ड फॉर डिजिटल इंडिया (Build for Digital India) कार्यक्रम शुरू करने के लिये इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ समझौता किया है। यह कार्यक्रम इंजीनियरिंग छात्रों को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराएगा जहाँ वे सामाजिक समस्याओं से निपटने वाले प्रौद्योगिकी आधारित बाज़ार के लिये तैयार समाधान को विकसित कर सकेंगे।
- 1-2 सितंबर, 2019 को मालदीव की राजधानी माले में दक्षिण एशिया की संसदों के अध्यक्षों का चौथा शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ। सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) की प्राप्ति विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में भारत की ओर से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, लोकसभा की महासचिव स्नेहलता श्रीवास्तव और राज्यसभा के महासचिव देश दीपक वर्मा ने हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में भारत के अलावा अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, म्याँमार, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका की संसद के अध्यक्ष/पीठासीन अधिकारी शामिल हुए। विदित हो कि इस मंच की संकल्पना ढाका (बंगलादेश) में वर्ष 2016 में हुए पहले दक्षिण एशियाई देशों के अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में की गई थी। दूसरा और तीसरा शिखर सम्मेलन क्रमशः वर्ष 2017 (भारत में इंदौर) और वर्ष 2018 में श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में हुआ था।
- केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड यानी सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (Central Board of Film Certification-CBFC) को नया Logo मिल गया है। नए Logo के डिजाइन को नेशनल सिक्योरिटीज डिपोसिट्री लिमिटेड की टेक्निकल सपोर्ट टीम के साथ मिलकर डिजाइनर रोहित देवगन ने तैयार किया है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की स्थापना सिनेमैटोग्राफ एक्ट, 1952 के तहत की गई तथा वर्तमान में प्रसून जोशी इसके चेयरपर्सन हैं।
- आर्थिक संकट का सामना कर रहे अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर को बांग्लादेश में एक बड़ा बिजली प्रोजेक्ट मिला है। बांग्लादेश ने रिलायंस पावर से अगले 22 साल तक 718 मेगावॉट बिजली खरीदने का फैसला किया है।
- भारत ने नेपाल को 7-0 से हराकर सैफ अंडर-15 फुटबॉल चौंपियनशिप खिताब पर अपना कब्जा बरकरार रखा। इस जीत के साथ भारत टूर्नामेंट के इतिहास में अब सबसे सफल टीम बन गई है, क्योंकि यह खिताब उसने रिकॉर्ड तीसरी बार अपने नाम किया। इससे पहले वर्ष 2013 और वर्ष 2017 में भारतीय टीम ने यह खिताब जीता था।
- हाल ही में नई दिल्ली में स्थित न्यूजीलैंड के उच्चायोग में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पापुआ न्यू गिनी तथा फिजी के उच्चायोगों ने संयुक्त रूप से नमस्ते पैसिफिक नामक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में प्रशांत महासागरीय देशों की संस्कृति का प्रदर्शन करना था।
- प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिये छत्तीसगढ़ में एक अनूठी पहल शुरू होने जा रही है। राज्य के अंबिकापुर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर गार्बेज कैफे (Garbage


Copyright – Drishti The Vision Foundation

Cafe) की शुरुआत की जा रही है। देशभर में अपनी तरह का यह पहला कैफे है, जहाँ प्लास्टिक कचरा देकर भरपेट खाना मिलेगा।

- केरल के कोच्चि शहर से 80 किलोमीटर दूर बसे अलेप्पी में हर वर्ष अगस्त महीने के दूसरे शनिवार को नेहरू ट्रॉफी बोट रेस का आयोजन किया जाता है। सर्प नौका दौड़ या स्नेक बोट रेस के नाम से प्रसिद्ध यह बोट रेस यहाँ पुन्नमदा लेक में आयोजित की जाती है, जिसमें हर साल बड़ी संख्या में बोट्स हिस्सा लेती हैं। इस वर्ष केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के साथ 2019 नेहरू ट्रॉफी बोट रेस के 67वें संस्करण का उद्घाटन किया, जिसमें पल्लथुर्थी बोट क्लब के नदुभगम चंदन बोट ने जीत हासिल की। इस रेस की शुरुआत वर्ष 1952 में हुई थी और 1 जुलाई, 1962 को इसका नाम नेहरू ट्रॉफी रखा गया।
- 20वाँ भारत-रूस शिखर सम्मेलन 4 सितंबर को रूस के व्लादिवोस्तोक में हुआ। रूस ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान "ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रू द अपोस्टल" देने का भी एलान किया।
- हाल ही में मध्य प्रदेश से टाइगर स्टेट का दर्जा वापस ले लिये जाने के बाद राज्य सरकार बाघों की सुरक्षा के लिये टाइगर स्ट्राइक फोर्स का गठन करने जा रही है। इनमें फोर्स के लिये जवानों की भर्ती और पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्ति पर लेने का प्रस्ताव भी शामिल है। इस फोर्स के कामकाज की निगरानी नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (NTCA) करेगी। विदित हो कि वर्ष 2018 की बाघ गणना के मुताबिक मध्य प्रदेश में 526 बाघ हैं और यह संख्या देश के किसी भी राज्य में सर्वाधिक है।
- भारत ने नए आतंकवाद निरोधक कानून के तहत जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर, लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज मोहम्मद सईद, जकी-उर-रहमान लखवी और दाऊद इब्राहिम को आतंकी घोषित किया है। केंद्र सरकार ने हाल ही में किसी भी व्यक्ति को आतंकी घोषित करने के लिये गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम (UAPA), 1967 में संशोधन किया था। अभी तक भारत में किसी व्यक्ति को व्यक्तिगत तौर पर आतंकी घोषित करने की कानूनी व्यवस्था मौजूद नहीं थी।
- स्टार्ट-अप कंपनियों को आसान टैक्स व्यवस्था की सुविधा देने के लिये तथा उनकी टैक्स संबंधी शिकायतों को दूर करने के लिये हाल ही में एक स्टार्ट-अप प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। प्रकोष्ठ का गठन CBDT द्वारा जारी एक आदेश के तहत किया गया है। इसके अलावा DPIIT द्वारा मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप कंपनियों की आकलन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है।
- लगभग 3 महीने तक चले विरोध प्रदर्शनों के बाद हॉन्गकॉन्ग सरकार ने चीनी प्रत्यर्पण बिल वापस ले लिया है। इस बिल के तहत अगर कोई व्यक्ति अपराध करके हॉन्गकॉन्ग आता है तो उसे जाँच प्रक्रिया में शामिल होने के लिये चीन भेजा जा सकता था। हॉन्गकॉन्ग में वर्ष 2014 में 79 दिनों तक चले "अंब्रेला मूवमेंट" के बाद चीनी सरकार ने लोकतंत्र का समर्थन करने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई की थी।
- स्किल इंडिया मिशन के लिये प्रशिक्षकों को प्रोत्साहन देने के लिये कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने 5 सितंबर को कौशलाचार्य समादर 2019 का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। विदित हो कि कज़ान, रूस में आयोजित वर्ल्ड स्किल प्रतियोगिता, 2019 के दौरान भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों सहित 15 उत्कृष्ट पदक जीते तथा 63 देशों में भारत को 13वाँ स्थान मिला। इस वर्ष से कौशलाचार्य पुरस्कार कार्यक्रम को प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा। इससे कौशल प्रशिक्षकों के योगदान को पहचान मिलेगी।
- टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी सुनील जोशी को उत्तर प्रदेश की रणजी टीम का कोच नियुक्त किया गया है।
- असम स्थित भारतीय रेल का तिनसुकिया स्टेशन देश का 4000वाँ ऐसा स्टेशन बन गया है जहाँ रेलवे द्वारा यात्रियों तथा आसपास के नागरिकों के लिये नि:शुल्क WiFi सुविधा उपलब्ध कराई गई है।
- ब्राज़ील के रियो डि जेनेरियो में हाल ही में समाप्त हुई ISSF विश्व कप प्रतियोगिता में भारत ने अधिकतम संभावित पदक जीतकर नया कीर्तिमान बनाया। युवा मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक जीता तथा अभिषेक वर्मा और यशस्विनी देसवाल ने रजत पदक जीता। इन परिणामों के बाद भारत इस वर्ष ISSF विश्व कप के सभी चार चरणों में शीर्ष पर रहा, जिसमें जूनियर विश्व कप भी शामिल है। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में दुनिया की नंबर एक निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और दीपक कुमार ने मिश्रित एयर राइफल में स्वर्ण जीता। अंजुम मुद्गिल और दिव्यांश सिंह पंवार ने कांस्य पदक जीते। मनु भाकर और सौरभ चौधरी ISSF के चारों विश्व कप चरणों में मिश्रित टीम एयर पिस्टल का स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इस प्रकार भारत ने इस वर्ष ISSF विश्व कप के चार चरणों में 22 पदक जीत लिये, जिसमें 16 स्वर्ण शामिल हैं।
- पाकिस्तान में पहली बार सिंध पुलिस में पुष्पा कोहली नाम की एक हिंदू महिला को शामिल किया गया है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस को वेटिकन द्वारा "लैम्प ऑफ पीस ऑफ सेंट फ्रांसिस" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'द लैंप ऑफ पीस ऑफ सेंट फ्रांसिस' पुरस्कार पहली बार वर्ष 1981 में पोलैंड ट्रेड यूनियन लीडर लेख वालेसा को दिया गया था, जो बाद में वहाँ के राष्ट्रपति भी बने। इसके अलावा प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस को वर्ष 2006 का नोबेल शांति पुरस्कार बांग्लादेश के ग्रामीण बैंक के साथ संयुक्त रूप से मिला था।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने 'न्याय' (न्यूनतम आय योजना-NYAY) को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर चलाने की शुरुआत की है। इस योजना के तहत सरकार राज्य के 20 प्रतिशत सबसे गरीब परिवारों को प्रति माह 6000 रुपए देने की घोषणा कर चुकी है। इस योजना के तहत उन परिवारों को लाभ दिया जाएगा जिनकी मासिक आय 6000 रुपए से कम है।
- एयर इंडिया अपने यात्रियों के लिये नमस्कार सेवा नामक एक योजना शुरू कर रही है। इस मीट और ग्रीटिंग सेवा में एक एयरलाइन कर्मचारी हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार से लेकर यात्रियों की विमान की सीट तक पहुँचने में सहायता करेगा/करेगी।
- देश के प्रतिष्ठित वकील और पूर्व केंद्रीय मंत्री राम (मूलचंद) जेठमलानी का 8 सितंबर को नई दिल्ली में 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके नाम देश में सबसे कम (19 साल की उम्र में उन्होंने वकालत शुरू की) और सबसे अधिक उम्र (वे 77 साल इस पेशे में रहे) के वकील होने का रिकॉर्ड है। वर्ष 1999 में वे शहरी विकास मंत्री और विधि मंत्री के पद पर भी रहे। वर्तमान में वे बिहार से राजद के राज्यसभा सांसद थे। मई 2010 में उन्हें सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया। उन्हें सबसे अधिक फीस लेने वाला हाई-प्रोफाइल वकील माना जाता था।
- प्रतिवर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (WSPD) मनाया जाता है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के सहयोग से इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन तथा NGO आत्महत्या निषेध अंतर्राष्ट्रीय संगठन द्वारा आयोजित किया जाता है। इस वर्ष इस दिवस की थीम Working Together to Prevent Suicide रखी गई है।
- दक्षिण भारत, विशेषकर केरल का सबसे लोकप्रिय पर्व ओणम प्राय: सितंबर माह के पहले पखवाड़े में मनाया जाता है। यह राज्य का कृषि पर्व कहलाता है तथा इसे मुख्य तौर पर मलयाली हिन्दू मनाते हैं। ओणम मलयालम कैलेंडर के पहले महीने चिंगम से शुरू होता है, इसलिये इसे मलयाली हिंदुओं का नववर्ष भी कहा जाता है। लगभग 10-12 दिन के इस त्योहार का पहला और आखिरी दिन सबसे महत्त्वपूर्ण होता है। यह त्यौहार असुर राजा महाबलि के पुन: घर आगमन का भी प्रतीक है। ओणम पर 26 पकवानों वाले सद्या को केले के पत्ते पर खास तरीके व क्रम में परोसा जाता है, जिसे सद्या थाली कहते हैं और यह ओणम का सबसे महत्त्वपूर्ण आयोजन होता है।
- फ्रेंच ओपन विजेता स्पेन के राफेल नडाल ने रूस के दानिल मेदवेदेव को हराकर यूएस ओपन 2019 में पुरुषों का एकल मुकाबला जीत लिया। 5 घंटे तक चले 5 सेट का मुकाबला जीतने वाले नडाल का यह चौथा यूएस ओपन खिताब है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2010, 2013 और 2017 में यूएस ओपन का खिताब जीता था। यह इस वर्ष उनका दूसरा ग्रैंड स्लेम है, वह इस वर्ष फ्रेंच ओपन खिताब भी जीत चुके हैं। महिला वर्ग में 23 बार की ग्रैंड स्लेम विजेता अमेरिका की सेरेना विलियम्स को 15वीं रैंकिंग वाली 19 वर्षीय कनाडा की बियांका आंद्रेस्कू ने फाइनल मुकाबले में हराकर इतिहास रच दिया। पहली बार यह प्रतियोगिता अमेरिका में वर्ष 1881 में अगस्त के महीने में न्यूपोर्ट में खेली गई और वर्ष 1918 तक इसका आयोजन न्यूपोर्ट में ही हुआ। महिलाओं का एकल पहली बार वर्ष 1887 में फिलाडेल्फिया में खेला गया। वर्ष 1919 में इस प्रतियोगिता का स्थान बदलकर फॉरेस्ट हिल टेनिस क्लब न्यूयॉर्क कर दिया गया। लॉन टेनिस में टाई ब्रेकर को अपनाने वाली यह पहली बड़ी प्रतियोगिता थी।
- जिम्बाब्वे के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे का 95 वर्ष की आयु में सिंगापुर में निधन हो गया।
- धारा 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर दो अलग-अलग केंद्रशासित क्षेत्रों में विभाजित हो गया है- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख। लेकिन इन दोनों के लिये एक साझा उच्च न्यायालय रहेगा।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अपनी पहली कृषि निर्यात नीति की घोषणा की है। राज्य सरकार ने वर्ष 2024 तक कृषि उत्पादों का निर्यात दोगुना करने का लक्ष्य रखा है।
- नृपेंद्र मिश्र के कार्यमुक्त होने के बाद प्रधानमंत्री के मुख्य सचिव के रूप में डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की नियुक्ति की गई है। हाल ही में डॉ. मिश्रा को संयुक्त राष्ट्र सासाकावा पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया गया है। आपदा प्रबंधन में यह सबसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है।
- 14 सितंबर का दिन देशभर में हिंदी दिवस के तौर पर मनाया जाता है। 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। हालाँकि हिंदी और अंग्रेजी दोनों को आजादी के बाद भारत की भाषा चुना गया और संविधान सभा ने देवनागरी लिपि वाली हिंदी के साथ ही अंग्रेजी को भी आधिकारिक भाषा के


Copyright – Drishti The Vision Foundation

रूप में स्वीकार किया, लेकिन वर्ष 1949 में 14 सितंबर के दिन संविधान सभा ने हिंदी को ही भारत की राजभाषा घोषित किया। इस निर्णय के बाद हिंदी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, वर्धा के आग्रह पर वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। पहला हिंदी दिवस 14 सितंबर 1953 को मनाया गया। विदित हो कि हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद तीन देशों- आइसलैंड, स्विट्जरलैंड और स्लोवेनिया की यात्रा की।
- पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो (BPR-D) ने 12-13 सितंबर, 2019 को 'जेलों में आपराधिक गतिविधियाँ और कट्टरता : कैदियों एवं जेल कर्मचारियों की असुरक्षा और उनका संरक्षण' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में सुधारक सेवाओं के क्षेत्र में विभिन्न चुनौतियों का उल्लेख किया गया और इसके साथ ही जेल प्रणालियों एवं संबंधित मानव संसाधन को बेहतर बनाने के लिये एक सचेत नीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।
- देश में प्रत्येक वर्ष 15 सितंबर का दिन अभियंता (Engineers) दिवस के रूप में मनाया जाता है। अभियंता दिवस भारत के सुविख्यात इंजीनियर डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्हें आधुनिक भारत के विश्वकर्मा के रूप में जाना जाता है।
- दुनियाभर में 15 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस का आयोजन किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2007 में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाने के लिये 15 सितंबर का दिन तय किया था। यह फैसला 8 नवंबर, 2007 को लिया गया था। उसके बाद से प्रतिवर्ष यह दिन अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। पहली बार वर्ष 2008 में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया गया था। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस 2019 की थीम भागीदारी (Participation) रखी गई है।
- केंद्र सरकार ने आयकर विभाग की महत्त्वाकांक्षी ई-आकलन योजना को अधिसूचित कर दिया है। इससे आयकर आकलन के दौरान करदाता आयकर अधिकारियों के सीधे संपर्क में नहीं आ पाएंगे। इस योजना के तहत राष्ट्रीय ई-आकलन केंद्र बनाया जाएगा, जो करदाताओं को उनसे संबद्ध मुद्दों पर जानकारी मांगेगा।
- भारत की पाँच महिला पुलिस अधिकारियों को दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में उत्कृष्ट सेवाओं के लिये सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार दक्षिण सूडान के जूबा में संयुक्त राष्ट्र मिशन में परेड के दौरान दिये गए। संयुक्त राष्ट्र पदक से जिन भारतीय महिलाओं को सम्मानित किया गया है उनमें चंडीगढ़ पुलिस में इंस्पेक्टर रीना यादव, महाराष्ट्र पुलिस में डी.एस.पी. गोपिका जहाँगिरदार, गृह मंत्रालय में डी.एस.पी. भारती समांत्रे, गृह मंत्रालय में इंस्पेक्टर रागिनी कुमारी और राजस्थान पुलिस में ए.एस.पी. कमल शेखावत शामिल हैं। इन भारतीय महिला अधिकारियों को युद्धग्रस्त दक्षिण सूडान में नागरिकों की रक्षा के लिये संयुक्त राष्ट्र के आदेश के पालन हेतु सम्मानित किया गया है।
- सर्वे ऑफ इंडिया (एसओआई) पहली बार ड्रोन की मदद से देश का डिजिटल नक्शा बना रहा है। विज्ञान और तकनीकी विभाग के सहयोग से यह काम दो साल में पूरा होगा। इसके लिये तीन डिजिटल केंद्र बनाए गए हैं। यहाँ से पूरे देश का भौगोलिक डिजिटल डेटा तैयार होगा। सैटेलाइट से नियंत्रित होने वाले जीपीएस सिस्टम की अपेक्षा यह डिजिटल नक्शा ज्यादा सटीक और स्पष्ट होगा।
- भारत सरकार आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन) सदस्य देशों के ऐसे स्टूडेंट्स को फेलोशिप देगी जो IIT से Ph.D. कर रहे हैं। 16 सितंबर, 2019 को इस फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत की गई। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिये आसियान के सदस्य देशों के भारत में IIT में पढ़ने वाले 1000 स्टूडेंट्स को फेलोशिप प्रदान करेगी।
- राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहाँ बिना मांगे सूचनाएँ देने का प्रावधान किया गया है। अब यह अधिकारियों की इच्छा पर निर्भर नहीं होगा कि RTI में कौन सी सूचना देनी है और कौन सी छिपानी है। प्रदेश के सरकारी विभागों में पारदर्शिता और ज़िम्मेदारी बढ़ाने के लिये जन सूचना पोर्टल 2019 लॉन्च किया गया है। इस पोर्टल के अलावा सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिये जन सूचना पोर्टल मोबाइल एप भी विकसित किया जा रहा है।
- भारत सरकार ने देश की सीमाओं का इतिहास नए सिरे से लिखे जाने के लिये स्वीकृति दे दी है। यह आम लोगों तथा खासतौर से सीमा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को राष्ट्रीय सीमाओं के प्रति जागरूक बनाने की अपनी तरह की पहली परियोजना है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में विश्व में भारतीय प्रवासियों की संख्या सबसे अधिक रही। संयुक्त राष्ट्र के आँकड़ों के मुताबिक वर्ष 2019 विश्वभर में भारतीय प्रवासियों की कुल संख्या 17.5 मिलियन है, जबकि विश्वभर में कुल प्रवासियों का आधिकारिक आँकड़ा 272 मिलियन का है। यूएन डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स की पॉपुलेशन डिवीजन ने ये आँकड़े जारी किये हैं। भारत के बाद दूसरा नंबर मेक्सिको का है, तीसरे नंबर पर चीन और रूस हैं।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- भारतीय डाक विभाग बोस्निया और हर्जेगोविना, ब्राजील, इक्वाडोर, कजाखस्तान, लिथुआनिया और उत्तरी मेसेडोनिया के लिये अंतर्राष्ट्रीय स्पीड पोस्ट (ईएमएस) सेवा प्रारंभ करने जा रहा है। ईएमएस यानी एक्सप्रेस मेल सर्विस यूज़र्स को दस्तावेज भेजने में सहायक है और यह तेज गति से दस्तावेज़ भेजती है। उपभोक्ता इंटरनेट पर भेजे गए सामान की जानकारी भी ले सकते हैं।
- कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्रालय ने विश्व की प्रमुख आईटी कम्पनी आईबीएम के साथ एक समझौता किया है, जिसके अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिये देशव्यापी कार्यक्रम चलाया जाएगा। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आईटीआई प्रशिक्षकों को दैनिक प्रशिक्षण गतिविधियों में तकनीक के इस्तेमाल के लिये बेसिक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम एक वर्ष का होगा और इसमें 200 कार्यशालाओं के साथ 7 स्थानों पर 14 प्रशिक्षक होंगे।
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को ढाका में डॉ. कलाम स्मृति अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2019 से नवाजा गया। यह पुरस्कार तनाव, संघर्ष और आतंकवाद से मुक्त शांतिपूर्ण और समृद्ध दक्षिण एशिया बनाने में उल्लेखनीय सहयोग के लिये दिया जाता है।
- 18 सितंबर, 2019 को मुंबई के डोम एनएससीआई एसवीपी स्टेडियम में भारतीय फिल्म इंडिया के प्रतिष्ठित आइफा (इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी) अवॉर्ड 2019 (IIFA Awards 2019) का आयोजन किया गया। इस बार बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड 'राजी' को मिला और इस फिल्म में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली आलिया भट्ट को बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला। फिल्म 'पद्मावत' के लिये रणवीर सिंह को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड दिया गया। यह आइफा का 20वाँ संस्करण है और इस बार इसका आयोजन किसी दूसरे देश में नहीं बल्कि मुंबई में ही हुआ।
- 20 सितंबर, 2019 को चंडीगढ़ में उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 29वीं बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, केंद्रशासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और लद्दाख तथा दिल्ली की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार आते हैं।
- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (International Atomic Energy Agency-IAEA) के 63वें महाधिवेशन का आयोजन 16 से 20 सितंबर, 2019 तक वियना इंटरनेशनल सेंटर में किया गया। IAEA के 171 सदस्य देशों के प्रतिनिधियों ने इस सम्मेलन में हिस्सा लिया।
- भारत सरकार ने वायु सेना के उपप्रमुख एयर मार्शल आर.के.एस. भदौरिया को वायु सेना का प्रमुख यानी एयर चीफ मार्शल नियुक्त किया गया है।
- दुनियाभर मे 21 सितंबर को विश्व या अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों एवं नागरिकों के बीच शांति व्यवस्था कायम रखने के लिये प्रयास करना और अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों तथा विवादों पर विराम लगाना है। इस साल विश्व शांति दिवस की थीम "Climate Action for Peace" रखी गई है। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1981 में विश्व शांति दिवस मनाने की घोषणा की थी। इसके बाद पहली बार वर्ष 1982 में विश्व शांति दिवस मनाया गया था। वर्ष 1982 से लेकर वर्ष 2001 तक सितंबर माह के तीसरे मंगलवार को विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया गया, लेकिन वर्ष 2002 से इसके लिये 21 सितंबर की तारीख निर्धारित कर दी गई।
- 1 सितंबर, 2019 से 30 सितंबर, 2019 तक देशभर में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन गया। देश में कुपोषण की चुनौतियों से निपटने और समग्र पोषण के महत्त्व के बारे में देशवासियों को संवेदनशील बनाने के लिहाज से पोषण अभियान के तहत सितंबर माह को पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह के तौर पर मनाया जाता है।
- देश की सबसे बड़ी पावर कंपनी NTPC गुजरात के कच्छ में देश का सबसे बड़ा सोलर पार्क बनाने जा रही है। यह पार्क अगले 5 साल में बनकर तैयार हो जाएगा।
- सुपर-30 के संस्थापक और IIT प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने वाली कोचिंग संस्था सुपर 30 (Super 30) के संस्थापक और गणित के शिक्षक आनंद कुमार को अमेरिका में शिक्षण से जुड़े एक प्रतिष्ठित पुरस्कार से नवाजा गया है। यह पुरस्कार उन्हें जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा मुहैया कराने में दिये गए उनके योगदान के लिये दिया गया। कैलिफोर्निया के सैन जोस में आनंद कुमार को फाउंडेशन फॉर एक्सीलेंस" (FEE) संगठन ने अपनी 25वीं सालगिरह के मौके पर 'द एजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड 2019' से सम्मानित किया है।
- 22 सितंबर को गैंडों की देखरेख, सुरक्षा और संरक्षण में जागरूकता फैलाने के लिये विश्व गैंडा दिवस (World Rhino Day) मनाया जाता है। गैंडा स्तनपायी और पूरी तरह शाकाहारी प्राणी है। विश्व में गैंडे की पाँच प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से दो अफ्रीका में तथा तीन दक्षिण एशिया के देशों में मिलती हैं। विदित हो कि सर्वप्रथम वर्ष 2010 में विश्व वन्य जीव कोष-अफ्रीका ने 22 सितंबर को शविश्व गैंडा दिवस' मनाने की शुरुआत की थी। **भारत में गैंडों के संरक्षण तथा प्रजनन को बढ़ावा देने के लिये बिहार की राजधानी पटना में केंद्र सरकार के सहयोग से भारत का पहला राष्ट्रीय गैंडा प्रजनन एवं संरक्षण केंद्र बनाया गया है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- गूगल ने अपने गूगल फॉर इंडिया इवेंट में बंगलूरू में नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) सेंटर गूगल रिसर्च इंडिया खोलने का ऐलान किया है। इस नए प्रोजेक्ट का फोकस देश में एडवांस कंप्यूटर साइंस रिसर्च को बढ़ावा देने पर होगा।
- इस वर्ष सबसे ज़्यादा पसंद की गई फिल्मों में से एक 'गली बॉय' को बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में 92वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिये भारत की ऑफिशियल एंट्री के रूप में चुना गया है। रणवीर सिंह और आलिया भट्ट अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है। इस फिल्म का प्रीमियर बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और इसे मेलबर्न के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला था। पौड़ी गढ़वाल ज़िले के एक बुजुर्ग किसान की मेहनत पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म मोती बाग ऑस्कर के डॉक्यूमेंट्री खंड के लिये नामित की गई है। डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'मोती बाग' को केरल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म महोत्सव में भी अवॉर्ड मिल चुका है। यह उत्तराखंड से पहली डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जो ऑस्कर की रेस में पहुँची है।
- अमेरिका के जेम्स डायसन फाउंडेशन ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, अहमदाबाद की अश्वती सतीसन (Ashwathy Satheesan) को जेम्स डायसन अवॉर्ड, 2019 से सम्मानित किया है। 22-वर्षीय अश्वती सतीसन ने पार्किंसंस रोग से पीड़ित लोगों के लिये पेन जैसा उपकरण फ्लेओ (Fleo) बनाया है, जो पार्किंसंस से पीड़ित लोगों को लिखने और ड्राइंग करने में मदद करेगा।
- **बिहार का पहला महिला डाकघर राजधानी पटना में खोला गया है। इस डाकघर में पोस्टमास्टर से लेकर पोस्टमैन तक महिलाएँ हैं और भविष्य में भी केवल महिलाएँ ही होंगी। बिहार लोक सेवा आयोग (Bihar Public Service Commission-BPSC) के परिसर में स्थापित यह महिला डाकघर देश का दूसरा और बिहार का पहला महिला डाकघर है। डाक विभाग इस डाकघर को शोकेस के रूप में विकसित करेगा और देश-विदेश से आने वाले मेहमानो को यह डाकघर दिखाया जाएगा। विदित हो कि केंद्र सरकार ने महिला सशक्तीकरण हेतु सभी डाक मंडलों में एक-एक महिला डाकघर खोलने का निर्णय लिया है।**
- अमेरिका की प्राकृतिक गैस कंपनी टेल्यूरियन और भारत की सबसे बड़ी तरलीकृत प्राकृतिक गैस (Liquefied Natural Gas-LNG) आयातक कंपनी पेट्रोनेट LNG लि. (PLL) ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, जिसके अंतर्गत PLL और उसकी सहयोगी कंपनियाँ अमेरिका से 50 लाख टन तक LNG का आयात कर सकेंगी।
- रबी अभियान-2019 के लिये राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन नई दिल्ली के पूसा में आयोजित हुआ, जिसमें केंद्र प्रायोजित योजनाओं को कारगर रूप से लागू करने के लिये तौर-तरीकों पर विचार किया गया। देश में तिलहनों की कमी के मद्देनजर खाद्य तेलों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आयात में कमी लाने के लिये एक अलग अभियान शुरू करने का सुझाव दिया गया।
- कारगिल से कोहिमा (K2K) अल्ट्रा मैराथन ग्लोरी रन की शुरुआत द्रास स्थित कारगिल वॉर मेमोरियल में हुई। कारगिल विजय के 20वें वर्ष के अवसर पर और भारतीय वायुसेना के आदर्श वाक्य टच द स्काई विद ग्लोरी के लिये यह अल्ट्रा मैराथन अभियान चलाया जा रहा है। पूर्वोत्तर में कोहिमा और उत्तर में कारगिल चौकियाँ स्थित हैं जहाँ क्रमशः वर्ष 1944 और वर्ष 1999 में दो बड़े युद्ध हुए थे।
- केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन की प्रभावी निगरानी के लिये एक विशेष इकाई बनाने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार, कार्यक्रम प्रबंधन इकाई वर्ष 2022 तक सभी के लिये आवास के लक्ष्य के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना को मदद मुहैया कराएगी। विदित हो कि सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी स्कीम को 31 मार्च 2020 तक बढ़ा दिया है।
- अर्जेंटीना के कप्तान और दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी को छठी बार फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया है। इसके साथ मेसी दुनिया में सबसे ज़्यादा बार फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर चुने जाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।
- रोहिंग्या शरणार्थियों के प्रत्यावर्तन की देखरेख के लिये बांग्लादेश, म्याँमार और चीन एक त्रिपक्षीय संयुक्त कार्य प्रणाली बनाने पर सहमत हो गए हैं। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अधिवेशन से इतर बांग्लादेश के विदेशमंत्री डॉ. ए.के. अब्दुल मोमिन ने चीन और म्याँमार के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के बाद यह घोषणा की।
- भारत सरकार देश की एकता और अखंडता में योगदान देने के लिये सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर सर्वोच्च नागरिक सम्मान पुरस्कार की शुरुआत करने जा रही है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने एवं उल्लेखनीय तथा प्रेरणादायक योगदान के लिये दिया जाएगा। 31 अक्तूबर को सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर इस पुरस्कार की घोषणा की जाएगी।
- अरुणाचल प्रदेश से भारतीय सेना में जाने वाली मेजर पोनुंग डोमिंग अपने प्रदेश से लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर पदोन्नत होने वाली पहली महिला सेना अधिकारी बन गई हैं। पोनुंग डोमिंग पूर्वी


Copyright – Drishti The Vision Foundation

सियांग ज़िले के पासीघाट के जीटीसी की रहने वाली हैं। वर्ष 2014 में उन्होंने डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में यूनाइटेड नेशन पीस कीपिंग मिशन में भी हिस्सा लिया।

- 23 सितंबर को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (International Day of Sign Languages) का आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र की घोषणा का अनुसरण करते हुए बधिरों के अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह के हिस्से के रूप में यह मनाया जाता है। विश्व बधिर संघ की ओर से प्रतिवर्ष सितंबर माह के अंत में 'अंतरराष्ट्रीय बधिर सप्ताह' का आयोजन किया जाता है।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण- एपीडा (Products Eñport Development Authority-APEDA) ने त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में पूर्वोत्तर क्षेत्र, विशेष रूप से त्रिपुरा के कृषि उत्पादों की निर्यात संभावना पर चर्चा की गई। इस बैठक में बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, कुवैत और यूनान के 20 अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों ने हिस्सा लिया।
- 'सिंगापुर-भारत हैकाथन' के दूसरे संस्करण का आयोजन प्प्ज मद्रास में 28 और 29 सितंबर को किया गया। भारत और किसी अन्य देश के बीच यह अपने किस्म का पहला संयुक्त अंतर्राष्ट्रीय हैकाथन है। इस संयुक्त हैकाथन का लक्ष्य भारत और शेष विश्व के छात्र समुदाय के बीच सहयोग को बढ़ावा देना तथा हमारे समाज की कुछ चुनौतीपूर्ण समस्याओं का नवोन्मेषी व लीक से हटकर समाधान तलाशना है।
- तमिलनाडु के कोडियाकराई वन्यजीव संरक्षण अभयारण्य में हिरणों के पुनर्वास का अनूठा काम शुरू किया गया है। यह कार्य केंद्र सरकार के स्मार्ट सिटी योजना के तहत तंजावुर के शिवगंगई उद्यान में आठ करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है। इसका अंतर्राष्ट्रीय नाम पॉइंट कैलिमेर वन्यजीव अभयारण्य है।
- दुनिया भर में विश्व नदी दिवस (World Rivers Day) प्रतिवर्ष सितंबर के अंतिम रविवार को मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की शुरुआत वर्ष 2005 से हुई। तब संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक जल संसाधनों की बेहतर देखभाल की आवश्यकता के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता पैदा करने में मदद करने के लिये वाटर फॉर लाइफ डिकेड लॉन्च किया।
- प्रत्येक वर्ष 27 सितंबर को दुनियाभर में विश्व पर्यटन दिवस (World Tourism Day) मनाया जाता है। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1980 में की थी। विश्व पर्यटन दिवस मनाने का उद्देश्य दुनिया भर के लोगों को पर्यटन के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष विश्व पर्यटन दिवस की थीम- पर्यटन और रोजगार: सभी के लिये बेहतर भविष्य (Tourism and Jobs : A Better Future for All) रखी गई है।
- 27 सितंबर को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने अपना 15वाँ स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया। इस वर्ष की थीम अग्नि सुरक्षा (Fire Safety) है। विदित हो कि राष्ट्रीय प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2016 में लाई गई राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना को आपदा जोखिम में कमी के बारे में सेंडई रूपरेखा 2015-30 से जोड़ा गया है और इसे कम करने के नियंत्रण के उपायों पर बल दिया गया है। 23 दिसंबर, 2005 को भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 अधिनियमित किया, जिसके तहत 'NDMA एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल NDRF का गठन किया गया। भारत का प्रधानमंत्री NDMA का अध्यक्ष होता है।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund-IMF) के कार्यकारी बोर्ड ने क्रिस्टालिना जॉर्जीएवा (Kristalina Georgieva) को संस्था का नई प्रबंध निदेशक तथा कार्यकारी बोर्ड की अध्यक्ष नियुक्त किया है। बुल्गारिया की जॉर्जीएवा ने क्रिस्टीन लागार्द का स्थान लिया है। जॉर्जीएवा का चयन 189 देशों के सदस्यों वाली संस्था के 24 सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड ने किया है।
- फ्राँस के पूर्व राष्ट्रपति जाक शिराक का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मध्यमार्गी दक्षिणपंथी राजनेता शराक वर्ष 1995 से 2007 तक 12 साल तक फ्राँस के राष्ट्रपति रहे।
- भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा स्टील्थ फ्रिगेट (रडार को मात देने वाला) INS नीलगिरी को लॉन्च किया तथा स्कॉर्पीन श्रेणी की दूसरी पनडुब्बी INS खंडेरी का जलावतरण किया। इसके साथ ही उन्होंने मुंबई में विश्व स्तर के ड्राई डॉक की भी शुरुआत की। यह प्रोजेक्ट17 अल्फा (P17A) का पहला युद्धपोत है।

### अगस्त

- इंटरनेशनल यूनियन ऑफ जियोलॉजिकल साइंस (IUGS) की कार्यकारी समिति ने ग्लोबल हैरिटेज स्टोन रिसोर्स के भारतीय शोध दल के प्रस्ताव को मानते हुए मकराना के मार्बल को विश्व विरासत का दर्जा दिया है। मकराना मार्बल भूगर्भीय दृष्टि से पूर्व केम्ब्रियन काल की कायांतरित चट्टान है, जो मूलत: चूना पत्थर के कायांतरण से बनती है। इसे आम बोलचाल में संगमरमर कहते हैं। यह विशुद्ध रूप से केल्साइट खनिज से बना होता है।
- ओडिशा के 'रसगुल्ले' को भौगोलिक संकेत (GI) टैग दिया गया है। चेन्नई स्थित भौगोलिक संकेत रजिस्ट्रार ने वस्तु भौगोलिक संकेत (पंजीकरण एवं संरक्षण), कानून 1999 के तहत इस मिठाई को 'ओडिशा रसगुल्ला' के तौर पर दर्ज करने का प्रमाण-पत्र जारी किया।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- छत्तीसगढ़ में माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च, IIIT नया रायपुर और सीजीनेट स्वर फाउंडेशन ने एक साल तक काम करने के बाद एक आदिवासी रेडियो एप का विकास किया है। इस एप में टेक्स्ट टू स्पीच तकनीक का उपयोग किया गया है, जिसमें लिखे हुए समाचार को मशीन की मदद से सुना भी जा सकेगा। गोंडी जैसी आदिवासी भाषाओं, जिसे बहुत से लोग पढ़ नहीं सकते, के लिये यह एप बहुत उपयोगी होगा।
- प्रत्येक वर्ष 1 से 7 अगस्त तक दुनियाभर में विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष इस दिवस का उद्देश्य स्तनपान से संबंधित योजनाओं की कमियों के बारे में लोगों को जागरूक करना तथा अपर्याप्त स्तनपान से माँ व शिशु के स्वास्थ्य पर बढ़ने वाले खर्च के बारे में बताना है। विश्व स्तनपान सप्ताह वर्ष 1992 में वर्ल्ड एलायंस फॉर ब्रेस्टफीडिंग एक्शन द्वारा पहली बार आयोजित किया गया था। इस संगठन की स्थापना वर्ष 1991 में हुई थी।
- अमेरिका की ड्यूक यूनिवर्सिटी और पेरू की नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ पिउरा के वैज्ञानिकों ने अमेजन के जंगलों में विश्व के सबसे छोटे बंदर के जीवाश्म का पता लगाया है। इसका वजन एक हम्सटर (चूहों की प्रजाति का जीव) के बराबर रहा होगा। यह जीवाश्म दक्षिण-पूर्वी पेरू में रियो ऑल्टो मादरे डी डिओस नदी के तट पर बलुआ पत्थर में मिला। माना जाता है कि लगभग 40 मिलियन साल पहले दक्षिण अफ्रीका से बंदर दक्षिण अमेरिका में प्रवास कर गए थे।
- झारखंड में गिरिडीह की चंपा कुमारी को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित डायना अवार्ड के लिये चुना गया है। उन्हें अपने गाँव में बाल हिंसा के खिलाफ संघर्ष करने के लिये यह सम्मान मिलेगा। ब्रिटेन सरकार की ओर से वेल्स की राजकुमारी डायना की स्मृति में हर साल यह अवार्ड दिया जाता है। इस अवार्ड से 9 से 25 साल की उम्र के उन बच्चों और युवाओं को सम्मानित किया जाता है।
- नासा के 'हंटिंग सैटेलाइट' से खोजी गई नए तारों की प्रणाली को TESS ऑब्जेक्ट ऑफ इंटरेस्ट या TOI-270 कहा जाता है। यह बिल्कुल वैसी ही है जैसी ट्रांजिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट (TESS) को खोजने के लिये डिजाइन की गई थी। सौरमंडल में नेप्च्यून से छोटे आकार का कोई ग्रह नहीं है। अब वैज्ञानिक TOI-270 की मदद से जल्द ही पृथ्वी जैसे चट्टानी ग्रहों और नेप्च्यून जैसे गैसीय ग्रहों के बीच संबंधों का पता लगा सकते हैं।
- केंद्र सरकार ने एक बेहद महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए जम्मू-कश्मीर से विवादास्पद अनुच्छेद 370 समाप्त करने का फैसला किया है। इस अनुच्छेद के खंड-ए को छोड़कर बाकी सभी खंडों को समाप्त कर दिया गया है। साथ ही इस सीमावर्ती राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में तब्दील कर दिया गया है। इसके लिये सरकार ने जम्मू-कश्मीर को दो भागों में विभक्त करने वाले जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन विधेयक 2019 को राज्यसभा में पेश किया। इसमें लद्दाख को अलग कर केंद्रशासित क्षेत्र बनाने का प्रस्ताव किया गया है, लेकिन चंडीगढ़ की तरह उसकी भी विधानसभा नहीं होगी, यह राज्यपाल के तहत काम करेगा। कश्मीर और जम्मू डिवीजन विधानसभा के साथ एक अलग केंद्रशासित प्रदेश होगा, जहाँ दिल्ली और पुडुचेरी की तरह विधानसभा होगी। यानी अब जम्मू-कश्मीर विधानसभा वाला केंद्रशासित प्रदेश होगा, जबकि लद्दाख बिना विधानसभा वाला केंद्रशासित प्रदेश रहेगा।
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में हिंदी के वरिष्ठ पत्रकार रवीश कुमार को वर्ष 2019 का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (Ramon Magsaysay Award) से सम्मानित किया गया। एशिया का नोबेल माना जाने वाला यह पुरस्कार एशिया में साहसिक और परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिये दिया जाता है। यह पुरस्कार फिलिपीन्स के भूतपूर्व राष्ट्रपति रेमन मैग्सेसे की स्मृति में दिया जाता है। रॉकफेलर ब्रदर्स फंड के ट्रस्टियों द्वारा यह पुरस्कार वर्ष 1957 में स्थापित किया गया था।
- भारतीय डाक विभाग ने अपने इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (IPPB) को स्माल फाइनेंस बैंक (SFB) यानी लघु वित्त बैंक में तब्दील करने का फैसला किया है। इस निर्णय के बाद यह बैंक व्यक्तियों के अलावा लघु उद्योग चलाने वाले उद्यमियों को भी ऋण भी दे सकेगा। SFB से ऐसे लोगों को ऋण दिया जाएगा जिनकी आय बहुत ही कम है और जो आर्थिक बाधा की वजह से औद्योगिक वित्त संस्थानों तक नहीं पहुँच पाते।
- राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिये भारत सरकार ने एक देश-एक राशन कार्ड योजना पायलट आधार पर तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात में लॉन्च की गई है। इन राज्यों में यह योजना 1 अगस्त, 2019 से प्रभावी हो गई है। केंद्र सरकार ने अगस्त, 2020 तक इस योजना का क्रियान्वयन पूरे देश में करने का लक्ष्य रखा है।
- हाल ही में भारतीय वायुसेना ने अपना वीडियो गेम लॉन्च किया है। इस गेम का नाम Indian Air Force : A Cut Above है। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बी.एस. धनोआ ने इस गेम को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया।
- छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के नागरिकों के आजीविका संवर्द्धन के लिये हर ज़िले में आजीविका अंगना योजना लॉन्च करने की योजना बना रही है। राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में बिलासपुर ज़िले के तखतपुर ब्लॉक के गनियारी स्थित पहले आजीविका अंगना केंद्र (मल्टी-एक्टिविटी सेंटर) की शुरुआत


Copyright – Drishti The Vision Foundation

की। इस मल्टी एक्टिविटी सेंटर में एक ही परिसर में स्वरोज़गार की अनेक गतिविधियाँ संचालित होती हैं। इस योजना का उद्देश्य स्वयं-सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अलावा यहाँ काम करने वाली महिलाओं को परिसर में ही संचालित श्रमिक अन्न सहायता केंद्र में मात्र 5 रुपए में पर्याप्त भोजन मिल जाता है।

- रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (DRDO) ने ओडिशा के बालेश्वर ज़िले में चाँदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सीधा हवाई लक्ष्य के विरुद्ध अत्याधुनिक त्वरित प्रतिक्रिया जमीन-से-हवा (QR-SAM) में मार करने वाली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। DRDO ने इस मिसाइल को भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड की मदद से सेना वाहिनी के लिये विकसित किया है। यह दुश्मन के टैंक, युद्धक विमान को मार गिराने में सक्षम है।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को गिनी की सरकार ने अपने देश के सर्वोच्च पुरस्कार "नेशनल ऑर्डर ऑफ मेरिट" से सम्मानित किया है।
- विश्व संसाधन संस्थान के 'एक्वाडक्ट वाटर रिस्क एटलस' ने 189 देशों तथा उनके राज्यों में जल संकट, सूखे की आशंका और नदियों में बाढ़ की आशंका को लेकर रैंकिंग जारी की है। इस रिपोर्ट में अत्यंत गंभीर जल संकट वाले देशों की सूची में भारत को 13वें स्थान पर रखा गया है और इसकी जनसंख्या इस श्रेणी के अन्य 16 देशों की जनसंख्या से तीन गुना से अधिक है। इस रिपोर्ट में जल संकट की पहचान करने के लिये 13 संकेतकों का इस्तेमाल किया गया, जिनमें भूजल भंडार और उसमें लगातार आ रही कमी प्रमुख थी।
- **बिहार के दो मेधावी युवाओं का चयन रूस के कजान सिटी में होने वाले 'वर्ल्ड स्किल्स कम्पीटिशन-2019' के लिये किया गया। पटना निफ्ट में फैशन टेक्नोलॉजी की छात्रा मेधा देवगन और गोपालगंज के छात्र अंकित आनंद इस छह दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि विश्व स्तरीय कौशल प्रतियोगिता में पहली बार बिहार को प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।**
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 8 अगस्त को राष्ट्रपति भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में नानाजी देशमुख (मरणोपरांत), डॉ. भूपेन्द्र कुमार हजारिका (मरणोपरांत) और पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न से सम्मानित किया। इससे पहले वर्ष 2015 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (BHU) के संस्थापक मदन मोहन मालवीय को भारत रत्न से नवाजा गया था। भारत रत्न से सम्मानित होने वालों को एक ताम्र पदक दिया जाता है। पीपल के पत्ते के आकार के ताम्र पदक पर प्लेटिनम का चमकता सूर्य बना होता है, जिसके नीचे चाँदी से "भारत रत्न" लिखा रहता है। इस सम्मान के साथ कोई नकद धनराशि नहीं दी जाती। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
- हर साल देश में 8 अगस्त का दिन अगस्त क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें स्वाधीनता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि दी जाती है। इस वर्ष अगस्त क्रांति की 77वीं वर्षगाँठ मनाई गई। 8 अगस्त, 1942 का दिन भारतीय इतिहास में आजादी की अंतिम लड़ाई के ऐलान के रूप में याद किया जाता है। इसी दिन बंबई (अब मुंबई) के ग्वालिया टैंक मैदान पर अखिल भारतीय कॉन्ग्रेस महासमिति ने एक प्रस्ताव पारित किया था जिसे भारत छोड़ो प्रस्ताव कहा गया। महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए भारत छोड़ो आंदोलन (Quit India Movement) की नींव इसी दिन रखी गई थी। आजादी के बाद से ही इस दिन को क्रांति दिवस तथा बंबई (अब मुंबई) के जिस मैदान में झंडा फहराकर इसकी शुरुआत की गई थी, उसे क्रांति मैदान के नाम से जाना जाता है।
- 9 अगस्त को दुनियाभर में विश्व मूल निवासी दिवस (World Indigenous People's Day) मनाया जाता है। मूल निवासियों के मानवाधिकारों को लागू करने और उनके संरक्षण के लिये 1982 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने एक कार्यदल United Nations Working Group on Indigenous Populations (UNWGIP) का गठन किया, जिसकी पहली बैठक 9 अगस्त, 1982 को हुई थी। इसलिये प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को विश्व मूल निवासी दिवस का आयोजन किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 9 अगस्त, 1994 को जिनेवा में विश्व के मूल निवासी प्रतिनिधियों का प्रथम अंतर्राष्ट्रीय मूल निवासी दिवस सम्मेलन आयोजित किया।
- यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स के वैज्ञानिकों ने विश्व का सबसे बारीक (पतला) सोना तैयार किया है जो केवल 2 अणुओं के बराबर पतला है। यह सोना सामान्य मनुष्य के नाखून से 10 लाख गुना पतला है। वैज्ञानिकों ने इस सोने की मोटाई 0.47 नैनोमीटर मापी है। इस पदार्थ को 2D बताया गया है क्योंकि इसमें एक के ऊपर एक अणुओं की 2 परतें हैं।
- केंद्र सरकार ने फेम इंडिया योजना के दूसरे चरण के तहत राज्यों में 5595 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार फेम इंडिया योजना के तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिये सब्सिडी देती है। यह योजना फेम इंडिया-1 का विस्तारित संस्करण है। फेम इंडिया-1 योजना 1 अप्रैल, 2015 को लागू की गई थी।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- 7 अगस्त को देशभर में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का आयोजन किया गया। इस बार पाँचवां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया। 29 जुलाई, 2015 को भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया था। 7 अगस्त की तारीख का चयन भारत की आजादी की लड़ाई में इसके विशेष महत्त्व को देखते हुए किया गया। वर्ष 1905 में इसी दिन कोलकाता के टाउनहॉल में एक जनसभा में स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक रूप से शुरुआत हुई थी। भारत सरकार ने इसी की याद में 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में घोषित किया है।
- राजस्थान सरकार ने राज्य में उच्च शिक्षा के नए मॉडल की शुरुआत की है। इसे Resource Assistance for Colleges with Excellence (RACE) नाम दिया गया है। इस मॉडल के तहत सरकारी कॉलेजों में फैकल्टी तथा चल संपत्ति के समान वितरण पर बल दिया जाएगा तथा संसाधनों का अधिकतम उपयोग संभव हो सकेगा।
- डिजिटल इंडिया के तहत किसानों को तकनीक से जोड़ने के लिये पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा कृषि मंत्रालय ने मेघदूत मोबाइल एप लॉन्च किया है। यह एप किसानों को उनके क्षेत्र के अनुसार कृषि और मवेशियों के लिये मौसम आधारित सलाह स्थानीय भाषा में देगा। इससे पहले किसानों के लिये किसान सुविधा एप और पूसा कृषि मोबाइल एप लाया जा चुका है। किसान सुविधा एप पर मौसम, बाज़ार मूल्य, बीज, उर्वरक, कीटनाशक और कृषि मशीनरी के बारे में जानकारी मिलती है, जबकि पूसा कृषि मोबाइल एप भारतीय कृषि शोध संस्थान के द्वारा लाई गई नई तकनीकों के बारे में बताता है।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा खरीद परिषद (Defence Acquisition Council-DAC) ने भारतीय नौसेना के लिये स्वदेशी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो (SDR VsfDVdy) तथा अगली पीढ़ी की मेरीटाइम मोबाइल तटीय बैटरी (NGMMCB लंबी दूरी) की खरीद की मंज़ूरी दी। SDR एक जटिल और अत्याधुनिक संचार प्रणाली है, जिसे देश में ही DRDO, BEL तथा वेपन इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम इंजीनियरिंग स्टैब्लिशमेंट (WESE) द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया है। NGMMCB भारत और रूस के संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित और निर्मित है।
- सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय ने 'रोज़गार समाचार' का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण ई-रोज़गार समाचार शुरू किया है। इसका उद्देश्य युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित सरकारी क्षेत्र में रोज़गार के अवसरों के बारे में जानकारी देना है।
- 66वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है। बेस्ट हिंदी फिल्म का अवॉर्ड 'अंधाधुन' को दिया गया है। आयुष्मान खुराना और तब्बू स्टारर इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। इसके अलावा फिल्म "पद्मावत" को बेस्ट कोरियोग्राफी और इसी फिल्म के लिये बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का अवॉर्ड संजय लीला भंसाली को मिला है। बेस्ट एंटरटेनमेंट फिल्म का अवॉर्ड 'बधाई हो' को दिया गया है। बेस्ट एक्टर अवॉर्ड आयुष्मान खुराना (बधाई हो) और विकी कौशल (उड़ी: द सर्जिकल स्ट्राइक) को तथा बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड कीर्ति सुरेश (महानती) को मिला है। मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट के लिये उत्तराखंड को अवॉर्ड दिया गया है। भारत सरकार के फिल्म समारोह निदेशालय द्वारा दिये जाने वाले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों की शुरुआत वर्ष 1954 में की गई थी।
- मणिपुर सरकार ने 9 साल की लड़की एलंगबाम वैलेंटिना को राज्य का ग्रीन एम्बेसडर नियुक्त किया है, जो पेड़ काटे जाने पर रोने लगी थी और उसके रोने का वीडियो वायरल हुआ था।
- विश्वभर में 12 अगस्त का दिन अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम ट्रांसफॉर्मिंग एजुकेशन (Transforming Education) रखी गई है। पहली बार वर्ष 2000 में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया था। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1985 को अंतर्राष्ट्रीय युवा वर्ष घोषित किया गया था। भारत में प्रतिवर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।
- 8 और 9 अगस्त को मेघालय की राजधानी शिलांग में भारत सरकार तथा मेघालय सरकार के सहयोग से प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने ई-शासन पर 22वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का विषय था- डिजिटल इंडिया: सफलता से उत्कृष्टता। सम्मेलन के पश्चात ई-शासन पर शिलांग घोषणापत्र को स्वीकार किया गया।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में गोवंश की रक्षा के लिये गौ कल्याण योजना की शुरुआत की है। इसका नाम मुख्यमंत्री बेसहारा गौवंश सहभागिता योजना रखा गया है। सरकार ने इस नई योजना के पहले चरण के लिये 109 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है। पहले चरण में सरकार, सरकारी गोशालाओं की एक लाख गायों को उन किसानों या ऐसे लोगों को सौंपेगी, जो इनकी देखभाल करने के लिये तैयार हैं। जो व्यक्ति इन गौवंश की देखभाल करेगा, उसे एक गाय के लिये प्रतिदिन 30 रुपए दिये जाएंगे यानी प्रदेश सरकार हर महीने ऐसे व्यक्ति के बैंक खाते में 900 रुपए जमा करेगी।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- 10 अगस्त को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री कृषि आशीर्वाद योजना लॉन्च की। झारखंड सरकार ने प्रदेश के किसानों की आमदनी बढ़ाने हेतु इस योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत राज्य के सभी लघु एवं सीमांत किसान, जिनके पास अधिकतम 5 एकड़ तक कृषि योग्य भूमि है, उन्हें 5000 रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष की दर से सहायता अनुदान दिया जाएगा।
- सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों- इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम ने देश के 100 शहरों में इस्तेमाल हो चुके खाना पकाने के तेल से बने बॉयो-डीज़ल को खरीदने के लिये एक कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के तहत तीनों तेल विपणन कंपनियाँ इस्तेमाल हो चुके खाद्य तेल से बॉयो-डीजल बनाने के लिये संयंत्रों की स्थापना हेतु निजी इकाइयों से अभिरुचि पत्र आमंत्रित करेंगी। इसके अलावा खाद्य तेल के पुनः इस्तेमाल का स्टिकर एवं इस्तेमाल हो चुके खाना पकाने के तेल को एकत्र करने को लेकर एक मोबाइल एप भी शुरू किया गया है।
- 12 अगस्त को दुनियाभर में विश्व हाथी दिवस का आयोजन किया जाता है। आधिकारिक रूप से पहला विश्व हाथी दिवस 12 अगस्त, 2012 को आयोजित किया गया था। हाथियों के संरक्षण के लिये वर्ष 1992 में भारत में प्रोजेक्ट एलीफैंट की शुरुआत की गई थी। हाथी भारत का राष्ट्रीय विरासत पशु भी है, एशियाई हाथी की महत्ता को रेखांकित करने के लिये वर्ष 2010 में इसे यह दर्जा दिया गया था।
- सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2018-19 के लिये पश्चिम बंगाल की विकास दर 12.58 प्रतिशत रही, जो देश में सर्वाधिक है। पश्चिम बंगाल के बाद दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश है जिसकी आर्थिक वृद्धि दर 11.02 प्रतिशत रही। वित्त वर्ष 2017-18 में भी आंध्र प्रदेश की विकास दर का आँकड़ा लगभग इतना ही था। **इसी तरह तीसरे स्थान पर बिहार ने 10.53 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है। वित्त वर्ष 2017-18 में भी बिहार की विकास दर दहाई अंकों में थी।**
- हाल ही में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) किरेन रिजीजू ने वर्ष 2016-17 के लिये राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्रदान किये। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के युवा मामले विभाग द्वारा दिये जाने वाले इन पुरस्कारों का उद्देश्य युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय विकास एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्टता अर्जित करने के लिये प्रेरित करना तथा युवाओं में समुदाय के प्रति ज़िम्मेदारी की भावना विकसित करना है। एकल पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाणपत्र और 50 हज़ार रुपए की पुरस्कार राशि दी जाती है। युवा संगठन को दिये जाने वाले पुरस्कार में एक पदक, एक प्रमाणपत्र और 2 लाख रुपए की पुरस्कार राशि होती है।
- ऐश्वर्या पिस्से मोटर स्पोर्ट्स में विश्व पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। उन्होंने हंगरी के वरपालोटा में फेडरेशन इंटरनेशनल द मोटरसाइकिल चौंपियनशिप के फाइनल में महिलाओं की श्रेणी में FIM विश्व कप में जीत हासिल कर इतिहास रचा।
- 73वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल जीवन मिशन शुरू करने का ऐलान किया। इस मिशन के तहत हर घर में पाइप के जरिये पानी पहुँचाने का लक्ष्य है और सरकार इस पर साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी। जल-जीवन मिशन के लिये केंद्र और राज्य सरकारें साथ मिलकर काम करेंगे। उल्लेखनीय सरकार ने वर्ष 2024 तक हर घर में नल के ज़रिये पानी पहुँचाने का लक्ष्य रखा है।
- 16 राज्यों की सरकारों ने वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिये योजना- समर्थ (SCBTS) को आगे ले जाने के लिये वस्त्र मंत्रालय के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किये हैं। इस योजना के अंतर्गत मंत्रालय के साथ साझेदारी करने के लिये 18 राज्यों ने सहमति दी थी। यह कार्यक्रम कताई और बुनाई के अलावा वस्त्र क्षेत्र की पूरी मूल्य श्रृंखला को कवर करता है।
- उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग ने हाल ही में 4 नये भौगोलिक संकेतकों (GI) को पंजीकृत किया है। तमिलनाडु के डिंडीगुल ज़िले के पलानी शहर के पलानीपंचामिर्थम, मिज़ोरम के तल्लोहपुआन एवं मिजोपुआनचेई और केरल के तिरुर के पान के पत्ते को पंजीकृत GI की सूची में शामिल किया गया है। डिंडीगुल ज़िले के पलानी शहर की पलानी पहाड़ियों में अवस्थित अरुल्मिगु धान्दयुथापनी स्वामी मंदिर के पीठासीन देवता भगवानधान्दयुथापनी स्वामी के अभिषेक से जुड़े प्रसाद को पलानीपंचामिर्थम कहते हैं। पहली बार तमिलनाडु के किसी मंदिर के प्रसादम को GI टैग दिया गया है। तवलोहपुआन मिज़ोरम का एक भारी, अत्यंत मज़बूत एवं उत्कृष्ट वस्त्र है जो तने हुए धागे, बुनाई और जटिल डिजाइन के लिये जाना जाता है। इसे हाथ से बुना जाता है। मिज़ो भाषा में तवलोह का मतलब एक ऐसी मज़बूत चीज होती है जिसे पीछे नहीं खींचा जा सकता है। मिज़ोपुआनचेई मिज़ोरम का एक रंगीन मिज़ो शॉल/वस्त्र है जिसे मिज़ो वस्त्रों में सबसे रंगीन माना जाता है। मिज़ोरम की प्रत्येक महिला का यह एक अनिवार्य वस्त्र है और यह इस राज्य में विवाह के अवसर पर पहने जाने वाली महत्त्वपूर्ण पोशाक है। केरल के तिरुर के पान के पत्ते की खेती मुख्यतः तिरुर, तनूर, तिरुरांगडी, कुट्टिपुरम, मलप्पुरम और मलप्पुरम ज़िले के वेंगारा प्रखंड की पंचायतों में की जाती है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- सभी फॉरमेट्स में टीम इंडिया के क्रिकेट कप्तान विराट कोहली एक दशक यानी 10 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन बनाने वाले विश्व के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वेस्ट इंडीज के खिलाफ हालिया वन-डे सीरीज में अपने वन-डे करियर का 43वाँ शतक लगाकर उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।
- नरेंद्र मोदी के दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिये एक बार फिर भूटान को चुना। इस दौरान भारत और भूटान के बीच 10 विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए।
  - भूटान में दक्षिण एशिया उपग्रह के इस्तेमाल के लिये इसरो के सहयोग के साथ विकसित सैटकॉम नेटवर्क और ग्राउंड अर्थ स्टेशन की शुरुआत भी की गई।
  - मांगदेछू पनबिजली ऊर्जा संयंत्र की शुरुआत की और भारत-भूटान पनबिजली सहयोग के पाँच दशक पूरे होने के उपलक्ष्य में डाक टिकट भी जारी किया गया।
  - भारत के नेशनल नॉलेज नेटवर्क और भूटान के ड्रुक रिसर्च एंड एजुकेशन नेटवर्क के बीच अंतर-संपर्क की ई-वॉल का भी अनावरण किया गया। भूटान में रुपे कार्ड की शुरुआत की गई।
- 19 अगस्त का दिन दुनियाभर में विश्व फोटोग्राफी दिवस के तौर पर मनाया जाता है। फ्राँसीसी वैज्ञानिक लुईस जेक्स और मेंडे डाग्युरे ने सबसे पहले वर्ष 1839 में फोटो तत्व की खोज की थी। वर्ष 1839 में ही वैज्ञानिक सर जॉन एफ.डब्ल्यू. हश्रेल ने पहली बार "फोटोग्राफी" शब्द का इस्तेमाल किया था। ब्रिटिश वैज्ञानिक विलियम हेनरी फॉक्सटेल बोट ने निगेटिव-पॉजीटिव प्रोसेस का आविष्कार किया और वर्ष 1834 में टेल बॉट ने लाइट सेंसेटिव पेपर की खोज करके खींची गई फोटो को स्थायी रूप में रखने में मदद की। फ्राँसीसी वैज्ञानिक आर्गो की फ्रेंच अकादमी ऑफ साइंस के लिये लिखी गई एक रिपोर्ट को तत्कालीन फ्रांस सरकार ने खरीदकर 19 अगस्त, 1939 को आम लोगों के लिये फ्री घोषित कर दिया था। इसी उपलब्धि की याद में 19 अगस्त को विश्व फोटोग्राफी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।
- 19 अगस्त को दुनियाभर में विश्व मानवतावादी दिवस या विश्व मानवता दिवस (World Humanitarian Day) का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2003 में इराक की राजधानी बगदाद में इसी दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर हमला किया गया था, जिसमें 22 संयुक्त राष्ट्र कर्मी मारे गए थे। इसके बाद दिसंबर 2008 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 63वें सत्र में 19 अगस्त को विश्व मानवतावादी दिवस के रूप में नामित करने का निर्णय लिया गया था। वर्ष 2019 के लिये इस दिवस की थीम Women Humanitarians रखी गई है।
- उत्तराखंड में चारों धाम को जोड़ने वाली केंद्र सरकार की आल वेदर रोड परियोजना को सर्वोच्च न्यायालय ने मंजूरी दे दी है। चार धाम परियोजना का उद्देश्य सभी मौसम में इस पहाड़ी राज्य के चार पवित्र स्थलों- यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को जोड़ना है।
- भारत ने संयुक्त राष्ट्र के निवासी समन्वय प्रणाली के लिये विशेष उद्देश्य न्यास कोष में 10 लाख डॉलर का योगदान दिया है। इस वैश्विक निकाय का यह कोष सभी भागीदारों के योगदान तथा वित्तीय लेन-देन का पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से लेखा-जोखा रखने के लिये बनाया गया है।
- अध्यापक शिक्षा पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इस सम्मेलन की थीम जर्नी ऑफ टीचर एजुकेशन: लोकल टू ग्लोबल रखी गई थी। इसका आयोजन राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) के रजत जयंती समारोह के अंतर्गत किया गया। इसके अलावा मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 22 अगस्त को दुनिया के सबसे बड़े अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम "निष्ठा" (नेशनल इनिशिएटिव ऑन स्कूल टीचर्स हेड हॉलिस्टिक एडवांसमेंट-NISHTHA) की शुरुआत की। इस मिशन के तहत 42 लाख अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- बाल्टिक देशों से संबंधों में और मज़बूती लाने के लिये उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया का दौरा किया। यह भारत की ओर से तीन बाल्टिक देशों की पहली उच्चस्तरीय यात्रा थी। बाल्टिक राज्य या बाल्टिक देश उन बाल्टिक क्षेत्रों को कहते हैं, जिन्हें रूसी साम्राज्य से प्रथम विश्व युद्ध के समय स्वतंत्रता मिली थी। इनमें लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया आते हैं।
- भारत में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस मदन बी. लोकुर ने हाल ही में फिजी के सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश की शपथ ली। वे फिजी में अप्रवासी पैनल का हिस्सा होंगे और उनका कार्यकाल तीन साल का होगा।
- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) को महाराष्ट्र में अमरावती ज़िले के फूपगांव में हाल ही में किये गए उत्खनन में विदर्भ क्षेत्र में लौहकालीन बस्ती होने के प्रमाण मिले हैं। यह स्थल तापी की प्रमुख सहायक नदी पूर्णा नदी के विशाल घुमावदार मार्ग में स्थित है, जो बारहमासी नदी हुआ करती थी, लेकिन वर्तमान में ऊपरी धारा में बांध का निर्माण हो जाने के कारण पूरी तरह सूख चुकी है। खुदाई के दौरान, 4 पूर्ण गोलाकार संरचनाएं मिली। उत्खनन से एगेट-कारेलियन, जैस्पर, क्वाट्र्ज और एगेट जैसे- मोतियों की बड़ी मात्रा का पता चला। सभी खाइयों से लोहे, तांबे की वस्तुएं भी एकत्रित की गई हैं। बर्तनों के टूटे हुए टुकड़ों पर बड़ी मात्रा में भित्तिचित्रों के निशान मिले हैं। कालक्रमानुसार इस स्थान को 7 ईसा पूर्व और 4 ईसा पूर्व के बीच रखा जा रहा है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- 21 अगस्त को दुनियाभर में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस का आयोजन किया गया। विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस की पहली बार घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 14 दिसंबर, 1990 को की थी। इस वर्ष इस दिवस की थीम The Journey to Age Equality रखी गई है।
- आतंकी वित्त पोषण और धन शोधन के मामलों पर नजर रखने वाले FATF के एशिया-प्रशांत समूह ने पाकिस्तान को वैश्विक मानकों पर खरा उतरने में विफल रहने के चलते उसे विस्तृत काली सूची में डाल दिया है। FATF के एशिया-प्रशांत समूह ने यह पाया कि पाकिस्तान ने धन शोधन और आतंकवाद के वित्त पोषण संबंधी 40 अनुपालन मानकों में से 32 का पालन नहीं किया। विदित हो कि जून 2018 से ही पाकिस्तान FATF की 'ग्रे लिस्ट' में मौजूद है।
- केंद्रीय परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने इस वर्ष 1 दिसंबर से सभी चौपहिया वाहनों के लिये फास्टैग (FASTag) लगाना अनिवार्य करने का एलान किया है, क्योंकि सभी टोल प्लाजा की सभी लेन्स में फास्टैग से टोल लेने की व्यवस्था की जाएगी अर्थात् जिन वाहनों में फास्टैग लगा होगा, वह किसी भी लेन से बिना रुके टोल गेट पार कर सकेंगे। फास्टैग एक रिचार्ज़ेबल कार्ड है जिसमें रेडियो फ्रिक्वेंसी आईडेंटिफिकेशन (RFID) तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है। फास्टैग लगी कार जब टोल प्लाजा पर पहुँचेगी तो एक डिवाइस से संपर्क में आने के बाद टोल टैक्स अपने आप कट जाएगा और चालक बिना रुके टोल प्लाजा पार कर लेगा।
- दयालुता पर पहले विश्व युवा सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। यूनेस्को, महात्मा गांधी शांति और सतत् विकास शिक्षा संस्थान और मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने संयुक्त रूप से इस सम्मेलन का आयोजन किया।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने 23 अगस्त को नई दिल्ली में सेवानिवृत्ति-पूर्व परामर्श कार्यशाला और अनुभव पुरस्कार, 2019 प्रदान किये। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री के आह्वान पर अनुभव पोर्टल तैयार किया गया था, जिसका उद्देश्य सेवानिवृत्त अधिकारियों के समृद्ध अनुभवों को डिजिटल रूप में संरक्षित करना है। वर्ष 2016 में पुरस्कार योजना शुरू की गई। वर्ष 2016 से हर साल वार्षिक समारोहों का आयोजन भी होने लगा। यह इस श्रृंखला का चौथा वार्षिक पुरस्कार है।
- मंगल ग्रह के बाद अब वैज्ञानिक बृहस्पति (जुपिटर) ग्रह पर जीवन की संभावनाओं की तलाश करने में लगे हैं। बृहस्पति ग्रह के चंद्रमा पर जीवन का पता लगाने के लिये अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (NASA) ने अपने यूरोपा क्लिपर मिशन के अगले चरण की जानकारी दी है। इसके तहत नासा वर्ष 2023 में Europa Clipper Spacecraft अंतरिक्ष में भेजेगा।
- रूस ने 22 अगस्त को 'सोयूज एमएस-14' अंतरिक्ष यान के जरिये एक मानवरहित रॉकेट अंतरिक्ष में भेजा था जो अपने साथ मनुष्य जैसा दिखने वाला एक आदमकद रोबोट FEDOR लेकर गया था। FEDOR का पूरा नाम Final Experimental Demonstration Object Research है। इसकी लंबाई पाँच फीट 11 इंच है और इसका वज़न 160 किलोग्राम है। इस रोबोट के अंतरिक्ष में भेजने का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (ISS) में अंतरिक्ष यात्रियों की मदद करने के लिये 10 दिन का प्रशिक्षण देना था। लेकिन यह रोबोट पहले प्रयास में ISS के साथ डॉकिंग नहीं कर पाया।
- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रह्लाद सिंह पटेल ने नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय के सभागार में आयोजित एक समारोह में "द डायरी ऑफ मनु गांधी" (1943-44) पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस के सहयोग से प्रकाशित की गई है। "द डायरी ऑफ मनु गांधी" मूल रूप से गुजराती में संपादित की गई है।
- भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चौंपियनशिप (BWF) में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। स्विट्जरलैंड के बासेल में खेले गए फाइनल में उन्होंने जापान की नोजोमी ओकुहारा को पराजित किया। वर्ल्ड चौंपियनशिप में यह उनका पाँचवां मेडल है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्राँस के बियारेत्ज में G-7 देशों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। G-7 सात विकसित देशों का समूह है जिसमें ब्रिटेन, कनाडा, फ्राँस, जर्मनी, इटली, जापान और अमेरिका शामिल हैं। भारत G-7 का सदस्य नहीं है, लेकिन नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।
- भारतीय तीरंदाज कोमालिका बारी ने स्पेन के मेड्रिड में आयोजित हुई विश्व युवा तीरंदाजी चौंपियनशिप के रिकर्व कैडेट वर्ग के फाइनल में उच्च रैंकिंग वाली जापान की सोनोदा वाका को हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। जमशेदपुर की 17 वर्षीय कोमालिका अंडर-18 वर्ग में विश्व चौंपियन बनने वाली भारत की दूसरी तीरंदाज बन गई हैं। उनसे पहले दीपिका कुमारी ने वर्ष 2009 में यह खिताब जीता था।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में 2018-19 के लिये विभिन्न श्रेणियों में पोषण अभियान पुरस्कार प्रदान किये। यह पुरस्कार राज्यों, ज़िला, ब्लॉक स्तर पर तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रदान किये गए। पोषण अभियान कई मंत्रालयों के समन्वित प्रयास से चलाया जाता है और इसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक देश से कुपोषण दूर करना है।
- केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने नई दिल्ली आयोजित होमलैंड सिक्योरिटी 2019 सम्मेलन में स्मार्ट पुलिसिंग पुरस्कार प्रदान किये।
- उत्तराखंड और देश की पहली महिला DGP कंचन चौधरी भट्टाचार्य का मुंबई में 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। 1973 बैच की महिला IPS अधिकारी कंचन चौधरी भट्टाचार्य ने वर्ष 2004 में उस वक्त यह उपलब्धि हासिल की थी जब वह उत्तराखंड की पुलिस महानिदेशक बनीं। 31 अक्तूबर, 2007 को वे पुलिस महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हुईं। किरण बेदी के बाद कंचन चौधरी भट्टाचार्य देश की दूसरी महिला IPS अधिकारी थीं। इनके जीवन से प्रेरणा लेकर दूरदर्शन पर एक सीरियल 'उड़ान' भी प्रसारित हो चुका है।
- 29 अगस्त, 2019 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिट इंडिया अभियान लॉन्च किया। इसका उद्देश्य देश में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। 'फिट इंडिया अभियान' को सफल बनाने के लिये केंद्र सरकार के कई मंत्रालय आपसी तालमेल से काम करेंगे। इनमें खेल मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्रालय शामिल हैं। यह अभियान करीब चार साल तक चलेगा। इसके तहत हर साल फिटनेस को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा। पहले साल शारीरिक फिटनेस, दूसरे साल खाने की आदतें, तीसरे साल पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली और चौथे साल रोगों से दूर रहने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। यह अभियान गाँव और पंचायत स्तर से शुरू होकर खंड, ज़िला और राज्यों के स्तर पर चलेगा।
- 29 अगस्त के दिन हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद की जयंती को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। दूसरे विश्व युद्ध से पहले ध्यानचंद ने 1928 (एम्सटर्डम), 1932 (लॉस एंजेलस) और 1936 (बर्लिन) में लगातार तीन ओलंपिक खेलों में भारत भारत का प्रतिनिधित्व किया और तीनों बार देश को स्वर्ण पदक दिलाया। उन्हें 1956 में पद्मभूषण से समानित किया गया था।
- देश के प्रतिष्ठित डूरंड कप फुटबॉल के फाइनल में पहली बार खेल रहे गोकुलम केरल ने मोहन बागान को 2-1 से पराजित कर दिया। कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए डूरंड कप के 129वें संस्करण के फाइनल मैच में गोकुलम के लिये दोनों गोल त्रिनिदाद के फॉरवर्ड मार्कस जोसफ ने किये। केरल की किसी टीम ने 22 साल बाद एशिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता के खिताब को अपने नाम किया है।
- मानसी जोशी ने स्विट्ज़रलैंड के बासेल में विश्व पैरा बैडमिंटन चौंपियनशिप के महिला एकल एसएल-3 फाइनल में अपने ही देश की पारुल परमार को 21-12, 21-7 से हराकर खिताब जीता।
- केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) ने 50 करोड़ रुपए से अधिक की बैंक धोखाधड़ी की जाँच एवं कार्रवाई के विषय में सिफारिश के लिये बैंकिंग धोखाधड़ी से संबंधित सलाहकार बोर्ड (Advisory Board for Banking Frauds-ABBF) का गठन किया है। विदित हो कि पहले इस समिति को बैंक, वाणिज्यिक और वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित सलाहकार बोर्ड कहा जाता था। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 50 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी के मामले बोर्ड को भेजेंगे। पूर्व सतर्कता आयुक्त टी.एम. भसीन की अध्यक्षता वाले इस बोर्ड में पूर्व शहरी विकास सचिव मधुसूदन प्रसाद, सीमा सुरक्षा बल के पूर्व महानिदेशक डी.के. पाठक और आंध्र बैंक के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं ब्म्ठ सुरेश एन. पटेल को सदस्य बनाया गया है।
- 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद जयंती के दिन राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में वर्ष 2019 के लिये राष्ट्रीय खेल और साहसिक पुरस्कार प्रदान किये।

**पुरस्कार विजेताओं की सूची**

1. राजीव गांधी खेल रत्नः बजरंग पूनिया (कुश्ती) और दीपा मलिक (पैरा एथलेटिक्स)
2. द्रोणाचार्य अवॉर्ड (नियमित): विमल कुमार (बैडमिंटन), संदीप गुप्ता (टेबल टेनिस) और मोहिंदर सिंह ढिल्लों (एथलेटिक्स)
3. द्रोणाचार्य अवॉर्ड (लाइफटाइम अचीवमेंट): मरजबान पटेल (हॉकी), रामबीर सिंह खोखर (कबड्डी) और संजय भारद्वाज (क्रिकेट)
4. अर्जुन पुरस्कार: तजिंदर पाल सिंह तूर (एथलेटिक्स), मोहम्मद अनस यहिया (एथलेटिक्स), एस. भास्करन (बॉडी बिल्डिंग), सोनिया लाठर (मुक्केबाजी), रवींद्र जडेजा (क्रिकेट), पूनम यादव (क्रिकेट), चिंगलेनसाना सिंह कंगुजम (हॉकी), अजय ठाकुर (कबड्डी), गौरव सिंह गिल (मोटर स्पोर्ट्स), प्रमोद भगत (पैरा


Copyright – Drishti The Vision Foundation

स्पोर्ट्स- बैडमिंटन), अंजुम मुद्गिल (निशानेबाजी), हरमीत राजुल देसाई (टेबल टेनिस), पूजा ढांडा (कुश्ती), फवाद मिर्जा (घुड़सवारी), गुरप्रीत सिंह संधू (फुटबॉल), स्वप्ना बर्मन (एथलेटिक्स), सुंदर सिंह गुर्जर (पैरा स्पोर्ट्स- एथलेटिक्स), बी. साई प्रणीत (बैडमिंटन) और सिमरन सिंह शेरगिल (पोलो)

5. ध्यानचंद अवॉर्ड: मैनुअल फ्रेडरिक्स (हॉकी), अरूप बसाक (टेबल टेनिस), मनोज कुमार (कुश्ती), नितिन कीर्तने (टेनिस) और सी. लालरेमसांगा (तीरंदाजी)
6. राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार: गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन और गो स्पोर्ट्स और रॉयलसीमा विकास ट्रस्ट
7. मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी: पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़
8. तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार: अपर्णा कुमार (भू-साहस), स्वर्गीय दीपांकर घोष (भू- साहस), मणिकंदन के (भू-साहस), प्रभात राजू कोली (जल साहस), रामेश्वर जांगड़ा (वायु साहस), वांगचुक शेरपा (लाइफटाइम अचीवमेंट)

- आर्थिक सुधारों को तेज़ी देने के क्रम में भारत सरकार ने 10 और बैंकों का आपस में विलय करने का फैसला किया है। देश में विश्वस्तरीय बैंक बनाने की दिशा में बड़ी पहल करते हुए सरकार ने चार बड़े बैंक बनाने की घोषणा की है। बैंकों के इस विलय के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या कुल 12 रह जाएगी। ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का विलय पंजाब नेशनल बैंक में किया जाएगा और यह देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बन जाएगा। कुछ समय पहले हुए विजया बैंक, और देना बैंक के विलय से बैंक ऑफ बड़ौदा देश का तीसरा बड़ा बैंक बन गया है। अब सिंडिकेट बैंक के विलय के बाद केनरा बैंक देश का चौथा सबसे बड़ा बैंक बनेगा। आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक के विलय से यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पाँचवां सबसे बड़ा बैंक होगा। बैंक ऑफ इंडिया छठे नंबर पर है। इलाहाबाद बैंक के इंडियन बैंक में विलय के बाद यह सातवाँ सबसे बड़ा बैंक बनेगा। इसके बाद सेंट्रल बैंक आठवें नंबर पर, इंडियन ओवरसीज बैंक नौवें स्थान पर तथा यूको बैक 10वें नंबर पर है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पंजाब एंड सिंध बैंक क्रमश: 11वें और 12वें नंबर पर है।
- असम में बहुप्रतीक्षित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (NRC) की अंतिम सूची 31 अगस्त को ऑनलाइन जारी कर दी गई, जिसमें 19 लाख से अधिक लोगों को जगह नहीं मिली है। अपनी नागरिकता के संबंध में आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत न कर पाने वाले 19,06,657 लोगों को इस सूची से बाहर रखा गया है।
- केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हरदीप सिंह पुरी ने परिवर्तित प्रबंधन के लिये एक अभियान अंगीकार और भारत की अतिसंवेदनशीलता एटलस (Vulnerability Atlas of India) पर ई-कोर्स की शुरुआत की। 'अंगीकार' में पीएमएवाई(यू) के तहत बनाए गए घरों के लाभार्थियों के लिये जल एवं ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, स्वास्थ्य, वृक्षारोपण, सफाई एवं स्वच्छता जैसे मुद्दों पर सामुदायिक जुटाव और IEEC गतिविधियों के माध्यम से ध्यान केंद्रित किया जाएगा। 'अंगीकार' का लक्ष्य चरणबद्ध तरीके से मिशन के सभी लाभार्थियों तक पहुँचना है।
- योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, नई दिल्ली और भवन निर्माण सामग्री एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद के सहयोग से आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने अतिसंवेदनशीलता एटलस पर ई-कोर्स की पेशकश की है। यह एक ऐसा कोर्स है, जो प्राकृतिक खतरों के बारे में जागरुकता एवं समझ प्रदान करता है।

## जुलाई 2019

- 1 जुलाई को देश भर में डॉक्टर्स डे का आयोजन किया जाता है। विख्यात चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की याद में यह दिवस मनाया जाता है।
- 1 जुलाई को देशभर में जी.एस.टी. दिवस का आयोजन किया जाता है। गौरतलब है कि 30 जून, 2017 की मध्य रात्रि में संसद के केंद्रीय कक्ष में इस नई टैक्स व्यवस्था का ऐलान किया गया था। इसे भारतीय टैक्स सिस्टम में अभूतपूर्व सुधार माना जाता है।
- 29 जून को अर्थशास्त्र व सांख्यिकी के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रो. पी.सी. महालनोबिस के जन्मदिन पर 13वाँ सांख्यिकी दिवस मनाया गया। इस वर्ष इस दिवस की थीम सतत् विकास लक्ष्य (SDG) रखी गई है। पी.सी. महालनोबिस प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद् थे।
- 30 जून को दुनियाभर में संसदीयता का अंतर्राष्ट्रीय दिवस (International Day of Parliamentarism) का आयोजन किया जाता है। 30 जून को यह दिवस इसलिये मनाया जाता है क्योंकि वर्ष 1889 में इसी दिन संसदों के वैश्विक संगठन Inter-Parliamentary Union यानी अंतर-संसदीय संघ की स्थापना हुई थी। IPU का मुख्यालय जिनेवा में है और इसके 164 सदस्य तथा 10 संबद्ध सदस्य हैं।
- नेपाल सरकार ने एक सप्ताह तक चले आंदोलन के बाद नेशनल असेंबली में प्रस्तुत विवादास्पद गुथी (न्यास) विधेयक को औपचारिक रूप से वापस ले लिया। गुथी अधिनियम में संशोधन के लिये रखे गए इस विधेयक के तहत सार्वजनिक और निजी दोनों प्रकार की गुथियों का राष्ट्रीयकरण किया जाना तथा एक शक्तिशाली आयोग के माध्यम से सभी धार्मिक स्थलों को विनियमित किया जाना प्रस्तावित था।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- केंद्र सरकार ने जल संकट से निपटने और देश में पानी की कमी का सामना करने के लिये 1 जुलाई से जल शक्ति अभियान की शुरूआत की है। इसमें वर्षा के पानी के संचय और संरक्षण के प्रयास किये जाएंगे। इस अभियान में 800 आई.ए.एस. अधिकारियों की मदद ली जाएगी, जिनमें संयुक्त सचिव से लेकर अतिरिक्त सचिव रैंक तक के अधिकारी शामिल होंगे। इस अभियान में अंतरिक्ष, पेट्रोलियम और रक्षा क्षेत्र से भी अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। 1 अक्तूबर, 2019 से 30 नवंबर, 2019 तक उत्तर-पूर्व मानसून वाले राज्य इसमें शामिल होंगे। जल शक्ति और ग्रामीण विकास मंत्रालय मिलकर यह अभियान संचालित कर रहे हैं।
- उत्तर प्रदेश सरकार ने 17 पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल कर लिया है। इन जातियों में कहार, कश्यप, केवट, मल्लाह, निषाद, कुम्हार, प्रजापति, धीवर, बिन्द, भर, राजभर, धीमर, बाथम, तुरहा, गोड़िया, माझी और मछुआ शामिल हैं। प्रदेश सरकार के इस फैसले के बाद राज्यपाल ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम 1994 की धारा-13 के अधीन शक्ति का प्रयोग करते हुए अधिनियम की अनुसूची-1 में ज़रूरी संशोधन किया है।
- 1 जुलाई को देशभर में चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस यानी CA डे का आयोजन किया जाता है। वर्ष 1949 में इसी दिन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की स्थापना की गई थी। ICAI को संसद द्वारा पारित अधिनियम के तहत स्थापित किया गया था। ICAI देश की राष्ट्रीय प्रोफेशनल अकाउंटिंग संस्था है, जो अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक अकाउंटेंट्स के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अकाउंटिंग संस्था है। ICAI का आधिकारिक प्रतीक चिह्न गरुड़ है।
- राजस्थान में बीकानेर ज़िले के कालू पुलिस थाने को केंद्रीय गृह मंत्रालय की रैंकिंग में पहला स्थान मिला है। दूसरे स्थान पर अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के निकोबार ज़िले में स्थित कैंपबेल पुलिस थाना तथा तीसरे स्थान पर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद ज़िले का फरक्का पुलिस थाना है।
- UK में टाटा समूह की रसायन बनाने वाली इकाई औद्योगिक स्तर पर देश की पहली कार्बन कैप्चर परियोजना बनाने पर काम कर रही है। नॉर्थविच, इंग्लैंड में 16.7 मिलियन पाउंड (21 मिलियन डॉलर) लागत वाली यह परियोजना वर्ष 2021 में काम करना शुरू कर सकती है। यह परियोजना इस मायने में अलग होगी क्योंकि इसमें $CO_2$ को भूमिगत स्टोर करने के बजाय अन्य घटक में परिवर्तित कर इसका इस्तेमाल किया जाएगा।
- लेखक अमीश त्रिपाठी को लंदन स्थित नेहरू सेंटर का निदेशक नियुक्त किया गया है। यह केंद्र भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) के तहत आता है। 'सीक्रेट ऑफ द नागा' और 'सीता- वॉरियर ऑफ मिथिला' जैसी पुस्तकों के लेखक अमीश त्रिपाठी, श्रीनिवास गोत्रु की जगह लेंगे, जिनका चार साल का कार्यकाल इस वर्ष की शुरुआत में समाप्त हो गया था। लंदन में नेहरू सेंटर की स्थापना वर्ष 1992 में की गई थी।
- भारत सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) की परिषद में भारत के प्रतिनिधि के रूप में शेफाली जुनेजा को तीन साल की अवधि के लिये नियुक्त किया है। ICAO में 36 देशों का प्रतिनिधित्व है और इसका गठन 1944 में अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन पर शिकागो कन्वेंशन के तहत किया गया था। इसका मुख्यालय मॉन्ट्रियल, कनाडा में है।
- अमेरिकी सीनेट ने भारत को नाटो देशों जैसा दर्जा देने वाले विधेयक को मंज़ूरी दे दी है। अब रक्षा संबंधों के मामले में अमेरिका भारत के साथ नाटो के अपने सहयोगी देशों, इज़राइल और दक्षिण कोरिया के समान डील करेगा। वित्त वर्ष 2020 के लिये नेशनल डिफेंस ऑथराइजेशन एक्ट में संशोधन को अमेरिकी सीनेट ने मंज़ूरी दे दी है। ज्ञातव्य है कि नाटो (North Atlantic Treaty Organization–NATO) एक सैन्य गठबंधन है और इसका मुख्यालय बेल्जियम के ब्रसेल्स में स्थित है। अमेरिका की अगुवाई में नाटो की स्थापना शीतकालीन युद्ध के दौर में 4 अप्रैल, 1949 को हुई थी।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने 50 से अधिक पहलों की मदद से उच्च शिक्षा में बदलाव लाने के लिये शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन और समावेशन कार्यक्रम या एजुकेशन क्वालिटी अपग्रेडेशन एंड इंक्लूजन प्रोग्राम (EQUIP) नामक पाँच वर्षीय विज़न प्लान जारी किया है। इस विज़न में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात को दोगुना करने और भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों में भौगोलिक और सामाजिक रूप से मुश्किल पहुँच को आसान बनाने, शिक्षा की गुणवत्ता को वैश्विक मानकों के अनुरूप लाकर टॉप 1000 वैश्विक विश्वविद्यालयों में 50 भारतीय संस्थानों को स्थान दिलाने जैसे विभिन्न लक्ष्यों को निर्धारित किया गया है।
- कृषि सुधारों के लिये एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है, जिसका संयोजक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस को बनाया गया है। समिति में कर्नाटक, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के अलावा केंद्रीय कृषि, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर सदस्य होंगे। यह समिति राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में सुधारों को अपनाने एवं समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन के उपायों के बारे में सुझाव देगी।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- ओडिशा के जगन्नाथ पुरी में 10 दिन तक चलने वाले भगवान जगन्नाथ रथयात्रा उत्सव का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य है कि भगवान जगन्नाथ विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण को समर्पित है। रथयात्रा में सबसे आगे ताल ध्वज रथ पर बलराम, उसके पीछे पद्म ध्वज पर सुभद्रा व सुदर्शन चक्र और अंत में गरुड़ ध्वज रथ पर भगवान जगन्नाथ सबसे पीछे चलते हैं। यात्रा के तीनों रथ लकड़ी से बने होते हैं, जिन्हें श्रद्धालु खींचते हुए चलते हैं। भगवान जगन्नाथ के रथ में 16 पहिये, बलराम के रथ में 14 व सुभद्रा के रथ में 12 पहिये लगे होते हैं। रथयात्रा द्वारा भगवान जगन्नाथ को प्रसिद्ध गुंडीचा मंदिर पहुँचाया जाता है।
- 30 जून को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह (Asteroid) दिवस का आयोजन किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने क्षुद्रग्रह के खतरे को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिये 30 जून, 2017 से अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस मनाने की घोषणा की थी। दरअसल 30 जून, 1908 को रूस की तुंगुस्का नदी के पास भयंकर विस्फोट हुआ था जिसके लिये क्षुद्रग्रह को ज़िम्मेदार बताया गया था। यह हाल के इतिहास में पृथ्वी पर सबसे हानिकारक ज्ञात क्षुद्रग्रह-संबंधी घटना है।
- असम की तर्ज पर अब नगालैंड ने भी अपना स्थानीय NRC बनाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस पर 10 जुलाई से काम शुरू हुआ तथा इसके लिये 60 दिनों की समय-सीमा तय की गई। Register of Indigenous Inhabitants of Nagaland (RIIN) नामक यह अभियान पूरी तरह से NRC के तौर पर ही काम करेगा।
- सर्वोच्च न्यायालय ने एक बड़ा कदम उठाते हुए अपने फैसलों की कॉपी हिंदी सहित 6 क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की बात कही है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले अब तक केवल अंग्रेजी भाषा में ही अपलोड किये जाते रहे हैं। अब उन्हें हिंदी में भी अनुवाद कर वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा तथा इसके साथ ही कन्नड़, असमिया, ओड़िया और तेलुगू जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में भी फैसला आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड होगा। 500 पेज और बहुत विस्तृत फैसलों का संक्षिप्त सार ही अपलोड किया जाएगा।
- प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्त्ता और बांग्लादेश के नोआखाली में गांधी आश्रम ट्रस्ट की सचिव झरना धरा चौधरी का 27 जून को ढाका में निधन हो गया। उनके काम की पहचान को मान्यता देते हुए वर्ष 2013 में उन्हें पद्मश्री, वर्ष 2010 में गांधी सेवा पुरस्कार तथा वर्ष 1998 में जमनालाल बजाज पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- 20 साल तक चली बातचीत के बाद यूरोपीय संघ और दक्षिणी अमेरिकी इकोनॉमिक ब्लॉक ने मुक्त व्यापार समझौते पर सहमति जताई है। इस ब्लाक को मर्कोसुर (Mercosur) के नाम से जाना जाता है तथा अर्जेंटीना, ब्राज़ील, पराग्वे और उरुग्वे जैसे देश इसके सदस्य हैं। वेनेजुएला भी इसका सदस्य था, लेकिन समूह के आधारभूत मानकों को पूरा न कर पाने के कारण उसे वर्ष 2016 में इससे हटा दिया गया।
- संयुक्त राष्ट्र संस्था अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने गर्म धरती पर कार्य करना-गर्मी से उत्पन्न दबाव का श्रम उत्पादकता एवं साफ सुथरे कार्य पर प्रभाव (Working on a Warmer Planet– The Impact of Heat Stress on Labour Productivity – Decent Work) शीर्षक से अपनी रिपोर्ट जारी की है।
- उत्तर प्रदेश कैडर की IPS ऑफिसर और इंडो-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (ITBP) की DIG अपर्णा कुमार उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी माउंट डेनाली पर तिरंगा फहराने वाली पहली महिला IPS बनीं। माउंट डेनाली की समुद्र स्तर से ऊँचाई 20,301 फीट है।
- 4 जुलाई को पिंगाली वैंकेया की जयंती मनाई गई। हमारा राष्ट्रीय ध्वज पिंगाली वैंकेया द्वारा ही डिज़ाइन किया गया था। वर्ष 1921 में उन्होंने केसरिया और हरा झंडा सामने रखा था, जिसमें लाला हंसराज ने चरखा जोड़ा और महात्मा गांधी ने सफेद पट्टी जोड़ने का सुझाव दिया था। भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को इसके वर्तमान स्वरूप में 22 जुलाई, 1947 को आयोजित भारतीय संविधान सभा की बैठक के दौरान अपनाया गया था।
- यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति की बैठक में वास्तुकला की बेहतरीन विरासत और जीवंत संस्कृति के लिये राजस्थान की राजधानी जयपुर शहर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के तौर पर चिह्नित किया गया। इसके साथ ही यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में भारत के विरासत स्थलों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है। इसमें 30 सांस्कृतिक संपत्ति, सात प्राकृतिक संपत्ति और एक मिश्रित स्थल है। जयपुर के अलावा इराक के विशाल क्षेत्र में फैले प्राचीन मेसोपोटामियाई शहर बेबीलोन को भी विश्व धरोहरों की सूची में शामिल कर लिया है।
- यूरोपीय संघ ने इटली के सोशल डेमोक्रैट डेविड सासोली को अपना नया अध्यक्ष चुना। फ्राँस के स्ट्रासबर्ग में स्थित 751 सीटों वाली यूरोपीय संसद में गुप्त मतदान के जरिये एंतोनिया तजानी के उत्तराधिकारी के तौर पर डेविड सासोली को चुना गया। उनका कार्यकाल ढाई साल का रहेगा।
- वित्त मंत्रालय ने ग्राहकों को नियम पालन में सुविधा देने के मद्देनजर PAN कार्ड की जगह आधार कार्ड के इस्तेमाल को मंज़ूरी दे दी है। ऐसे में हर उस स्थान पर आधार कार्ड को विकल्प के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकेगा, जहाँ PAN कार्ड का उपयोग अनिवार्य है। अगर किसी के पास PAN कार्ड नहीं है, तो वह बैंक में आधार कार्ड दिखाकर भी 50 हज़ार रुपए से अधिक नकद का लेनदेन कर सकता है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- श्रीलंका ने भारत की मदद से युद्ध प्रभावित लोगों के लिये एक आवास योजना के तहत अपने यहाँ बनाए गए पहले मॉडल गाँव का उद्घाटन किया। यह गाँव गामपाहा के रानीदुगामा में बनाया गया है।
- दुनिया भर में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये कर्नाटक सरकार ने प्रख्यात इंजीनियर भारत रत्न एम. विश्वेश्वरैया के नाम पर आइसा-कर्नाटका विश्वेश्वरैया सोलर अवार्ड देने का निर्णय लिया है। यह अवार्ड हर साल दुनिया के एक देश को फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने पर दिया जाएगा। इससे पहले हरियाणा सरकार द्वारा अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के नाम पर आइसा-हरियाणा कल्पना चावला सोलर अवार्ड शुरू करने के निर्णय के बाद कर्नाटक देश का दूसरा राज्य है जिसने ऐसा अवार्ड शुरू करने का फैसला किया है। इस अवार्ड के लिये नियमानुसार कर्नाटक सरकार इंटरनेशनल सोलर एलायंस (ISA) के खाते में दस करोड़ रुपए जमा कराएगी।
- फ्राँस के लियोन में अमेरिका ने मौजूदा यूरोपियन चैंपियन नीदरलैंड्स को 2-0 से पराजित कर लगातार दूसरी बार फीफा महिला विश्व कप जीत लिया। मेगन रेपिनो को गोल्डन बूट दिया गया। Fédération Internationale de Football Association (फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन) को ही फीफा के नाम से जाना जाता है और यह फुटबॉल का अंतर्राष्ट्रीय नियंत्रण निकाय है। इसका मुख्यालय ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड में है।
- सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने पंजाब और जम्मू में पाकिस्तानी सीमा पर घुसपैठ रोधी उपायों को और पुख्ता बनाने ले लिये एक बड़ा अभियान शुरू किया है। हाल ही में शुरू हुए इस अभियान को सुदर्शन कोड नाम दिया गया है और यह 1000 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा को कवर करेगा।
- भारत वर्ष 2019-2025 की अवधि के दौरान बांग्लादेश के 1800 लोकसेवकों को प्रशासन एवं लोक नीति में नैतिक मूल्यों को लेकर प्रशिक्षण देगा। प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत (DRPG) विभाग के तहत आने वाले मसूरी स्थित संस्थान राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG) और बांग्लादेश के लोक प्रशासन मंत्रालय के बीच इसके लिये एक समझौता इसी वर्ष हुआ था।
- कंजर्वेटिव पार्टी के नेता किरियाकोस मित्सोताकिस ने चुनावों में जीत हासिल करने के बाद ग्रीस के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- भारतीय टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ को बेंगलूरू स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वर्तमान में अंडर 19 टीम-ए के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ बेंगलुरु स्थिति राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के हेड ऑफ क्रिकेट ऑपरेशंस बनाए गए हैं।
- पाकिस्तान की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था ईधी फाउंडेशन के संस्थापक अब्दुल सत्तार ईधी का 5 जुलाई, 2019 को कराची में निधन हो गया। उन्होंने वर्ष 1957 में कराची शहर से एंबुलेंस सेवा और डिस्पेंसरी सेवा शुरू की थी। उन्हें कई अंतर्राष्ट्रीय पुरकार मिल चुके हैं, जिनमें लेनिन शांति पुरस्कार, रमन मैग्सेसे पुरस्कार, पॉल हैरिस फेलो, रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन सम्मान शामिल हैं।
- 11 जुलाई को दुनियाभर में विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के विकास कार्यक्रम के तहत वर्ष 1989 से विश्व जनसंख्या दिवस मनाने की शुरुआत हुई। संयुक्त राष्ट्र परिषद हर साल विश्व जनसंख्या दिवस की थीम निर्धारित करती है, लेकिन वर्ष 2019 में किसी विशिष्ट विषय का चयन नहीं किया गया।
- 10 जुलाई, 2019 को भारत और रूस के बीच दूसरे दौर की रणनीतिक-आर्थिक वार्ता (IRSED) नई दिल्ली में हुई। IRSED की स्थापना 5 अक्तूबर, 2018 को नीति आयोग और रूसी संघ के आर्थिक विकास मंत्रालय के बीच 19वें वार्षिक भारत-रूस द्विपक्षीय सम्मेलन के दौरान समझौते पर हस्ताक्षर के बाद की गई थी। भारत और रूस के बीच पहले दौर की रणनीतिक-आर्थिक वार्ता 25-26 नवंबर, 2018 को सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित की गई थी।
- केंद्र सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना में रामायण सर्किट के तहत 9 राज्यों के 15 नए स्थानों को चिह्नित किया है। इनमें उत्तर प्रदेश के अयोध्या, नंदीग्राम, श्रृंगवेरपुर और चित्रकूट; बिहार के सीतामढ़ी, बक्सर और दरभंगा; मध्य प्रदेश के चित्रकूट; ओडिशा के महेंद्रगिरी; छत्तीसगढ़ के जगदलपुर; महाराष्ट्र के नासिक और नागपुर; तेलंगाना के भद्राचलम; कर्नाटक के हम्पी और तमिलनाडु के रामेश्वरम को शामिल किया गया है।
- 14 जून, 2019 से 7 जुलाई, 2019 तक कोपा अमेरिका कप 2019 के 46वें संस्करण का आयोजन ब्राजील के छह अलग-अलग स्थानों पर हुआ। कुल 12 टीमों के बीच खेली गई इस चैंपियनशिप में ब्राज़ील ने रियो के माराकाना स्टेडियम में पेरू को 3-1 से हराकर नौवीं बार खिताब पर कब्ज़ा जमाया।
- ओडिशा सरकार ने केंद्र की गवाह संरक्षण योजना 2018 को लागू कर दिया है और इस योजना को लागू करने वाला वह देश का पहला राज्य बन गया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) और पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPRD) से परामर्श के बाद गवाह संरक्षण योजना के मसौदे को अंतिम रूप दिया गया और गवाहों को खतरे के आकलन के आधार पर तीन श्रेणियों में रखा गया है:
    1. **श्रेणी A:** जहाँ जाँच, परीक्षण या उसके बाद गवाह या परिवार के सदस्यों के जीवन पर खतरा हो।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

2. **श्रेणी B:** जहाँ जाँच या परीक्षण के दौरान गवाह या परिवार के सदस्यों की सुरक्षा, प्रतिष्ठा या संपत्ति पर खतरा हो।
3. **श्रेणी C:** जाँच, परीक्षण या उसके बाद गवाह या परिवार के सदस्यों, प्रतिष्ठा या संपत्ति के उत्पीड़न का खतरा।

- यूनेस्को के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू को भारत की शिक्षा स्थिति 2019- दिव्यांग बच्चे रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में 10 अनुशंसाएँ की गई हैं, जिसमें शिक्षा का अधिकार अधिनियम को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम के साथ जोड़ा जाना शामिल है। यूनेस्को ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेंज के साथ मिलकर यह रिपोर्ट तैयार की है।
- भारत सरकार ने न्यूयार्क से संचालित होने वाले खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस को गैर-कानूनी घोषित करते हुए उसे पाँच साल के लिये प्रतिबंधित कर दिया है। ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी और आस्ट्रेलिया जैसे देशों के सिख बहुल इलाकों में खालिस्तान के समर्थन में यह संगठन काफी सक्रिय है।
- लघु वीडियो साझा करने वाले प्रसिद्ध प्लेटफॉर्म 'टिकटॉक' ने विश्व युवा कौशल दिवस 2019 के मौके पर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ साझेदारी की। इसके लिये टिकटॉक ने अपने एप पर skills4all अभियान शुरू किया है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2015 से 15 जुलाई का दिन दुनियाभर में विश्व युवा कौशल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम Learning to Learn for Life–Work रखी गई है।
- भारत की फर्राटा धाविका दुती चंद इटली के नेपोली में 30वें विश्व यूनिवर्सिटी खेलों (Summer Universiade) में 100 मीटर की दौड़ में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला ट्रैक और फील्ड खिलाड़ी बन गई हैं। दुती चंद विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी बन गई। उनसे पहले इंदरजीत सिंह ने 2015 में पुरुषों के शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता था।
- संयुक्त राष्ट्र की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2006 से 2016 तक 10 साल की अवधि में 27.1 करोड़ लोग गरीबी के दायरे से बाहर निकले। गरीबी के वैश्विक सूचकांक Multidimensional Poverty Index (MPI) में भारत ने इस मामले में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस सूचकांक को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) और ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनीशिएटिव द्वारा तैयार किया गया है।
- भारत ने अंतर्देशीय जलमार्गों को बढ़ावा देने की अपनी नीति के तहत 12 जुलाई, 2019 को भूटान के माल (कार्गो) से लदे एक जहाज को ब्रह्मपुत्र नदी (राष्ट्रीय जलमार्ग 2) और भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट के ज़रिये बांग्लादेश के लिये रवाना किया। यह अपनी तरह की पहली माल ढुलाई है, जिसके तहत दो देशों- यथा भूटान और बांग्लादेश को आपस में जोड़ने के लिये एक भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग का उपयोग किया जा रहा है।
- ICC विश्व कप क्रिकेट के 12वें संस्करण के फाइनल मैच में इंग्लैंड ने न्यूज़ीलैंड को हराकर पहली बार विजेता बनने का गौरव हासिल किया। इंग्लैंड के बेन स्टोक्स को मैन ऑफ द मैच तथा न्यूज़ीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।
- लॉन टेनिस की सर्वाधिक प्रतिष्ठित मानी जाने वाली विंबलडन प्रतियोगिता के 133वें संस्करण का आयोजन लंदन में हुआ। प्रतियोगिता में महिला वर्ग के फाइनल में रोमानिया की सिमोना हालेप ने 8 बार की विंबलडन विजेता अमेरिका की सेरेना विलियम्स को हराकर पहली बार महिला वर्ग का खिताब जीता। पुरुष वर्ग के रोमांचक फाइनल में पिछले विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने स्विट्ज़रलैंड के रोजर फेडरर को पराजित किया।
- दुनियाभर में प्रदूषण की बड़ी वजहों में से एक विमानन उद्योग पर फ्राँस ने अपने यहाँ से उड़ान भरने वाली सभी विदेशी उड़ानों पर 18 यूरो (लगभग 1385 रुपए) का टैक्स लगाने का ऐलान किया है। इसे इको टैक्स नाम दिया गया है। इसी तरह के ग्रीन टैक्स की शुरुआत स्वीडन ने अप्रैल 2018 में की थी।
- दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अपना घर छोड़कर दिल्ली के रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों और कई सार्वजनिक जगहों पर लावारिस घूम रहे 333 बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने के लिये ऑपरेशन मिलाप चलाया।
- 11 से 14 जुलाई तक मेघालय की राजधानी शिलांग से 64 किमी. दूर जोवाई में बेहदीनखलम (Behdeinkhlam) महोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिक तौर पर होने वाला यह उत्सव मेघालय की जयंतिया जनजाति का सबसे लोकप्रिय त्योहार है। इस उत्सव में बाँस और कागज से लंबी संरचनाएँ बनाई जाती हैं, जिन्हें रॉट (Rot) कहते हैं। बेहदीनखलम का शाब्दिक अर्थ 'लकड़ी की छड़ियों से शैतान (प्लेग या कॉलरा) को भगाना' है।
- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक अंशुला कांत को विश्व बैंक का प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी नियुक्त किया गया है। अंशुला विश्व बैंक समूह में वित्तीय जोखिम प्रबंधन का दायित्व संभालेंगी और अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगी।
- उत्तर प्रदेश के विधि आयोग ने मॉब लिंचिंग की बढ़ रही घटनाओं के मद्देनज़र ऐसे मामलों में शामिल आरोपियों को उम्रकैद की सज़ा देने की सिफारिश की है। राज्य विधि आयोग के अध्यक्ष रिटायर्ड जस्टिस आदित्यनाथ मित्तल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक रिपोर्ट भेजी है। इस रिपोर्ट के आधार पर


Copyright – Drishti The Vision Foundation

जो कानून बनेगा उसे उत्तर प्रदेश कॉम्बेटिंग ऑफ मॉब लिंचिंग एक्ट के नाम से जाना जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में मणिपुर ने मॉब लिंचिंग रोकने के लिये प्रोटेक्शन फ्रॉम मॉब वायलेंस एक्ट, 2018 बनाया था, इसके तहत यदि भीड़ द्वारा किसी की जान ली जाती है तो दोषियों को आजीवन कारावास और पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपए तक की मदद दी जाएगी। यह देश में अपनी तरह का यह पहला कानून है।

- मेघालय देश में जल नीति पेश करने वाला पहला राज्य बन गया है। इस नीति का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी के साथ-साथ सतत् विकास और जल संसाधनों का इस्तेमाल करना है।
- 14 जुलाई को फ्राँस ने अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया, जिसे बेस्टाइल डे कहा जाता है। यह 'बेस्टाइल' कारागार में जनता द्वारा 14 जुलाई, 1789 को धावा बोलने की वर्षगाँठ के रूप में मनाया जाता है। जुलाई 1789 में इसी दिन से फ्राँसीसी क्रांति की शुरुआत हुई थी।
- नीदरलैंड्स के द हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (International Court of Justice) ने 2 साल 2 महीने तक चली सुनवाई के बाद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव की फाँसी की सजा पर रोक को बरकरार रखा और पाकिस्तान से इस पर पुनर्विचार करने को कहा। साथ ही पाकिस्तान से कुलभूषण जाधव को कॉन्सुलर एक्सेस देने के लिये भी कहा।
- संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (UNFAO) ने 15 जुलाई को एक रिपोर्ट जारी की। इसके मुताबिक वर्ष 2018 में 82.10 करोड़ लोग हर रात भूखे सोने के लिये मज़बूर थे। वर्ष 2017 में यह संख्या 81.10 करोड़ थी। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में दुनिया के 14.9 करोड़ बच्चे भूख की समस्या का सामना कर रहे हैं।
- फ्राँस के मोंट-डे-मारसन में 1 से 12 जुलाई, 2019 तक भारत और फ्राँस के बीच द्विपक्षीय युद्धाभ्यास गरुड़-4 आयोजित किया गया।
- सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जस्टिस ए.के. सीकरी सिंगापुर अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक न्यायालय (SICC) में अंतर्राष्ट्रीय जज नियुक्त किये गए हैं। SICC सिंगापुर हाईकोर्ट की एक डिवीज़न और देश के सुप्रीम कोर्ट का हिस्सा है। इसका कार्य अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक विवादों का निपटारा करना है।
- संगीत नाटक अकादमी ने वर्ष 2018 के लिये उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार कला प्रदर्शन के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट युवा प्रतिभाओं की पहचान करने, उन्हें प्रोत्साहन देने और शीघ्र राष्ट्रीय मान्यता देने के उद्देश्य से 40 वर्ष से कम आयु के कलाकारों को प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार में 25 हज़ार रुपए की नकद राशि दी जाती है। इसके साथ ही संगीत नाटक अकादमी पुरस्कारों की भी घोषणा की गई है। अकादमी पुरस्कार 1952 से दिया जा रहा है। अकादमी फैलो को 3 लाख रुपए और अकादमी पुरस्कार के रूप में ताम्रपत्र और अंगवस्त्रम के अलावा एक लाख रुपए दिये जाते हैं।
- केंद्र सरकार ने 15वें वित्त आयोग का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला किया है। सरकार ने 27 नवंबर, 2017 को एन.के. सिंह की अध्यक्षता वाले 15वें वित्त आयोग को अधिसूचित किया था। वित्त आयोग के गठन का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 280 में किया गया है और प्रथम वित्त आयोग का गठन के.सी. नियोगी की अध्यक्षता में 1951 में किया गया था। राज्य वित्त आयोगों का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243(1) के तहत किया जाता है।
- डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ने इन पर लगने वाले सभी शुल्कों को हटाने का फैसला किया है। अब इंटरनेट या मोबाइल पर NEFT और RTGS से लेनदेन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इसके अलावा बैंक ने तत्काल भुगतान सेवा IMPS (Immediate Payment Service) से लेनदेन करने पर भी शुल्क हटाने का निर्णय किया है।
- अनुसुइया उइके को छत्तीसगढ़, विश्वभूषण हरिचंदन को आंध्र प्रदेश, कलराज मिश्र को हिमाचल प्रदेश, आचार्य देवव्रत को गुजरात, आर.एन. रवि को नगालैंड, जगदीप धनखड़ को पश्चिम बंगाल, रमेश बैस को त्रिपुरा, फागू चौहान को बिहार, आनंदीबेन पटेल को उत्तर प्रदेश तथा लालजी टंडन को मध्य प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। विदित हो कि राज्यपालों की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 155 के तहत राष्ट्रपति द्वारा केंद्र सरकार की सलाह से की जाती है। यह एक स्वतंत्र संवैधानिक पद है।
- जर्मनी की निवर्तमान रक्षा मंत्री उर्सुला वॉन डेर लेयेन को यूरोपीय यूनियन की कार्यकारी इकाई यूरोपीय कमीशन का अध्यक्ष चुना गया है। वह इस पद को संभालने वाली पहली महिला हैं।
- भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा रेल मंत्री पीयूष गोयल ने लंदन में भारत-ब्रिटेन संयुक्त आर्थिक व्यापार समिति (जेटको) की बैठक में हिस्सा लिया। भारत-ब्रिटेन संयुक्त आर्थिक व्यापार समिति का गठन 13 जनवरी, 2005 को किया गया था।
- दो भारतीय पक्षियों गोडावण (Great Indian Bustard) और खरमोर (Lesser Florican) के विलुप्तप्राय होने पर गंभीर चिंता जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने इन प्रजातियों के संरक्षण के लिये आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना बनाने तथा उसे लागू करने के लिये उच्च अधिकार प्राप्त तीन सदस्यीय समिति गठित की है। इस समिति में 'बॉम्बे नैचुरल हिस्ट्री सोसायटी' के निदेशक, इस


Copyright – Drishti The Vision Foundation

सोसायटी के पूर्व निदेशक डॉक्टर असद आर. रहमानी और उत्तराखंड के मुख्य वन संरक्षक डॉक्टर धनंजय मोहन शामिल हैं।

- बड़े आकार का गोंडावण पक्षी राजस्थान का राजकीय पक्षी है तथा IUCN की संकटग्रस्त प्रजातियों की रेड लिस्ट में इसे 'गंभीर रूप से संकटग्रस्त' श्रेणी में तथा भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधि नियम, 1972 की अनुसूची-1 में रखा गया है।
- दूसरी तरफ खरमोर पक्षी मुख्यत: उत्तर-पश्चिमी महाराष्ट्र तथा मध्य प्रदेश में पाया जाता है और कभी-कभी राजस्थान और गुजरात में भी देखने को मिल जाता है। दुनिया की संकटग्रस्त प्रजातियों में शामिल खरमोर को केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्रालय ने भी 'संकटापन्न' घोषित किया है।
- एम्स दिल्ली तथा IIT दिल्ली ने मिलकर कृत्रिम त्वचा का विकास किया है। यह देश की महत्त्वपूर्ण चिकित्सकीय शोध परियोजनाओं में शामिल है। कई प्रकार के केमिकल्स व फाइबर का इस्तेमाल कर इसे तैयार किया गया है। इसके लिये एम्स में 'त्वचा बैंक' बनाया जाएगा, जहाँ कृत्रिम त्वचा बहुत ही कम कीमत पर उपलब्ध होगी, जो प्रत्यारोपण के बाद असली त्वचा की तरह काम करेगी। फिलहाल उत्तर भारत में केवल दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में ही 'त्वचा बैंक' है, लेकिन वहाँ भी इसकी उपलब्धता बहुत कम रहती है।
- शांति के लिये नोबेल पुरस्कार विजेता और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति स्व. नेल्सन मंडेला के जन्मदिन 18 जुलाई को संयुक्त राष्ट्र द्वारा नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाया जाता है। वर्ष 2010 में 18 जुलाई से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था।
- अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक फर्नांडो कॉर्बेटो (Fernando Corbato) का 93 वर्ष की उम्र में न्यूयॉर्क में निधन हो गया। कॉर्बेटो ने कंप्यूटर पासवर्ड का आविष्कार किया था।
- केन्या के राष्ट्रीय संग्रहालय और अमेरिका में अरकंसास विश्वविद्यालय के शोधकर्त्ताओं ने बंदर प्रजाति के सबसे छोटे जीवाश्म की खोज की है, जो खरगोश के आकार जैसा है। ऐसे बंदर केन्या में लगभग 4.2 मिलियन वर्ष पहले रहते थे। इस बंदर का नाम नैनोपिथेकस ब्राउनी है। इसका वज़न मात्र 2-3 पाउंड होता है। अफ्रीका में 'ओल्ड वर्ल्ड' के नाम से मशहूर टेलापोइन बंदरों के एक बड़े समूह का हिस्सा रहता है, जिन्हें 'ग्वेन' के नाम से भी जाना जाता है।
- श्रीलंका के कोलंबो में संपन्न हुए नौवें सार्क फिल्म समारोह में बांग्ला फिल्म निर्माता कौशिक बसु की फिल्म नगरकीर्तन को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा इस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक तथा सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी मिला।
- 23 जुलाई को देशभर में राष्ट्रीय प्रसारण दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी दिन वर्ष 1927 में इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी ने मुंबई स्टेशन से रेडियो का प्रसारण शुरू किया था। इसे ऑल इंडिया रेडियो (AIR) के नाम से भी जाना जाता है और यह भारत की सरकारी रेडियो सेवा है।
- हिमा दास ने चेक गणराज्य के नोवो मेस्तो में 400 मीटर की दौड़ में सीजन का अपना श्रेष्ठ समय 52.09 सेकंड निकालते हुए इस जुलाई माह में अपना पाँचवां स्वर्ण पदक जीता। गौरतलब है कि ढिंग एक्सप्रेस नाम से प्रसिद्ध हिमा दास ने जुलाई, 2019 में अपना पहला स्वर्ण पदक पोलैंड में पोजवान एथलेटिक्स ग्रां प्री में 200 मीटर दौड़ में जीता था। इसके बाद पोलैंड में ही कुटनो मीट में 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्वर्ण पदक जीता। 13 जुलाई को चेक गणराज्य में क्लादनो मीट में इसी दूरी को तय करते हुए तीसरा स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद उन्होंने चेक गणराज्य में ताबोर मीट में 200 मीटर की दूरी तय करते हुए चौथा स्वर्ण पदक जीता।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने भारत के सचिन तेंदुलकर को उनकी महान उपलब्धियों के लिये सम्मानित करते हुए हॉल ऑफ फेम में शामिल किया इस सम्मान को पाने वाले सचिन तेंदुलकर छठे भारतीय क्रिकेटर हैं।
- भारत के पृथु गुप्ता देश के 64वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। उन्होंने पुर्तगाल लीग-2019 के पाँचवें दौर में लेव यानकेलेविक को मात देकर 2500 अंकों को पार किया और यह कामयाबी हासिल की।
- संसद ने मानव अधिकार संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2019 पारित कर दिया। इस संशोधन से भारत के मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त किसी ऐसे व्यक्ति को भी आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जा सकेगा, जो सर्वोच्च न्यायालय का न्यायाधीश रहा हो। आयोग के सदस्यों की संख्या दो से बढ़ाकर तीन की जाएगी, जिनमें एक महिला होगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष और दिव्यांगजनों संबंधी मुख्य आयुक्त को आयोग के सदस्यों के रूप में शामिल किया जा सकेगा। आयोग और राज्य आयोगों के अध्यक्षों और सदस्यों की पदावधि को पाँच वर्ष से कम करके तीन वर्ष किया जाएगा और वे पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र होंगे। मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष की चयन समिति में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा का उपसभापति एवं दोनों सदनों के विपक्ष के नेता शामिल किये गए हैं।
- आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष गर्ग की अध्यक्षता वाली एक अंतर-मंत्रालयी समिति ने देश में निजी क्रिप्टोकरेंसी को प्रतिबंधित करने की सिफारिश की है। समिति ने क्रिप्टोकरेंसी के किसी भी


Copyright – Drishti The Vision Foundation

तरह के इस्तेमाल पर एक से दस साल तक की सजा का प्रस्ताव किया है तथा इसके अलावा 50 करोड़ रुपए तक का जुर्माना भी देना पड़ सकता है। समिति ने क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध लगाने के लिये 'बैनिंग क्रिप्टोकरेंसी एंड रेग्युलेशन ऑफ ऑफिशियल डिजिटल करेंसी बिल, 2019' शीर्षक से विधेयक का एक मसौदा भी तैयार किया है।

- दुनियाभर में एड्स से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आ रही है। हाल ही में एक रिपोर्ट आई है जिसमें बताया गया है कि वर्ष 2010 की तुलना में अब एड्स से होने वाली मौतों की संख्या 33 प्रतिशत कम हुई है। यूएनएड्स की इस रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में एड्स के मामलों में 16 प्रतिशत की कमी आई है। यह रिपोर्ट दक्षिण और पूर्वी अफ्रीका पर आधारित है, जहाँ इस कमी की वज़ह वहाँ हुई प्रगति को माना गया है।
- बोरिस जॉनसन को ब्रिटेन का प्रधानमंत्री चुना गया है।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने दंड प्रक्रिया संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2018 को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक द्वारा उत्तर प्रदेश के लिये दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 438 में संशोधन किया गया है। इसके लागू होने से उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी अग्रिम जमानत का प्रावधान हो गया है। संशोधन के बाद अग्रिम जमानत पर सुनवाई के दौरान आरोपी का मौजूद रहना ज़रूरी नहीं होगा।
- आयकर विभाग ने 24 जुलाई को आयकर दिवस का आयोजन किया। आयकर विभाग ने इस मौके पर करदाता-ई-सहयोग अभियान भी शुरू किया। यह करदाताओं और अन्य हितधारकों को ई-रिटर्न फाइल करने और कर-संबंधी अन्य दायित्वों के निर्वहन में सक्षम बनाने में सहायता करेगा। 24 जुलाई को आयकर दिवस के रूप में इसलिये मनाया जाता है क्योंकि पहली बार जेम्स विल्सन की ओर से आयकर सबसे पहले 24 जुलाई, 1860 को लागू हुआ था।
- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के महानिदेशक युकिया अमानो का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी ही देखरेख में ईरान और छह विश्व शक्तियों- ब्रिटेन, चीन, फ्राँस, जर्मनी, रूस और अमेरिका के बीच वर्ष 2015 में परमाणु समझौता हुआ था।
- केंद्र सरकार ने छोटे व्यापारियों-दुकानदारों की पेंशन योजना (प्रध ानमंत्री लघु व्यापारी मान-धन योजना) के लिये नियम-शर्तों को अधिसूचित कर दिया है। इसके मुताबिक डेढ़ करोड़ रुपए तक सालाना कारोबार वाले इस योजना के तहत पेंशन के पात्र होंगे। 18 से 40 वर्ष का कोई भी कारोबारी इस योजना का लाभ उठा सकेगा और उसे 60 वर्ष की उम्र से करीब तीन हज़ार रुपए पेंशन मिलेगी। लघु व्यापारी के दायरे में दुकानदारों, खुदरा कारोबारियों, मिल के मालिक और कर्मचारी, कमीशन एजेंट, रियल एस्टेट ब्रोकर, छोटे होटल-रेस्तराँ के मालिक और कर्मचारी शामिल हैं। इस योजना के संचालन के लिये सरकार एक पेंशन फंड बनाएगी और जीवन बीमा निगम (LIC) को इसके लिये पेंशन फंड मैनेजर चुना गया है।
- गुजरात में चांदीपुरा वायरस को लेकर अलर्ट जारी किया गया। चांदीपुरा वायरस एक ऐसा खतरनाक वायरस है, जो 14 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को ही अपनी चपेट में लेता है। इस वायरस का नाम महाराष्ट्र के एक छोटे से गाँव के नाम पर रखा गया है, जहाँ पहली बार वर्ष 1965 में यह सैंडफ्लाई के कारण फैला। सैंडफ्लाई मक्खियों की एक ऐसी प्रजाति है जो कि रेत और कीचड़ में पाई जाती है और बारिश में इसका प्रकोप बढ़ जाता है। यह वायरस रोगी के न्यूरॉन्स यानी तंत्रिकाओं पर हमला करता है और उन्हें नुकसान पहुँचाता है।
- ऑस्ट्रेलिया ने प्रशांत क्षेत्र के लिये एक अलग सैन्य इकाई बनाने का फैसला किया है। उसने यह फैसला प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिये किया है।
- भारत और चीन के बीच वार्षिक रूप से आयोजित होने वाला हैंड-इन-हैंड सैन्याभ्यास दिसंबर, 2019 में मेघालय में शिलांग के निकट उमरोई में आयोजित किया जाएगा। यह अभ्यास 14 दिन तक चलेगा। वर्ष 2017 में डोकलाम विवाद के चलते इस अभ्यास को रद्द किया गया था, लेकिन उसके बाद वर्ष 2018 में यह अभ्यास 11 से 23 दिसंबर तक चीन के सिचुआन प्रांत के चेंगदू में हुआ था।
- ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों की एक टीम ने क्वांटम कंप्यूटर का एक सुपरफास्ट वर्ज़न तैयार किया है। यह कंप्यूटर सामान्य कंप्यूटर के मुकाबले 200 गुना तेज़ी से जटिल समस्याओं को हल करने की क्षमता रखता है।
- भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु के सरीसृप शोधकर्त्ताओं (Herpetologist) ने पश्चिमी घाट में साँपों का अध्ययन और वर्गीकरण करने के दौरान 26 मिलियन वर्ष पुरानी वाइन स्नेक की एक प्रजाति का पता लगाया है। इसे उन्होंने Proahaetulla Antiqua नाम दिया है। यह साँप पश्चिमी घाट के दक्षिणी हिस्से में स्थित तमिलनाडु के कलक्काड मुंडनथुराई टाइगर रिज़र्व तथा केरल के शेंदुरनी वन्यजीव अभयारण्य के संरक्षित क्षेत्रों में पाया गया है।
- वर्ष 2020 में जापान की राजधानी टोक्यो में होने वाले 32वें ओलंपिक खेलों के लिये बनाए गए पदकों का अनावरण किया गया। टोक्यो ओलंपिक के लिये बने ये मेडल्स अपने आप में


Copyright – Drishti The Vision Foundation

अलग और खास हैं, क्योंकि इन्हें पूरी तरह पुनर्चक्रित (Recycled) उपभोक्ता उपकरणों से बनाया गया है। इन मेडल्स को बनाने के लिये टोक्यो ओलंपिक आयोजन समिति ने Tokyo 2020 मेडल प्रोजेक्ट के नाम से एक मुहिम शुरू की थी

- 29 जुलाई को दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में देशभर के टाइगर रिज़र्व में बाघों की संख्या पर रिपोर्ट जारी की। ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन 2018 नामक इस रिपोर्ट से पता चलता है कि 2014 के मुकाबले बाघों की संख्या 741 बढ़ी है। देश में अब बाघों की संख्या 2967 हो गई है।
- 28 जुलाई को दुनियाभर में विश्व हेपेटाइटिस दिवस का आयोजन किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से इस वर्ष विश्व हेपेटाइटिस दिवस की थीम हेपेटाइटिस उन्मूलन के लिये निवेश करें (Invest in Eliminating Hepatitis) रखी गई है। लीवर (यकृत) में शोथ को हेपेटाइटिस कहते हैं। हेपेटाइटिस का वायरस पाँच प्रकार का पाया जाता है- हेपेटाइटिस-A, B, C, D और E। इनमें से हेपेटाइटिस E विश्व में हेपेटाइटिस का सबसे सामान्य प्रकार है। हेपेटाइटिस B और C दीर्घकालिक संक्रमण हैं, जिनमें लंबे समय तक कभी-कभी वर्षों या दशकों तक लक्षण प्रकट नहीं होते और यह लीवर कैंसर का मूल कारण है। वैश्विक हेपेटाइटिस रिपोर्ट 2017 के अनुसार, वायरल हेपेटाइटिस B और C प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है।
- प्रधानमंत्री ने संसद परिसर में मटका थिम्बक पद्धति से पौधारोपण कर हरित अभियान की शुरुआत की। इस पद्धति में पौधा रोपते समय जो गड्ढा खोदा जाता है, उसी गढ्ढे में कुछ दूरी पर कोई पुराना मटका रख देते हैं और मटके की तली में छिद्र किया जाता है। इस छिद्र से होकर जूट की रस्सी पौधे की जड़ों तक पहुँचाई जाती है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने नियमों में संशोधन करके अब पाँच लाख रुपए वार्षिक आय वालों को नि:शुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध करने का निर्देश दिया है। अब तक सर्वोच्च न्यायालय में अपने मामले में मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिये आय की सीमा 1.25 लाख रुपए थी।
- IPS अधिकारी वी.के. जौहरी देश के सबसे बड़े सीमा सुरक्षा बल (BSF) के महानिदेशक नियुक्त किये गए हैं। लगभग ढाई लाख कर्मियों वाला BSF देश का सबसे बड़ा सीमा प्रहरी बल है। जीवन पर्यन्त कर्त्तव्य उद्देश्य वाक्य के साथ BSF का गठन 1 दिसंबर, 1965 को हुआ था।
- IIT खड़गपुर के छात्रों ने बुजुर्गों की देखभाल के लिये एक ऐसा एप बनाया है जो किसी बुजुर्ग के गिर जाने की स्थिति में उनकी देखभाल करने वालों को तत्काल इसकी सूचना देगा। CARE4U नामक यह एप बुजुर्गों तथा उनकी देख-भाल करने वालों को आपस में जोड़ने का काम करेगा।
- प्रख्यात भारतीय रेत कलाकार (Sand Artist) सुदर्शन पटनायक को अमेरिका में सैंड स्कल्पटिंग फेस्टिवल में पीपल्स चॉइस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सुदर्शन पटनायक ने महासागरों में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने संबंधी संदेश देते हुए रेत पर स्टॉप प्लास्टिक पॉल्यूशन, सेव आवर ओशन कलाकृति बनाई थी, जिसके लिये उन्हें पुरस्कृत किया गया है।
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने दिल्ली सरकार और नगर निगमों को देश के सबसे साफ शहर इंदौर की तर्ज पर बायो माइनिंग तकनीक से लैंडफिल साइट्स से कचरा हटाने को कहा है। बायो माइनिंग तकनीक में सूक्ष्मजीवों (Microorganism) का इस्तेमाल करके अयस्कों तथा अन्य ठोस पदार्थों से धातुओं को निकाला जाता है। सामान्यत: इस तकनीक का इस्तेमाल सोने और लौह धातु के खनन के लिये किया जाता है।
- 28 जुलाई को उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मसूरी में 11 हिमालयी राज्यों का सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में हिमालयी राज्यों ने 'मसूरी संकल्प' पारित किया, जिसके तहत पर्वतीय राज्यों ने हिमालय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और देश की समृद्धि में योगदान की बात कही। सम्मेलन में हिमालयी राज्यों को ग्रीन बोनस देने पर भी चर्चा हुई। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, असम, नगालैंड, सिक्किम व जम्मू-कश्मीर को हिमालयी राज्यों में शामिल किया जाता है।
- अमेरिका तथा अन्य विश्व शक्तियों के साथ हुए परमाणु समझौते से अमेरिका के बाहर निकलने तथा ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगाने के बाद ईरान ने अपने अरक हैवी वाटर रिएक्टर को प्लूटोनियम बनाने के लिये फिर से शुरू कर दिया है। वर्ष 2015 में हुए उपरोक्त परमाणु समझौते के बाद ईरान ने अरक के इस रिएक्टर को बंद कर दिया था। प्लूटोनियम वह पदार्थ है जो परमाणु हथियार में ईंधन के रूप में प्रयुक्त होता है।

## जून 2019

- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग ने "Education Quality Upgradation and Inclusion Programme" (EQUIP) नाम से पाँच वर्षीय विजन प्लान तैयार किया है।
- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए स्पष्ट किया है कि मार्च, 2020 को देश के सभी पंचायतों को भारतनेट के तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध करवाई जाएगी।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा लिये गए प्रमुख रक्षा निर्णयों पर आधारित "ए प्राइम मिनिस्टर टू रीमेम्बर: मेमोरीज़ ऑफ ए मिलिट्री चीफ" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया, जिसे पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल सुशील कुमार द्वारा लिखा गया है।
- चुनावी बॉण्ड योजना 2018 के अनुसार जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल जिसे पिछले चुनावों में कम-से-कम 1% वोट प्राप्त करने वाले चुनावी बॉण्ड्स प्राप्त कर सकते हैं। चुनावी बॉण्ड केवल भारतीय नागरिक द्वारा की खरीदे जा सकते हैं, यह बॉण्ड अकेले अथवा किसी के साथ मिलकर संयुक्त रूप से भी खरीदे जा सकते हैं। राजनीतिक दल द्वारा इन चुनावी बॉण्ड्स को केवल औथोराइज्ड बैंक में मौजूद खाते में ही एनकैश किया जा सकता है। चुनावी बॉण्ड जारी करने के 15 कैलेंडर दिवस तक वैध होते हैं।
- केंद्र सरकार ने थोक मूल्य सूचकांक के पुनरावलोकन के लिये कार्य समूह का गठन किया है। इसके अध्यक्ष नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर रमेश चंद होंगे। यह वर्किंग ग्रुप थोक मूल्य सूचकांक तथा उत्पादक मूल्य सूचकांक की नयी आधिकारिक श्रृंखला के लिये उचित आधार वर्ष का चयन करेगा। वर्तमान थोक मूल्य सूचकांक को मई, 2017 में शुरू किया गया था, इसका आधार वर्ष 2011-12 है।
- अहमदाबाद तथा कोबे (जापान का शहर) के बीच सिस्टर सिटी पार्टनरशिप के लिये LoI (लैटर ऑफ इंटेंट) का आदान-प्रदान किया गया। इससे दोनों शहरों के बीच आर्थिक व सांस्कृतिक संबंध मज़बूत होंगे।
- भारत ने विश्व बैंक के साथ टीबी के उन्मूलन के लिये 400 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये। गौरतलब है कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख लोग टीबी के कारण मर जाते हैं। भारत ने 2025 तक टीबी को देश से समाप्त करने का महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।
- जापान के ओसाका में G-20 का 14वाँ शिखर सम्मेलन 28-29 जून, 2019 को आयोजित किया गया। शिखर सम्मेलन में वैश्विक सतत् विकास सुनिश्चित करने के लिये आठ विषयों पर चर्चा की गई। ये विषय हैं: 'वैश्विक अर्थव्यवस्था', 'व्यापार और निवेश', 'नवाचार', 'पर्यावरण और ऊर्जा', 'रोजगार', 'महिला सशक्तीकरण', 'विकास' तथा 'स्वास्थ्य'। जी-20 का गठन 26 सितंबर, 1999 को किया गया था।
- नीति आयोग ने स्वास्थ्य सूचकांक का दूसरा संस्करण जारी कर दिया है, इस "Healthy States, Progressive India : Report on Rank of States and UTs" नामक रिपोर्ट में जारी किया गया है। इस रिपोर्ट को केंद्रीय स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण मंत्रालय व विश्व बैंक के तकनीकी सहयोग के साथ तैयार किया गया है। इस स्वास्थ्य सूचकांक के लिये वर्ष 2015-16 को आधार वर्ष तथा 2017-18 को संदर्भ वर्ष रखा गया है। **इसके तहत 21 बड़े राज्यों की सूची में केरल प्रथम स्थान पर जबकि उत्तर प्रदेश अंतिम स्थान पर तथा बिहार 20वें (नीचे से दूसरा) पर था।** उल्लेखनीय है कि छोटे राज्यों की सूची में मिजोरम और केंद्रशासित प्रदेश की सूची में चंडीगढ़ प्रथम स्थान पर रहे। **सूचकांक में बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश तथा ओडिशा को एम्पॉवर्ड एक्शन ग्रुप में शामिल किया गया है** जिसका आशय है कि इन राज्यों के स्वास्थ्य सूचकांक स्कोर में कमी आई है।
- संयुक्त अरब अमीरात ऐसा पहला खाड़ी देश बन गया है जिसने धन शोधन के विरुद्ध कारवाई के लिये "goAML" (Anti-Money Laundering) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, इसका उद्देश्य संगठित वित्तीय अपराधों पर रोक लगाना है।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कान्त के सेवाकाल को दो वर्ष का विस्तार देने के लिये मंजूरी दे दी है। अब उनका कार्यकाल 30 जून, 2021 को समाप्त होगा। उन्हें 17 फरवरी, 2016 को नीति आयोग का सीईओ नियुक्त किया गया है।
- बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर की आत्मकथा "Lessons Life Taught Me Unknowingly" को 5 अगस्त, 2019 को रिलीज किया गया, इस पुस्तक में अनुपम खेर के जीवन के विभिन्न पहलुओं का वर्णन किया गया है।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के क्यूरोसिटी रोवर ने मंगल ग्रह पर अब तक के सबसे विशाल मीथेन भंडार का पता लगाया है। यह नासा के मार्स साइंस लेबोरेटरी मिशन का हिस्सा है। क्यूरोसिटी रोवर एक कार के बराबर का रोवर है, इसे मंगल ग्रह के एक क्रेटर "गेल" के अन्वेषण के लिये बनाया गया है। इसे 26 नवंबर, 2011 को लॉन्च किया गया था।
- ओलिंपिक खेलों की 125वीं वर्षगाँठ के अवसर पर स्विट्जरलैंड के लौसेन (Lausanne) में अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति के नए मुख्यालय का उद्घाटन किया गया।
- ट्रिब्यून न्यूज सर्विस की पत्रकार रचना खैरा ने रेड इंक का "जर्नलिस्ट ऑफ द ईयर" का अवार्ड जीता, उन्हें यह पुरस्कार आधार कार्ड के डेटा की सुरक्षा की स्थिति का खुलासा करने के लिये दिया गया है। रचना खैरा वर्तमान में द हफिंगटन पोस्ट के लिये कार्य करती हैं।
- भारतीय महिला हॉकी टीम ने FIH सीरीज फाइनल जीत लिया है, भारत में जापान को हिरोशिमा हॉकी स्टेडियम में 3-1 से हराया।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- भारतीय रिज़र्व बैंक के डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है, गौरतलब है कि अभी उनका कार्यकाल पूरा होने में 6 महीने शेष थे, उनका कार्यकाल 20 जनवरी, 2020 को समाप्त होना था।
- ओडिशा में बाढ़ के खतरे की जानकारी के लिये एटलस (मानचित्रावली) जारी किया गया, इससे सैटेलाइट चित्रों की सहायता से तैयार किया गया है। इसकी सहायता से ओडिशा में बाढ़ प्रबंधन कुशलतापूर्वक किया जा सकेगा।
- भारत की महिला रग्बी टीम ने अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय जीत हासिल कर ली है, भारतीय महिला रग्बी टीम ने फिलीपींस के मनीला में एशियन वीमेन रग्बी चौंपियनशिप डिवीज़न 1 में सिंगापुर को हराया।
- सऊदी अरब FATF की पूर्ण सदस्यता प्राप्त करने वाला पहला अरब देश बना है। FATF की वार्षिक बैठक का आयोजन अमेरिका के फ्लोरिडा के ऑर्लैंडो में किया गया। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स धन शोधन पर एक अंतर सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना 1989 में की गई थी।
- भारत की प्रणति नायक ने एशियाई आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2019 में वोल्ट इवेंट में कांस्य पदक जीता, इस प्रतियोगिता का आयोजन मंगोलिया के उलानबटोर में किया गया। प्रणति नायक दीपा करमाकर और अरुणा रेड्डी के बाद वोल्ट में पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय हैं।
- "माय लाइफ, माय मिशन" योग गुरु स्वामी रामदेव की आत्मकथा है, उन्होंने इस पुस्तक को वरिष्ठ पत्रकार उदय माहुरकर के साथ लिखा है।
- उत्तर-पश्चिम अफ्रीकी देश मॉरिटानिया में पिछले 60 वर्षों में पहली बार चुनाव हुए, मॉरिटानिया ने 60 वर्ष पहले फ्राँस से स्वतंत्रता प्राप्त की थी। स्वतंत्रता के बाद से ही देश में गैर-निर्वाचित सैन्य सरकार शासन कर रही थी।
- पंकज अडवाणी ने एशियाई स्नूकर चौंपियनशिप खिताब जीता। उन्होंने थाईलैंड के थानावत तिरपोंगपाईबून को हराकर यह खिताब अपने नाम किया।
- भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में 26 फरवरी को की गई एयरस्ट्राइक को "ऑपरेशन बंदर" कोडनेम दिया था। भारतीय वायुसेना ने 26 फरवरी, 2019 की सुबह लगभग 3:30 बजे पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी ठिकानों पर हमला किया।
- विश्व भर में शरणार्थियों की स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये हर साल 20 जून को विश्व शरणार्थी दिवस मनाया जाता है। विश्व शरणार्थी दिवस 2019 का विषय "StepWithRefugees- Take A Step on World Refugee Day" है।
- कोल्हापुरी चप्पल को विशिष्ट भौगोलिक संकेत (GI) टैग प्रदान किया गया, यह टैग महाराष्ट्र और कर्नाटक को संयुक्त रूप से दिया गया है।
- विश्व भर में 21 जून, 2019 को पाँचवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । इस वर्ष का विषय "Yoga for Climate Action" है। इस दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखण्ड के रांची में एक योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया।
- भारत ने नाइज़र को अफ्रीकन यूनियन के शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिये 15 मिलियन डॉलर की सहायता प्रदान की। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन 7-8 जुलाई, 2019 को नाइजर के नीआमे शहर में किया गया। नाइजर में पहली बार अफ्रीकन यूनियन के शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- दो श्रीलंकाई इंजीनियरों द्वारा निर्मित प्रथम उपग्रह 'रावण-1' को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया है। इसे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से दो अन्य BIRDS 3 उपग्रहों के साथ लॉन्च किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा "World Population Prospects 2019" रिपोर्ट जारी की गई, इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2027 तक भारत जनसंख्या के मामले में चीन को पीछे छोड़ देगा। उल्लेखनीय है कि विश्व जनसंख्या दिवस प्रतिवर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है।
- भारत के इंजीनियर नितेश कुमार जांगिड़ ने 2019 कामनवेल्थ सेक्रेटरी-जनरल्स इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट अवार्ड जीता। उन्हें यह पुरस्कार प्रीमच्योर बच्चों को साँस लेने के लिये सस्ती डिवाइस बनाने हेतु दिया गया है, इस डिवाइस का नाम "साँस" रखा गया है।
- ICANN और NASSCOM ने इंटरनेट ऑफ थिंग्स के लिये मानक निर्मित करने तथा संबंधित तकनीक विकसित करने के लिये सहमति प्रकट की है।
- फेसबुक ने "लिब्रा" नामक क्रिप्टोकरेंसी की जानकारी साझा की है, इसे औपचारिक रूप से 2020 में लॉन्च किया जाएगा।
- जुजाना कापुतोवा ने स्लोवाकिया की पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। जुजाना कापुतोवा ने राष्ट्रपति चुनाव में मारोस सेफ्कोविच को पराजित किया। स्लोवाकिया राजधानी ब्राटिस्लावा है तथा इसकी आधिकारिक भाषा स्लोवाक है तथा इसकी राष्ट्रीय मुद्रा यूरो है।
- राजस्थान के ओम बिरला को निर्विरोध लोकसभा का नया अध्यक्ष (स्पीकर) निर्वाचित किया गया, वे राजस्थान के कोटा से सांसद हैं।
- रबी एन. मिश्रा भारतीय रिज़र्व बैंक के कार्यकारी निदेशक बने, यह पद रोजमेरी सेबेस्टियन की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हुआ था।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने घोषणा की है कि वर्ल्ड फूड इंडिया 2019 का आयोजन नई दिल्ली के विज्ञान भवन तथा राजपथ लॉन में किया जाएगा। वर्ल्ड फूड इंडिया का आयोजन 1 से 4 नवम्बर, 2019 के बीच किया जाएगा।
- प्रतिवर्ष 17 जून को विश्व मरुस्थलीकरण व सूखा रोकथाम दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार मरुस्थलीकरण से अभिप्राय शुष्क तथा अर्ध-शुष्क क्षेत्र में भूमि के निम्नीकरण से है। इस वर्ष विश्व मरुस्थलीकरण व सूखा रोकथाम दिवस की थीम "लेट्स ग्रो द फ्यूचर टूगेदर" है।
- भारत और म्याँमार की सेनाओं ने अपनी सीमा के निकट के क्षेत्र में "ऑपरेशन सनराइज 2" का आयोजन किया, इसका आरंभ 16 मई, 2019 को हुआ था। यह ऑपरेशन तीन सप्ताह तक चला।
- डेनमार्क की इंगेर एंडरसन को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया। उनका कार्यकाल चार वर्ष का होगा। UNEP संयुक्त राष्ट्र का हिस्सा है, यह संगठन पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्य करता है। जून, 1972 में मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के परिणामस्वरूप UNEP की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय केन्या के नैरोबी में स्थित है।
- नई दिल्ली में 15-16 जून, 2019 के दौरान नमस्ते थाईलैंड फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। यह थाईलैंड फिल्म फेस्टिवल का तीसरा संस्करण था।
- संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास कन्वेंशन (UNCTAD) ने विश्व निवेश रिपोर्ट 2019 जारी की। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 6% की वृद्धि हुई। भारत 2017-18 में विश्व में सबसे अधिक प्रत्यक्ष निवेश प्राप्त करने वाले टॉप 20 देशों की सूची में शामिल है।
- विश्व शांति सूचकांक जारी किया गया, इस सूचकांक में 163 देशों की सूची में भारत 141वें स्थान पर है। भारत पिछले वर्ष के मुकाबले 5 स्थान नीचे फिसला है। यह सूचकांक ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (Australian think tank Institute for Economics-Peace) द्वारा जारी किया जाता है।
- प्रसिद्ध अंग्रेजी लेखक अमिताव घोष को ज्ञानपीठ पुरस्कार 2018 प्रदान किया गया, उन्हें यह सम्मान अंग्रेजी साहित्य में योगदान के लिये दिया गया है।
- किर्गिजस्तान की राजधानी बिश्केक में 14-15 जून, 2019 को शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह एक राजनीतिक और सुरक्षा समूह है जिसका मुख्यालय बीजिंग में है।
- कंबोडिया के सीएम रीप में 16वाँ एशिया मीडिया शिखर सम्मेलन 2019 शुरू हुआ, इसका उद्घाटन 12 जून को किया गया। इसकी थीम मीडिया के डिजिटलीकरण पर आधारित है।
- भारत प्रथम सिमुलेटेड अंतरिक्ष अभ्यास "IndSpaceEx" के आयोजन की योजना बना रहा है। इस अभ्यास का आयोजन जुलाई के अंतिम सप्ताह में रक्षा मंत्रालय के एकीकृत रक्षा स्टाफ के तहत किया गया।
- गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपानी ने भारत के पहले डायनासोर संग्रहालय व जीवाश्म पार्क का उद्घाटन गुजरात के महिसागर ज़िले के बालासिनोर कस्बे में रैयोली गाँव में किया।
- भारतीय जनता पार्टी के नेता वीरेंद्र कुमार को 17वीं लोकसभा के लिये प्रोटेम स्पीकर चुना गया। वीरेंद्र कुमार मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ से सात बार सांसद रह चुके हैं। प्रोटेम स्पीकर का कार्य नव-निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाना होता है। प्रोटेम स्पीकर ही नियमित स्पीकर के निर्वाचन कार्य का पर्यवेक्षण करता है।
- केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के सारनाथ में स्थित बौद्ध स्थल "चौखंडी स्तूप" को भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण द्वारा राष्ट्रीय महत्त्व का स्मारक घोषित किया गया है।
- फ्रेंच ओपन, 2019:

| श्रेणी | विजेता | उप- विजेता |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल** | राफेल नडाल | डोमिनिक थिएम |
| **महिला एकल** | एश्ले बार्टी | मार्केटा वोंडरूसोवा |
| **पुरुष युगल** | केविन क्राविएट्ज और अन्द्रियास मिएस | जेरेमी चार्दी और फ्राबिस मार्टिन |
| **महिला युगल** | तिमिया बाबोस और क्रिस्टीना म्लादेनोविच | दुआंग यिंगयिंग और झेंग साईसाई |
| **मिश्रित युगल** | लातिशा चान और इवान दोदिज | गाब्रिएला दाब्रोसकी और मेट पाविच |

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री किसान पेंशन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के द्वारा द्वारा किसानों को पेंशन कवर उपलब्ध करवाया जाएगा। इस योजना में प्रवेश के लिये व्यक्त की उम्र 18 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिये, लाभार्थी को 60 वर्ष की आयु के बाद न्यूनतम 3000 रुपए की निर्धारित पेंशन दी जाएगी। लाभार्थी किसान को प्रतिमाह 100 रुपए का अंशदान करना होगा, जितना अंशदान किसान द्वारा किया जाएगा उतना ही योगदान पेंशन फण्ड में केंद्र सरकार भी करेगी।
- पश्चिमी इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर माउंट सिनाबुंग ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ है, इसके कारण ज्वालामुखी से निकलने वाला धुआँ व राख कई किलोमीटर दूर तक फैल गई।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- भारतीय वायुसेना ने इजराइल से 100 से अधिक स्पाइस बम खरीदने के लिये 300 करोड़ रुपए के सौदे पर हस्ताक्षर किये हैं। SPICE का पूर्ण स्वरूप Smart] Precise Impact and Cost-Effective है। इसके दो संस्करण हैं: स्पाइस-1000 और स्पाइस 2000; स्पाइस-1000 का भार 5000 किलोग्राम है और इसकी ग्लाइड रेंज लगभग 100 किलोमीटर है। स्पाइस-2000 का भार 1,000 किलोग्राम है और इसकी ग्लाइड रेंज लगभग 60 किलोमीटर है।
- 16 वर्षीय ग्रेटा थनबर्ग ने एमनेस्टी इंटरनेशनल का "एम्बेसडर ऑफ कॉनसाइंस" अवार्ड 2019 जीता, उन्हें यह सम्मान ग्लोबल वार्मिंग के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रेटा थनबर्ग स्वीडन की रहने वाली है।
- रूस ने आर्कटिक क्षेत्र के लिये प्रथम पर्यटक रेल सेवा लॉन्च की है। इसके उद्घाटन दिवस के अवसर पर 91 लोगों ने इस रेल से सफर किया। यह रेल सेंट पीटर्सबर्ग से हो कर नॉर्वे तक जायेगी। इस रेल का नाम जारेनगोल्ड रखा गया है।
- चीन ने पहली बार समुद्र में तैरते हुए प्लेटफार्म से सफलतापूर्वक रॉकेट को लॉन्च किया, इसके साथ ही चीन इस उपलब्धि को हासिल करने वाला विश्व का तीसरा देश बन गया है।
- पहला सतत् विकास लक्ष्य लैंगिक सूचकांक जारी किया गया, इस सूचकांक में लैंगिक समानता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये की गई प्रगति के आधार पर देशों का मूल्यांकन किया गया। इस सूचकांक में 129 देशों की सूची में भारत को 95वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। इस सूचकांक को ब्रिटेन इक्वल मेज़र्स 2030 द्वारा किया गया है।
- तिज्जानी मुहम्मद-बन्दे को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया है, वे नाइजीरिया से हैं। वे संयुक्त राष्ट्र में नाइजीरिया के एम्बेसडर हैं।
- फेसबुक ने 4 जून, 2019 को भारत में पहला इंटरैक्टिव गेम शो "कन्फेटी" लॉन्च किया। इसकी घोषणा मुंबई में फेसबुक के सोशल एंटरटेनमेंट समिट के दौरान की गई।
- प्रत्येक वर्ष 5 जून को वैश्विक स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा हेतु जागरूक करना इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है। विश्व पर्यावरण दिवस 2019 का विषय 'वायु प्रदूषण' (Beat Air Pollution) है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के वैश्विक कार्यक्रम का मेज़बान देश चीन था।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने 3 जून से 7 जून, 2019 तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2019 के रूप में मनाया। इस वर्ष की थीम "किसान और वे किस प्रकार औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से लाभान्वित हो रहे हैं" है।
- इंग्लिश फुटबॉल क्लब लिवरपूल ने प्रतिष्ठित चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया है, लिवरपूल ने फाइनल में टॉटेनहम हॉटस्पर को 2-0 से हराया।
- केंद्र सरकार ने "जल शक्ति" नामक एक नया मंत्रालय बनाया है, इस मंत्रालय का निर्माण जल संसाधन, नदी विकास व पुनर्जीवन मंत्रालय और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय का विलय कर किया गया है।

## मई 2019

- सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का दायरा बढ़ा दिया है। यह निर्णय 31 मई, 2019 को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया है अब इस योजना के लिये भूमि स्वामित्व की सीमा को हटा दिया गया है। पहले इस योजना का लाभ 2 हेक्टेयर से कम भूमि वाले निर्धन किसानों को दिया जाता था।
- करमबीर सिंह को भारतीय नौसेना का नया चीफ नियुक्त किया गया, उन्होंने एडमिरल सुनील लाम्बा का स्थान लिया है। एडमिरल सुनील लाम्बा 31 मई को सेवानिवृत्त हुए।
- तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद में भारत के पहले ब्लॉकचेन ज़िले की स्थापना करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स तथा संस्थानों के लिये इकोसिस्टम तैयार करना है।
- 31 मई को पूरे विश्व में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उदेश्य लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले सभी स्वास्थ्य संबंधी खतरों और परेशानियों से अवगत कराते हुए संपूर्ण विश्व को तंबाकू मुक्त और स्वस्थ बनाना है।
- अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन विकास संस्थान (IMD) ने विश्व प्रतिस्पर्द्धा रैंकिंग 2019 जारी की, भारत इस सूची में 43वें स्थान पर पहुँच गया है।
- भारत के 17 वर्षीय युवा शूटर सौरभ चौधरी ने जर्मनी के म्यूनिख में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।
- स्कॉट मॉरिसन ने ऑस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ उप-प्रधानमंत्री माइकल मैककोरमैक ने भी शपथ ली।
- संयुक्त राष्ट्र मानव बस्ती कार्यक्रम (यू.एन. हैबिटैट) के पहले सत्र का आरंभ 27 मई, 2019 को केन्या के नैरोबी में यू.एन. हैबिटैट के मुख्यालय में हुआ। इसमें भारत को कार्यकारी बोर्ड के लिये चुना गया है। 2019 की सभा के लिये थीम "शहरों व समुदायों में बेहतर जीवन के लिये नवोन्मेष" रखी गई है।
- रूस ने प्रोजेक्ट 22220 LK-60Ya श्रेणी का परमाणु आइसब्रेकर "उराल" लॉन्च किया गया, इस आइसब्रेकर को सैंट पीटर्सबर्ग में बाल्टिक शिपयार्ड में लॉन्च किया गया।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- कार्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर बलराम भार्गव को डॉ. ली जोंग वुक मेमोरियल प्राइज फॉर पब्लिक हेल्थ से सम्मानित किया गया, उन्हें यह सम्मान 72वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में प्रदान किया गया।
- अमेरिका की निजी अंतरिक्ष एजेंसी स्पेस एक्स ने राकेट द्वारा 60 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित किया, यह उपग्रह स्पेस एक्स की "स्टार लिंक" परियोजना का हिस्सा हैं।
- भारत की अपूर्वी चंदेला ने जर्मनी के म्यूनिख में ISSF विश्व कप राइफल में महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में स्वर्ण पदक जीता।
- भारतीय वायुसेना के AN-32 एयरक्राफ्ट को स्वदेशी जैव-जेट इंधन के द्वारा उड़ान भरने के लिये प्रमाणीकृत किया गया। AN-32 एक परिवहन विमान है, इसका निर्माण रूस द्वारा किया गया था।
- 23 मई, 2019 को न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) का उद्घाटन बंगलुरु में किया गया, यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक शाखा है। यह अंतरिक्ष टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में निजी उद्यम को बढ़ावा देगी। यह तकनीक हस्तांतरण मैकेनिज्म द्वारा स्माल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (SSLV) तथा PSLV के विकास व उत्पादन का कार्य करेगी। यह वैश्विक वाणिज्यिक SSLV मार्केट की मांग को पूरा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
- सायरिल रामफोसा ने दक्षिण अफ्रीका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- नासा ने "आर्टेमिस" कार्यक्रम के लिये समय सारणी जारी की, इस मिशन के तहत नासा अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर भेजेगा। इस मिशन में आठ लॉन्च शामिल हैं। ARTEMIS का पूर्ण रूप "Acceleration, Reconnection, Turbulence and Electrodynamics of the Moon's Interaction with the Sun" है। नासा 2020 में चंद्रमा के लिये आर्टेमिस 1 मिशन भेजगा, इसमें अंतरिक्ष यात्री नहीं होंगे।
- यूक्रेन के नव निर्वाचित राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पद व गोपनीयता की शपथ ली। जेलेंस्की एक पेशेवर कॉमेडियन हैं।
- किड्स राइट इंडेक्स 2019 में भारत को 180 देशों की सूची में 117वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। इस सूचकांक द्वारा विभिन्न देशों में बच्चों के अधिकार की स्थिति का मूल्यांकन किया जाता है। इस सूची में पहले स्थान पर आइसलैंड है। यह सूचकांक किड्स राईट फाउंडेशन तथा रॉटरडैम के इरेस्मस विश्वविद्यालय की पहल है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अल्जीरिया और अर्जेंटीना को मलेरिया से मुक्त घोषित किया।
- शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक का आयोजन किर्गिज़स्तान में किया गया। यह बैठक किर्गिज़स्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित की गई।
- फ्लाइट लेफ्टिनेंट भावना कंठ इतिहास रचते हुए भारतीय वायुसेना की पहली महिला पायलट बन गई हैं जिन्होंने लड़ाकू विमान में कॉम्बैट मिशन के लिये क्वालीफाई किया है।
- 26 वर्षीय प्रियंका मोहिते ने विश्व के पाँचवें सबसे ऊँचे पर्वत माउंट मकालू पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की, माउंट मकालू की ऊँचाई 8,481 मीटर है। वह माउंट मकालू पर चढ़ाई करने वाली पहली भारतीय महिला हैं।
- जोखा अल्हार्थी ओमान की लेखिका हैं, उन्होंने 2019 मैन बुकर इंटरनेशनल प्राइज जीता है। उन्हें यह पुरस्कार उनके उपन्यास "सेलेशियल बॉडीज" के लिये प्रदान किया गया है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने रडार इमेजिंग सैटेलाइट "RISAT 2B" को लॉन्च किया। पहले इस सैटेलाइट को वर्ष 2020 में RISAT-2। के बाद लॉन्च करने की योजना थी। यह उपग्रह दिन तथा रात में पृथ्वी के हाई रेज़ोल्यूशन चित्र ले सकता है।
- 49 वर्षीय नेपाली शेरपा कामी रीता ने रिकॉर्ड 24वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करते हुए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वह 24वीं बार विश्व के सबसे ऊँचे पर्वत के शिखर पर पहुँचे।
- ताइवान ने 17 मई, 2019 को देश में समलैंगिक विवाह को मंजूरी दे दी है, इसके साथ ही ताइवान समलैंगिक विवाह को मंजूरी देने वाला पहला देश बन गया है।
- भारत और म्याँमार के बीच समन्वित गश्त (IMCOR) 20 मई, 2019 को शुरू हुई, यह गश्त 28 मई, 2019 को समाप्त हुई।
- जोको विदोदो को पुनः इंडोनेशिया का राष्ट्रपति चुना गया है। पिछले माह हुए राष्ट्रपति चुनावों में जोको विदोदो को 55.5% मत मिले। उनके मुख्य प्रतिद्वंदी पूर्व जनरल प्रबोवो सुबियांतो थे।
- SIMBEX-19 (Singapore India Maritime Bilateral Eñercise) नौसैनिक अभ्यास का आयोजन भारत तथा सिंगापुर के बीच दक्षिण चीन सागर में किया गया। इसका आरम्भ 16 मई, 2019 को हुआ।
- भारत ने अफगानिस्तान को दो Mi-24 हेलीकॉप्टर प्रदान किये। ये हेलीकॉप्टर भारतीय एम्बेसडर ने काबुल एयरफोर्स बेस में अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री को सौंपे।
- केरल मसाला बॉण्ड बाज़ार में प्रवेश करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है। केरल अधोसंरचना निवेश फण्ड बोर्ड ने 2150 करोड़ रुपए के मसाला बॉण्ड जारी किये हैं। मसाला बॉण्ड की रेटिंग के लिये केरल अधोसंरचना निवेश फण्ड बोर्ड ने स्टैंडर्ड एंड पूअर्स और फिच रेटिंग्स को नियुक्त किया। इस बॉण्ड को लन्दन स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टेड किया गया है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये RBI द्वारा नियुक्त समिति ने अपनी रिपोर्ट RBI गवर्नर शक्तिकांत दास को सौंप दी है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने नंदन निलेकणी की अध्यक्षता में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया था।
- संयुक्त राष्ट्र आपदा न्यूनीकरण कार्यालय ने भारत के प्रधानमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सासाकावा अवार्ड 2019 प्रदान किया।
- 2023 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन चीन में किया जाएगा।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने विजन डॉक्यूमेंट जारी किया, इसका शीर्षक "Payment and Settlement Systems in India : Vision 2019-2021" है।
- चीन ने ऑनलाइन विश्व ज्ञान कोष "विकिपीडिया" के सभी संस्करणों पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- भारत ने क्राइस्टचर्च कॉल" नामक पहल पर हस्ताक्षर किये है। पेरिस शिखर सम्मेलन में फ्राँस के राष्ट्रपति एमनुअल मैक्रॉन तथा न्यूज़ीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा आर्दर्न ने आतंकवाद तथा हिंसा से संबंधित ऑनलाइन सामग्री को समाप्त करने के लिये "क्राइस्टचर्च कॉल" को लॉन्च किया था।
- अमेरिका के ऊर्जा विभाग की लॉरेंस बर्कले नेशनल लेबोरेटरी ने नई पीढ़ी के प्लास्टिक का निर्माण किया है। इस प्लास्टिक को PDK (Poly Di-Ketoenamine) नाम दिया गया है। इस प्लास्टिक को किसी भी रंग, आकार तथा स्वरूप के नए पदार्थ में पूर्ण रूप से रीसाइकल किया जा सकता है, रीसाइकल किये जाने से प्लास्टिक की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती।
- भारत को वित्त वर्ष 2020 के लिये Global Facility for Disaster Reduction and Recovery (GFDRR) के कंसल्टेंटिव ग्रुप का सह-अध्यक्ष चुना गया है। यह निर्णय स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर वैश्विक प्लेटफॉर्म के छठे सत्र के दौरान लिया गया।
- इंडियन कोस्ट गार्ड शिप "विग्रह" को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में डीकमीशन किया गया।
- जस्टिस पिनाकी चन्द्र घोष भारत के प्रथम लोकपाल हैं। लोकपाल में एक चेयरमैन तथा 8 सदस्यों का प्रावधान है। नियमों के अनुसार लोकपाल के आठ सदस्यों में से चार सदस्य न्यायिक क्षेत्र से होने चाहिये।
- विंग कमांडर अभिनन्दन की यूनिट को अब "फाल्कन स्लेअर" के नाम से जाना जाएगा, यह सम्मान विंग कमांडर द्वारा पाकिस्तानी F-16 विमान को मार गिराने के उपलक्ष्य में दिया गया है।
- विश्व के सबसे अधिक लोकप्रिय मैसेजिंग एप में से एक व्हाट्सएप ने टार्गेटेड स्पाईवेयर अटैक की पुष्टि कर दी है। गौरतलब है कि व्हाट्सएप को दुनिया भर में 1.5 अरब से अधिक लोग इस्तेमाल करते हैं।
- भारत की महिला कैप्टन आरोही पंडित "माही" नामक लाइट स्पोर्ट्स एयरक्राफ्ट द्वारा अकेले अटलांटिक महासागर को पार करने वाली पहली महिला बनीं।
- जापान ने विश्व की सबसे तेज शिन्कासेन बुलेट ट्रेन "अल्फा-एक्स" का परीक्षण शुरू किया, यह ट्रेन 400 किलोमीटर प्रति घंटे की गति प्राप्त करने में सक्षम है।
- भारत के कृषि व ग्रामीण विकास बैंक "नाबार्ड" ने  देश में ग्रामीण तथा कृषि स्टार्टअप्स के लिये 100 मिलियन डॉलर (700 करोड़ रुपए) के फण्ड की घोषणा की है।
- रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (DRDO) ने "अभ्यास" (ABHYAS – High&speed Eñpendable Aerial Target) नामक ड्रोन की उड़ान का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण ओडिशा के बालासोर में चाँदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया।
- भारत की जी. एस. लक्ष्मी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की पहली महिला रेफरी बन गई हैं, अब वह अंतर्राष्ट्रीय मैचों में रेफरी के रूप में कार्य कर सकती हैं।
- इसरो के चेयरमैन डॉ. के. सिवान ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (SDSC) SHAR में युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम "युविका 2019" का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन 13 मई से 26 मई, 2019 तक किया गया। इसरो ने यह कार्यक्रम केंद्र सरकार के "जय विज्ञान, जय अनुसंधान" विचार की तर्ज पर लॉन्च किया है।
- विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने मेड्रिड ओपन टेनिस का पुरुष एकल वर्ग का खिताब अपने नाम किया। फाइनल में उन्होंने ग्रीस के स्तेफानोस सित्सिपास को पराजित किया।
- आसियान रक्षा मंत्री बैठक (ADMM)-PLUS समुद्री सुरक्षा क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास (MS FTX) का समापन 13 मई, 2019 को सिंगापुर के आरएसएस सिंगापुरा (चांगी नेवल बेस) में हुआ।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने औद्योगिक ट्रांस-फैट को समाप्त करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय खाद्य व पेय पदार्थ गठबंधन (IFBA) के साथ समझौता किया है। औद्योगिक ट्रांस-फैट को वर्ष 2023 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।
- मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2019 का खिताब जीता, फाइनल में मुंबई ने चेन्नई सुपर किंग्स को मात्र एक रन से पराजित किया।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- संयुक्त राष्ट्र के महासचिव अंतोनियो गुटेरेस ने 17 वें वैश्विक सतत् विकास लक्ष्य हेतु  एडवोकेट नियुक्त किये हैं, इनमें भारत की दिया मिर्ज़ा तथा अलीबाबा के चीफ जैक मा भी शामिल हैं।
- जापानी एयरोस्पेस स्टार्टअप कंपनी इंटरस्टेलर टेक्नोलॉजी अंतरिक्ष में राकेट लॉन्च करने वाली जापान की पहली निजी फर्म बन गई है। इस कंपनी ने "मोमो-3" नामक छोटा राकेट होकाईडो लॉन्च किया।
- अमेरिका के महान गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा प्रेसिडेंशियल मैडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया। टाइगर वुड्स इस सम्मान को पाने वाले चौथे तथा सबसे युवा प्रोफेशनल गोल्फर हैं।
- भारत की जगजीत पवड़िया को अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स नियंत्रण बोर्ड के लिये पुन: निर्वाचित किया गया है। वह 2015 से अंतर्राष्ट्रीय नारकोटिक्स नियंत्रण बोर्ड की सदस्य हैं।
- ओडिशा में फानी/फणि चक्रवात आया, इससे सामान्य जन-जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ। इस चक्रवात से 1 करोड़ से भी अधिक लोग प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री ने इस चक्रवात से पीड़ितों की सहायता के लिये 1,000 करोड़ रुपए की सहायता की घोषणा की।
- फिनलैंड के रोवानिएमी में 11वीं आर्कटिक परिषद की मंत्रिस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, इस बैठक में भारत को आर्कटिक परिषद के अंतर सरकारी फोरम में पुन: पर्यवेक्षक चुना गया है।
- प्रतिवर्ष 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व थैलेसीमिया दिवस की थीम "थैलेसीमिया के लिये गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधा की सार्वभौमिक पहुँच" है। थैलेसीमिया एक रक्त संबंधी आनुवंशिक विकार है।
- पाकिस्तान के आल राउंडर शाहिद अफरीदी की आत्मकथा "गेम चेंजर" है। इस विवादित आत्मकथा को शाहिद अफरीदी तथा पत्रकार वजाहत एस. खान द्वारा लिखा गया है।
- भारतीय नौसेना के प्रमुख मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस रंजीत को 36 वर्षों की सेवा के बाद अब सेवामुक्त किया गया। इस मिसाइल डिस्ट्रॉयर को 15 सितंबर, 1983 से चालू किया गया था।
- भारत को ऑस्ट्रेलिया, चिली और दक्षिण अफ्रीका के साथ G-7 देशों के शिखर सम्मेलन के लिये आधिकारिक रूप से आमंत्रित किया गया। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन 24-25 अगस्त, 2019 को फ्राँस के बियारिट्ज में किया गया।
- भारतीय नौसेना की चौथी स्टेल्थ स्कॉर्पीन श्रेणी पनडुब्बी को प्रोजेक्ट 75 के तहत लॉन्च किया गया, इस पनडुब्बी को ट्रायल के लिये मुंबई के मझगाँव डॉक लिमिटेड के कान्होजी अंगरे वेट बेसिन में लॉन्च किया गया है।
- नासा के अनुसार, 99942 अपोफिस क्षुद्रग्रह अगले 10 वर्षों में पृथ्वी की ओर बढ़ेगा। हालाँकि यह क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से लगभग 31,000 किलोमीटर की ऊँचाई से होकर गुजरेगा।
- जीरो पेंडेंसी कोर्ट्स प्रोजेक्ट दिल्ली उच्च न्यायालय का एक पायलट प्रोजेक्ट है। इसका क्रियान्वयन दिल्ली के विभिन्न अधीनस्थ न्यायालयों में किया जा रहा है। इसके द्वारा विभिन्न प्रकार के मामलों के लिये समय-सीमा तथा न्यायाधीशों की संख्या निश्चित करने में सहायता मिलेगी।
- मुख्य आर्थिक सलाहकार कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन को 15वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद का सदस्य नियुक्त किया गया। वह 15वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के 12वें सदस्य हैं।
- यूनाइटेड किंगडम को विश्व की पहली विधानपालिका बनाया गया है, जिसने राष्ट्रीय पर्यावरण तथा जलवायु आपातकाल प्रस्ताव को पारित किया है।
- इसरो के पूर्व चेयरमैन को फ्राँस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान शेवलियेर डी ली ओर्द्रे नेशनल डी ला लीजन डी'हॉनर प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान भारत-फ्राँस अंतरिक्ष सहयोग के लिये दिया गया है। ए.एस. किरण कुमार वर्ष 2015 से 2018 के बीच इसरो के अध्यक्ष रहे।
- मामलुह गुफा मेघालय में स्थित है। जियोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया नार्थ ईस्टर्न रीज़न ने दो जियोलाजिकल डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किये हैं। इसका उद्देश्य पर्यटकों में इस स्थान के महत्त्व के बारे में जागरूकता फैलाना है
- 2018-19 में भारत का सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्त्ता देश इराक रहा। इराक ने भारत को 2018-19 में 46.61 मिलियन टन कच्चे तेल का निर्यात किया। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 2% अधिक है।
- 3 मई को हर साल विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2019 के लिये विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का विषय 'Media for Democracy' रखा गया है।
- वैश्विक थिंक टैंक स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (SIPRI) ने नया डेटा जारी किया है, जिसके अनुसार, 2018 में अमेरिका का सैन्य व्यय सर्वाधिक था। अमेरिका का सैन्य व्यय 649 अरब डॉलर था। इस सूची में चीन दूसरे स्थान पर है। इस सूची में शामिल अन्य देश हैं- सऊदी अरब (67.6 अरब डॉलर), भारत (66.5 अरब डॉलर) तथा फ्राँस (63.8 अरब डॉलर) इस अध्ययन के अनुसार, अमेरिका ने वर्ष 2010 के बाद पहली बार सैन्य व्यय में वृद्धि की है।
- संयुक्त राष्ट्र ने पाकिस्तान के कुख्यात आतंकवादी मसूद अज़हर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कर दिया है। चीन ने भारी अंतर्राष्ट्रीय दबाव के बाद तकनीकी रोक को हटाया, जिसके बाद मसूद अज़हर को वैश्विक आतंकी घोषित किया गया।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- फुटबॉलर वर्जिल वान दिक ने इंग्लैंड में प्रोफेशनल फुटबॉलर्स एसोसिएशन (PFA) प्लेयर ऑफ द इयर का खिताब जीता।
- भारत और फ्राँस के बीच "वरुण नौसैनिक अभ्यास" गोवा के निकट शुरू हुआ। इस द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास की शुरुआत सर्वप्रथम वर्ष 1983 में हुई थी, इसका नाम वर्ष 2001 में "वरुण" रखा गया। इस अभ्यास का आयोजन 1 मई, 2019 से 10 मई, 2019 के बीच किया गया।
- 1 मई को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संघों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिये अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2018 का विषय है- सबके लिये स्थायी पेंशन: सामाजिक पार्टनर्स की भूमिका (Sustainable Pension for All : The Role of Social Partners) है।

## अप्रैल 2019

- पत्रकार सबा नकवी द्वारा लिखी गई पुस्तक "पॉलिटिक्स ऑफ जुगाड़ : द कोएलिशन हैण्डबुक" जारी की गई, इस पुस्तक में वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद देश में गठबंधन की सरकार की संभावना का विश्लेषण किया गया है।
- अप्रैल, 2019 में टाइम पत्रिका ने 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची जारी की है, इस सूची में तीन भारतीय (मुकेश अम्बानी, मेनका गुरुस्वामी तथा अरुंधती काटजू) शामिल हैं। इस सूची में डोनाल्ड ट्रंप, इमरान खान, शी जिनपिंग, पोप फ्रांसिस, टाइगर वुड्स तथा मार्क जुकरबर्ग शामिल हैं।
- अप्रैल 2019 में द्वितीय बेल्ट एंड रोड फोरम का आयोजन चीन की राजधानी बीजिंग में किया गया। इस फोरम में चीन की महत्त्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) पहल की समीक्षा की गई। इस फोरम में 126 देशों तथा 29 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने हिस्सा लिया। भारत ने पहले फोरम की भाँति इस फोरम में भी हिस्सा नहीं लिया। बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) को 21वीं सदी का रेशम मार्ग कहा जाता है, इसकी घोषणा वर्ष 2013 में की गई थी।
- भारतीय स्टेट बैंक ने भारत का पहला "ग्रीन कार लोन" (विद्युत् वाहन) लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य लोगों को विद्युत् वाहन खरीदने के लिये प्रेरित करना है। इस नई योजना के तहत 20 बेसिस पॉइंट कम दर पर ऋण दिया जाएगा।
- बार्सिलोना फुटबॉल क्लब ने स्पेनिश फुटबॉल लीग "ला लीगा" का खिताब जीत लिया, यह पिछले 11 सीजन में बार्सिलोना का आठवाँ खिताब है। बार्सिलोना ने लेवान्ते के विरुद्ध खेले गए मैच में 1-0 से जीत प्राप्त की, इस मैच का एकमात्र गोल लिओनेल मेसी ने किया। ला लीगा विश्व की सबसे अधिक लोकप्रिय फुटबॉल लीग में से एक है। यह फुटबॉल लीग स्पेन में खेली जाती है।
- भारत की जैव वैज्ञानिक गगनदीप कांग फेलो ऑफ द रॉयल सोसाइटी के 359 वर्ष के इतिहास में शामिल की जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। कांग को बच्चों में होने वाले संक्रमण के अनुसंधान के लिये जाना जाता है। उन्होंने रोटावायरस तथा टाइफाइड के स्वदेशी टीके के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- बीमा नियामक व विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने माइक्रो इंश्योरेंस फ्रेमवर्क की समीक्षा के लिये सुरेश माथुर समिति का गठन किया है। यह समिति माइक्रो इंश्योरेंस उत्पादों की मांग को बढ़ाने के लिये सुझाव भी देगी।
- भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल और पूजा रानी ने एशियाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत के लिये दो स्वर्ण पदक जीते। अमित पंघाल ने 52 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। जबकि पूजा रानी ने महिलाओं के 81 किलोग्राम भार वर्ग में मौजूदा विश्व चौंपियन वांग लीना को पराजित करके स्वर्ण पदक जीता।
- सायरिल अल्मीडा एक पाकिस्तानी पत्रकार हैं। सायरिल को हाल ही में इंटरनेशनल प्रेस इंस्टीट्यूट वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम हीरो अवार्ड प्रदान किया गया। उन्हें उनकी साहसिक पत्रकारिता के लिये यह सम्मान दिया गया है।
- भारतीय मेडिकल अनुसंधान परिषद ने हाल ही में मेरा (MERA : Malaria Elimination Research Alliance) इंडिया अभियान लॉन्च किया। इस अभियान का उद्देश्य वर्ष 2030 तक भारत में मलेरिया के रोग का उन्मूलन करना है।
- भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख दलबीर सिंह सुहाग को सेशल्स में भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है।
- प्रतिवर्ष 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। इसकी स्थापना वर्ष 2000 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क तथा डिज़ाइन के महत्त्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस इसलिये मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की स्थापना के लिये समझौता लागू हुआ था। इस वर्ष विश्व बौद्धिक संपदा दिवस की थीम "रीच फॉर गोल्ड : इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी एंड स्पोर्ट्स" है।
- अप्रैल, 2019 में एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप के 23वें संस्करण का समापन कतर के दोहा में हुआ। इस प्रतिस्पर्द्धा में भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। भारत ने इस प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण, सात रजत तथा सात कांस्य पदक जीते।
    1. गोमती मरिमुथु : महिलाओं की 800 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक


Copyright – Drishti The Vision Foundation

2. तेजिंदर पाल सिंह : शॉट पुट में स्वर्ण पदक
3. पी. यू. चित्रा : 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक
4. अजय कुमार सरोज : पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक
5. दुती चन्द : महिलाओं की 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक
6. प्राची, एम.आर. पूवम्मा, सरिताबेन गायकवाड़ तथा वी.के. विस्मय : महिलाओं की 4×400 रीले में रजत पदक
7. कुन्हु, के. एस. जीवन. मोहम्मद अनस तथा अरोकिया राजीव : पुरुषों की 4×400 रीले में रजत पदक

- नासा के इनसाइट लैंडर ने हाल ही में मंगल ग्रह पर भूकंप का पता लगाया है। नासा का इनसाइट मिशन (Interior Exploration using Seismic Investigations, Geodesy and Heat Transport– InSight) एक रोबोटिक लैंडर है जो मंगल ग्रह के आंतरिक हिस्से के बारे में जानकारी एकत्रित करेगा। इस मिशन को नासा ने 5 मई, 2018 को लॉन्च किया था।
- रबीन्द्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार 2019 राणा दासगुप्ता को उनके उपन्यास "सोलो" के लिये दिया गया। यह रबीन्द्रनाथ टैगोर साहित्य पुरस्कार का दूसरा संस्करण है।
- इस वर्ष विश्व प्रतिरक्षण सप्ताह (World Immunization Week) 24 से 30 अप्रैल तक मनाया गया। इसकी थीम "एक साथ सुरक्षित : टीके काम करते हैं" रखी गई है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने नाबार्ड तथा नेशनल हाउसिंग बैंक (NHB) में अपनी संपूर्ण हिस्सेदारी 20 करोड़ रुपए तथा 1,450 करोड़ रुपए में क्रमश: सरकार को बेच दी है। अब नेशनल हाउसिंग बोर्ड तथा नाबार्ड की 100% हिस्सेदारी सरकार के पास है। नाबार्ड भारत के अग्रणी विकास बैंकों में से एक है। इसकी स्थापना 12 जुलाई, 1982 को की गई थी, इसका मुख्यालय महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित है। यह बैंक मुख्य रूप से कृषि वित्त/ऋण संबंधी कार्य करता है। राष्ट्रीय हाउसिंग बोर्ड (NHB) एक रेगुलेटरी संस्था है, यह आवास के लिये साख के प्रवाह को विनियमित करती है। यह आवास के लिये सर्वोच्च वित्तीय संस्थान है। इसकी स्थापना 9 जुलाई, 1988 को की गई थी। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
- प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व भर में विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मलेरिया के बारे में जागरूकता फैलाना तथा इसे रोकने के लिये प्रयास करना है।
- 24 अप्रैल को भारतीय तटरक्षक बल के C-441 वेसल को कमीशन किया गया। इस अवसर पर सेना, नौसेना, वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस वेसल को तिरुवनंतपुरम के विझिन्जम बंदरगाह में कमीशन किया गया।
- रूस ने विश्व के पहले तैरते हुए परमाणु ऊर्जा प्लांट एकेडमिक लोमोनोसोव के ट्रायल को पूरा किया। इस ट्रायल का उद्देश्य परमाणु ऊर्जा प्लांट के तकनीकी पैरामीटर्स की कार्यकुशलता सुनिश्चित करना था। एकेडमिक लोमोनोसोव का निर्माण रूस की सरकारी परमाणु ऊर्जा फर्म रॉस्कॉम (ROSCOM) द्वारा किया गया है।
- राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जाता है। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस संविधान के अधिनियम 1992 (73वाँ संशोधन) को पारित करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- संयुक्त अरब अमीरात में 29वाँ अबू धाबी अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेला अप्रैल माह में आयोजित किया गया, इस मेले में भारत "गेस्ट ऑफ ऑनर" देश के रूप में आमंत्रित किया गया था।
- अंतर्राष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 2019 में दो भारतीय पोत-स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस कोलकाता तथा आईएनएस शक्ति ने हिस्सा लिया। इसका आयोजन चीन के किंगदाओ में 23 अप्रैल, 2019 को किया गया।
- अफ्रीकी देश मलावी ने विश्व के सबसे एडवांस्ड मलेरिया टीके का परीक्षण करने की घोषणा की। यह परीक्षण काफी बड़े स्तर पर किया जाएगा। मलेरिया के कारण प्रतिवर्ष अफ्रीका और एशिया में लाखों लोग मारे जाते हैं। इस टीके का नाम मोस्कीरिक्स रखा गया है।
- श्रीलंका ने 21 अप्रैल, 2019 को देश में बम धमाकों के बाद आपातकाल घोषित कर किया दिया था।
- चीन के गुइजू में हाल ही में पाँच चाय उत्पादक तथा उपभोक्ता देशों का "एशियन टी अलायन्स" लॉन्च किया गया। इस अलायन्स में भारतीय चाय संघ, चीनी चाय मार्केटिंग संघ, इंडोनेशियाई चाय विपणन संघ, श्रीलंका चाय बोर्ड तथा जापान चाय संघ शामिल हैं।
- असमानता पर अध्ययन के लिये लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स ने अमर्त्य सेन चेयर (अध्ययन पीठ) की स्थापना की घोषणा है। अमर्त्य सेन लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे हैं। इसका उद्देश्य अनुसंधान, शिक्षा तथा जन सहयोग की सहायता से समाज कल्याण के लिये कार्य करना है।
- इंडोनेशिया के बाली में स्थित माउंट अगुंग ज्वालामुखी में पुन: विस्फोट हुआ, इस ज्वालामुखी से 2 किलोमीटर की ऊँचाई तक राख फैल गई। इसके अलावा इंडोनेशिया के माउंट ब्रोमो तथा माउंट मेरापी में भी विस्फोट हुआ।
- 20 अप्रैल को भारतीय नौसेना ने मुंबई के मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स में स्वदेशी रूप से निर्मित मिसाइल विध्वंसक पोत "इम्फाल" का जलावतरण किया। यह पोत मेक-इन-इंडिया का बेहतरीन उदाहरण है। इस पोत को प्रोजेक्ट 15B के अंतर्गत लॉन्च किया गया है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- प्रतिवर्ष 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रशासनिक सुधार तथा जन शिकायत विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।
- प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जाता है। पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों को दर्शाने तथा पर्यावरण सुरक्षा के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिये प्रत्येक वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस 2019 का विषय "हमारी प्रजातियों को बचाओ" (Protect Our Species) है।
- भारतीय नौसेना ने भारतीय तटरक्षक बल के साथ मिलकर बड़े स्तर पर तटीय रक्षा अभ्यास "सी विजिल 2019" का आयोजन किया। इस अभ्यास का आयोजन 22-23 जनवरी, 2019 को किया गया। इस अभ्यास का मुख्य लक्ष्य 26/11 जैसे हमलों को रोकने के लिये सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना था।
- नेपाल का पहला उपग्रह वर्जिनिया से नासा द्वारा अंतरिक्ष में छोड़ा गया। नेपाली सैट-1 पृथ्वी की कक्षा में घूमते हुए देश की टोपोग्राफी तथा पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र के बारे में जानकारी एकत्रित करेगा।
- दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन में कार्यरत्त 150 भारतीय शांति सैनिकों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा उनकी सेवाओं के लिये मैडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।
- हाल ही में रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019 जारी किया। इस सूचकांक में भारत दो स्थान फिसलकर 140वें स्थान पर पहुँच गया है। 2018 में भारत इस सूचकांक में 138वें स्थान पर था।
- भारत और फ्राँस के बीच मई में "वरुण नौसैनिक अभ्यास" का आयोजन हुआ।
- श्रीलंका के पहले उपग्रह रावण-1 को वर्जिनिया में नासा की फ्लाइट फैसिलिटी से अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया। रावण-1 का भार 1.05 किलोग्राम है, इसका आकार 1000 क्यूबिक सेंटीमीटर है।
- सऊदी अरब ने हाल ही में घोषणा की है कि नवंबर, 2020 में राजधानी रियाध में G-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन करेगा। गौरतलब है कि यह अरब जगत में आयोजित किया जाने वाला पहला G-20 शिखर सम्मेलन होगा।
- 17 अप्रैल को विश्व हीमोफिलिया दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य हीमोफिलिया से पीड़ित अन्य लोगों को चिह्नित करना है। हीमोफिलिया एक चिकित्सीय स्थिति है जिसमें व्यक्ति के शरीर में थक्का बनने की क्षमता कम हो जाती है। जिस कारण छोटी-मोटी चोट से भी काफी अधिक खून शरीर से बह जाता है। यह आमतौर पर आनुवंशिक होता है और एक्स क्रोमोसोम में खराबी के कारण होता है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में GSLV (Geosynchronous Satellite Launch Vehicle) कार्यक्रम के चौथे चरण को मंज़ूरी दे दी है, इसमें वर्ष 2021-2024 के दौरान पाँच राकेट उड़ान शामिल है। GSLV राकेट के चौथे चरण द्वारा दो टन भारी वर्ग के सैटेलाइट भी लॉन्च किये जा सकेंगे, इसका उपयोग भू-चित्रण, नौसंचालन, डेटा रीले कम्युनिकेशन तथा अंतरिक्ष विज्ञान के लिये किया जा सकता है।
- नासा के TESS (Transiting Eñoplanet Survey Satellite) मिशन ने पृथ्वी के आकार के ग्रह की खोज की है। HD 21749C नामक ग्रह पृथ्वी के व्यास के 89% के बराबर है। HD 21749C ग्रह के-टाइप स्टार है, इसका द्रव्यमान सूर्य का 70% है, यह दक्षिणी तारामंडल रेटिकुलम में 53 प्रकाश वर्ष दूर है।
- संयुक्त अरब अमीरात के दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 30 अप्रैल से 1 मई, 2019 के दौरान विश्व के सबसे बड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी थीम "AI एव्रीथिंग" थी।
- यूनेस्को/गुइलेर्मो कानो प्रेस स्वतंत्रता पुरस्कार 2019 रायटर्स के दो रिपोर्टरों वा लोन तथा क्याव सोऊ को प्रदान किया गया है। इन दो पत्रकारों ने म्याँमार के रखाइन राज्य में मानवाधिकार उल्लंघन की रिपोर्टिंग की थी। इन दोनों ने रोहिंग्या मुसलमानों पर म्याँमार में हुए अत्याचारों की रिपोर्टिंग की थी, इसके बाद इन पत्रकारों को गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया था।
- भारत की पहली स्वदेश निर्मित सब-सोनिक क्रूज मिसाइल "निर्भय" का सफल परीक्षण किया गया। इसका परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर टेस्ट रेंज में किया गया। निर्भय मिसाइल क्षैतिज तथा लंबवत तरीके से उड़ान भर सकती है। यह दो चरण वाली मिसाइल है, इसमें एडवांस्ड सिस्टम्स लेबोरेटरी (ASL) द्वारा विकसित ठोस राकेट मोटर बूस्टर का उपयोग किया गया है। इस मिसाइल की ऑपरेशनल रेंज लगभग 1,000 किलोमीटर है, यह 300 किलोग्राम तक की विस्फोटक सामग्री अपने साथ ले जाने में सक्षम है, यह मिसाइल परमाणु हथियार भी ले जा सकता है।
- मोहम्मद इश्ताये को फिलिस्तीन का नया प्रधानमंत्री चुना गया है। उन्होंने 24 मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति महमूद अब्बास के समक्ष शपथ ली।
- अमेरिकी निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेस एक्स ने हाल ही में विश्व के सबसे शक्तिशाली ऑपरेशनल राकेट "फाल्कन हैवी" की पहली वाणिज्यिक उड़ान सफलतापूर्वक लॉन्च की। इस राकेट को अमेरिका के फ्लोरिडा में केप कैनवेरल से लॉन्च किया गया।
- इज़राइल का चंद्रमा मिशन असफल हो गया है, हाल ही में इज़राइल का बेरेशीट स्पेसक्राफ्ट चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त


Copyright – Drishti The Vision Foundation

हो गया। इजराइल के बेरेशीट स्पेसक्राफ्ट को चंद्रमा की सतह पर लैंड किया जाना था।

- तेलुगू कवि के. सिवा रेड्डी को प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान 2018 के लिये चुना गया है, उन्हें यह सम्मान उनके काव्य संग्रह "पक्काकी ओट्टीगिलिते" के लिये प्रदान किया जा रहा है।
- संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या फंड ने "स्टेट ऑफ वर्ल्ड पापुलेशन 2019" रिपोर्ट जारी की। वर्ष 2010 से वर्ष 2019 के बीच भारत की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर 1.2% रही, यह चीन की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर से लगभग दुगुनी है। वर्ष 2019 में भारत की जनसंख्या लगभग 1.36 अरब पर पहुँच गई है। चीन की जनसंख्या 2019 में 1.42 अरब पर पहुँच गई है। वर्ष 2010 से 2019 के बीच चीन की जनसंख्या वृद्धि दर 0.5% रही। वर्ष 1969 में महिलाओं की प्रजनन दर 5.6 थी, वर्ष 1994 में यह कम होकर 3.7 तथा 2019 में 2.3 हो गई।
- भारत और सिंगापुर के बीच चार दिवसीय "बोल्ड कुरुक्षेत्र 2019" संयुक्त सैन्य अभ्यास का आयोजन किया गया। यह बोल्ड कुरुक्षेत्र सैन्य अभ्यास का 12वाँ संस्करण था। इस अभ्यास का आयोजन झाँसी के बबीना कैंटोनमेंट में किया गया।
- जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया की चेयरमैन व मैनेजिंग डायरेक्टर ऐलिस जी. वैद्यन को "फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन" पुरस्कार प्रदान किया गया है, उन्हें यह सम्मान भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच संबंधों को मज़बूत बनाने के लिये दिया गया है।
- रिओ पैरालिम्पिक्स की रजत पदक विजेता दीपा मलिक ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री द्वारा प्रदान की जाने वाली सर एडमंड हिलेरी फेलोशिप प्राप्त की है, उन्हें यह फेलोशिप उनकी प्रेरणादायक उपलब्धियों के लिये प्रदान की गई है। दीपा मलिक ने 2016 में रिओ में शॉट पुट इवेंट में रजत पदक जीता था।
- स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने शक्तिशाली कंप्यूटर सिमुलेशन द्वारा पदार्थ की नई अवस्था की खोज की है, इस अवस्था को "चेन मेल्टेड स्टेट" कहा जा रहा है। पहले यह माना जाता था कि पदार्थ की केवल तीन अवस्थाएँ हो सकती हैं: ठोस, द्रव और गैस।
- स्वच्छ गंगा राष्ट्रीय मिशन (National Mission for Clean Ganga) अथवा नमामि गंगे कार्यक्रम को लंदन में विश्व जल शिखर सम्मेलन (Global Water Summit) में ग्लोबल वाटर इंटेलिजेंस द्वारा "पब्लिक वाटर एजेंसी ऑफ द ईयर" का खिताब प्रदान किया गया।
- सुरक्षा कैबिनेट समिति ने रूस से 464 T-90 टैंक की खरीद को मंजूरी दे दी है। 464 T-90 टैंक के अधिग्रहण के लिये 13,000 करोड़ रूपए व्यय किये जायेंगे। इन टैंक का एकीकरण चेन्नई के निकट आवडी में हैवी व्हीकल्स फैक्ट्री में किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2019 में निम्नलिखित पूर्वानुमान प्रकाशित किये हैं। वर्ष 2019 में वैश्विक वृद्धि दर 3.3% रहेगी। वर्ष 2018 में यह दर 3.6% तथा वर्ष 2017 में 4% थी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वित्त वर्ष 2019-20 के लिये विकास दर के अनुमान को घटाकर 7.3% किया, इससे पहले अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2019-20 में भारत की विकास दर 7.4% रहने का अनुमान लगाया था।
- प्रतिष्ठित क्रिकेट पत्रिका विजडेन ने विराट कोहली और स्मृति मंधाना को "लीडिंग क्रिकेटर" नामित किया है। विराट कोहली को पुरुष श्रेणी में "लीडिंग क्रिकेटर" नामित किया गया है, जबकि स्मृति मंधाना को महिला श्रेणी में में "लीडिंग क्रिकेटर" नामित किया गया है।
- लंदन 24×7 प्रदूषण चार्ज ज़ोन क्रियान्वित करने वाला विश्व का पहला शहर बन गया है। लंदन ने उल्टा लो एमिशन जोन लागू किया है, इसके तहत जो पुराने वाहन उत्सर्जन मानकों के अनुकूल नहीं है उनसे प्रवेश फीस वसूली जाएगी।
- गुवाहाटी रेलवे स्टेशन देश में ISO प्रमाणीकरण प्राप्त करने वाला पहला रेलवे स्टेशन बन गया है। यह ISO 14001: 2015 प्रमाणीकरण गुवाहाटी रेलवे स्टेशन को राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के क्रियान्वयन के लिये जारी दिशानिर्देशों के पालन प्रदान किया गया है।
- मोरक्को और अमेरिका के बीच 16 मार्च से 7 अप्रैल, 2019 तक "अफ्रीकन लायन 2019" युद्ध अभ्यास का आयोजन किया गया।
- 10 अप्रैल, 2019 को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व होम्योपैथी दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ क्रिस्चियन फ्रेडरिक सेमुअल हानेमन की जन्म की वर्षगाँठ पर मनाया जाता है।
- पेरियार नदी में पुन: प्रदूषण बढ़ रहा है। पेरियार नदी से कोच्चि शहर तथा इसके आसपास के क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति होती है। पेरियार नदी केरल में बहती है। इसका उद्गम पश्चिमी घाट में होता है। कुछ दूर उत्तर की ओर बहने के बाद यह पेरियार झील की ओर बहती है। पेरियार झील एक कृत्रिम झील है, इसका निर्माण मुल्लापेरियार बांध के कारण हुआ है।
- तमिलनाडु सरकार ने चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर पुरात्ची थालाईवार डॉ. एमजीआर सेंट्रल रेलवे स्टेशन कर दिया है। यह नाम परिवर्तन 5 अप्रैल, 2019 से लागू हो गया है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- विश्व बैंक की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में भारत को विश्व में सर्वाधिक 79 अरब डॉलर प्रेषण (Remittance) प्राप्त हुआ। यह राशि भारत को विदेश में निवास करने वाले नागरिकों से प्राप्त हुई है।
- भारत और श्रीलंका के बीच 26 मार्च से 8 अप्रैल 2019 तक बीच 'मित्र शक्ति' नामक युद्ध अभ्यास का आयोजन किया गया। इसे श्रीलंका के दियातलावा में आयोजित किया गया।
- अमेरिका ने ईरान के इलीट सैन्य बल इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है।
- 2019 मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन मलेशिया के अक्सियाता एरीना में किया गया, इस प्रतियोगिता की इनामी राशि 7 लाख डॉलर थी। पुरुष एकल वर्ग: लिन डैन (चीन), महिला एकल वर्ग: ताई-तजु-यिंग (ताइवान)।
- विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम "सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज़" है। इसका उद्देश्य लोगों को आवश्यकता के समय ज़रूरी स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करना है। विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को इसलिये मनाया जाता है क्योंकि 7 अप्रैल, 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी।
- अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) के अध्यक्ष प्रफुल पटेल फीफा कार्यकारी परिषद में शामिल होने वाले पहले भारतीय बन गये हैं। उन्हें 46 में से 38 वोट मिले।
- प्रतिवर्ष 5 अप्रैल को राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य अंतर-महाद्वीपीय व्यापार तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय समुद्री दिवस को वर्ष 1964 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है।
- डेविड मल्पस को 9 अप्रैल 2019 को विश्व बैंक का नया अध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने प्रमुख आर्थिक सलाहकारों में से एक डेविड मल्पस को विश्व बैंक के अध्यक्ष पद के लिये मनोनीत किया था।
- जापान के स्पेसक्राफ्ट हायाबुसा-2 ने रयुगु क्षुद्रग्रह पर विस्फोटक गिराया था जिसका उद्देश्य रयुगु क्षुद्रग्रह पर क्रेटर का निर्माण करना था। बाद में हायाबुसा इस विस्फोट से उत्पन्न हुए मलबे के नमूने अपने साथ अध्ययन के लिये लेकर आएगा।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निकटवर्ती शहरों में स्वच्छ BS-VI पेट्रोल व डीज़ल की आपूर्ति शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि संपूर्ण भारत में अप्रैल, 2020 से BS-VI नियमों का पालन होगा। नई दिल्ली बीएस-IV इंधन से बीएस-टप् को अपनाने वाला देश का पहला शहर है।
- संयुक्त अरब अमीरात ने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को जायेद मेडल से सम्मानित किया।
- भारतीय सेना ने मात्र 40 दिनों में जम्मू-कश्मीर के लेह में सिंधु नदी पर सबसे लंबे सस्पेंशन पुल का निर्माण किया। इस पुल का निर्माण "फायर एंड फ्यूरी कोर्प्स" के "साहस और योग्यता" के चलने वाले रेजिमेंट के कॉम्बैट इंजीनियर्स द्वारा किया गया है। इस पुल की कुल लंबाई 260 फीट है। इस पुल का नाम "मैत्री ब्रिज" रखा गया है।
- अमेरिका ने भारत को 24 MH 60 हेलीकाप्टर बेचने के लिये मंजूरी दी। इसके लिये 2.4 अरब डॉलर व्यय किये होंगे। इसकी घोषणा अमेरिका ने 2 अप्रैल, 2019 को की थी।
- दक्षिण कोरिया ने विश्व का पहला राष्ट्रीय 5G नेटवर्क लॉन्च कर दिया। 5G नेटवर्क 4G के मुकाबले 20 गुना अधिक तेज होगा। 5G वायरलेस संचार टेक्नोलॉजी थर्ड जनरेशन पार्टनरशिप प्रोजेक्ट (3GPP) पर आधारित है। यह 4G LTE के बाद मोबाइल नेटवर्क टेक्नोलॉजी का अगला चरण है।
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच AUSINDEX नामक संयुक्त नौसैनिक अभ्यास का तीसरा संस्करण 2 अप्रैल से 16 अप्रैल तक विशाखापत्तनम में संपन्न हुआ। इस संयुक्त अभ्यास में एंटी-सबमरीन युद्ध पर फोकस किया।
- 2 अप्रैल को प्रतिवर्ष विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये प्रेरित करना है। इस वर्ष विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस की थीम "सहायक टेक्नोलॉजी, सक्रिय भागीदारी" है।
- इसरो ने EMISAT (इलेक्ट्रो मैग्नेटिक इंटेलिजेंस सैटेलाइट) लॉन्च किया। EMISAT को इसरो तथा DRDO ने मिलकर विकसित किया है। EMISAT द्वारा भारत दुश्मन देश के राडार को इंटरसेप्ट कर सकता है।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने लगातार तीसरे वर्ष ICC टेस्ट चैंपियनशिप गदा (Mace) जीता इसके साथ भारतीय क्रिकेट टीम ने 1 मिलियन की इनामी राशि भी जीती। दरअसल भारतीय टीम टेस्ट रैंकिंग में एक अप्रैल को पहले पायदान पर थी, जो टीम वित्त वर्ष के अंत में टेस्ट क्रिकेट में पहले पायदान पर रहती है उसे यह ICC टेस्ट चैंपियनशिप गदा प्रदान की जाती है।
- जुजाना कापुतोवा ने स्लोवाकिया का राष्ट्रपति का चुनाव जीत लिया है, वे स्लोवाकिया की पहली महिला राष्ट्रपति चुनी गई हैं।
- इंडियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2019 का आयोजन नई दिल्ली में 26 मार्च से 31 मार्च, 2019 के दौरान के.डी. जाधव इंडोर हॉल में किया गया। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि


Copyright – Drishti The Vision Foundation

3,50,000 डॉलर थी। पुरुष एकल वर्ग: विक्टर एक्सेलसन (डेनमार्क), महिला एकल वर्ग: रैटचनोक इन्तानॉन (थाईलैंड)

- बैंक ऑफ बड़ौदा में विजया बैंक और देना बैंक का विलय 1 अप्रैल, 2019 से प्रभावी हो गया है। इस विलय के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा भारतीय स्टेट बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक बन गया। यह विलय भारत में बैंकों का पहला त्रिपक्षीय विलय है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 1 अप्रैल को एक साथ 29 सैटेलाइट प्रक्षेपित किये। इसरो ने 1 अप्रैल, 2019 को 436 किलोग्राम भार वाले एमिसैट उपग्रह को रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन के लिये लॉन्च किया। इसके साथ कई देशों के 28 सैटेलाइट्स भी श्रीहरिकोटा से लॉन्च किये गये। यह लॉन्च PSLV C-45 द्वारा किया गया।

## मार्च 2019

- टाटा स्टील को विश्व की सबसे नैतिक कंपनियों की सूची में शामिल किया गया। एथीस्फीयर इंस्टिट्यूट द्वारा किये गये अध्ययन में टाटा स्टील को सबसे नैतिक कंपनियों की सूची में शामिल किया गया। टाटा स्टील "धातु, खनिज तथा खनन" उद्योग से इस सूची में शामिल होने वाले कंपनियों में से एक है।
- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने STARS योजना लॉन्च की, इस योजना को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस (28 फरवरी) के अवसर पर लॉन्च किया गया है। STARS का पूर्ण स्वरुप Scheme for Translational and Advanced Research in Science है, इसका उद्देश्य वैज्ञानिक शोध प्रोजेक्ट के लिये फण्ड प्रदान करना है। इस योजना का क्रियान्वयन 250 करोड़ रुपए की राशि से किया जाएगा।
- बॉर्डर सिक्यूरिटी फोर्स तथा बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश के बीच तीन दिवसीय मैनामती मैत्री अभ्यास 2019 संपन्न हुआ।
- भारत और बांग्लादेश के बीच 2 से 15 मार्च, 2019 के बीच "सम्प्रीती" युद्ध अभ्यास का आयोजन किया गया। यह युद्ध अभ्यास भारत और बांग्लादेश के बीच रक्षा सहयोग का हिस्सा है।
- कैबिनेट मामलों की आर्थिक समिति ने प्रधान मंत्री जी-वन (जैव-इंधन वातावरण अनुकूल फसल अवशेष निवारण) योजना को मंजूरी दी। इस योजना के तहत फसल अवशेषों के निवारण के लिये वित्तीय सहायत उपलब्ध की जायेगी। इस योजना को केंद्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधीन लॉन्च किया गया है।
- भगवान लाल साहनी को राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया गया। कौशलेन्द्र सिंह पटेल तथा आचार्य तल्लोजू को इस आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसकी स्थापना 123वें संवैधानिक संशोधन विधेयक 2018 तथा 102वें संशोधन के द्वारा की गई थी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक संस्था बनाने के लिये नया अनुच्छेद 338 बी बनाया गया था।
- कर्नाटक ने "जलामृत" नामक जल संचय योजना को लॉन्च किया। इस योजना का उद्देश्य सूखे से बचने के लिये उपाय करना तथा जल स्त्रोतों का संरक्षण करना है।
- कर्नाटक सरकार ने 2019 को "जल का वर्ष" घोषित किया है। इसका उद्देश्य जल के महत्त्व पर प्रकाश डालना है तथा इसके संरक्षण के लिये प्रयास करना है। यह घोषणा सभी सरकारी विभागों पर लागू होगी।
- भारतीय रिज़र्व बैंक तथा बैंक ऑफ जापान ने हाल ही में 75 अरब डॉलर के द्विपक्षीय स्वैप अरेंजमेंट पर हस्ताक्षर किये। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार तथा पूँजी बाज़ार में मज़बूती आएगी। इस समझौते से दोनों देश अपनी मुद्राओं को स्वैप कर सकते हैं। इस समझौते की शुरुआत 29 अक्तूबर, 2018 को प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा के दौरान हुई थी।
- मैकी साल को पुन: सेनेगल का राष्ट्रपति चुना गया। सेनेगल अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित है। सेनेगल के उत्तर पर मॉरिटानिया, पूर्व में माली, दक्षिण पूर्व में गिनी तथा दक्षिण-पश्चिम में गिनी-बिस्सौ स्थित है।
- वैज्ञानिक व रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन (DRDO) के मुखिया जी. सतीश रेड्डी को अमेरिकन इंस्टिट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स द्वारा मिसाइल सिस्टम अवार्ड से सम्मानित किया गया।
- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के अमेठी में AK-47 राइफल निर्माण इकाई की आधारशिला रखी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कम समय में यह कार्य आरंभ करने के लिये रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति आभार व्यक्त किया।
- प्रयागराज का सुप्रसिद्ध कुम्भ मेला गिनीज विश्व रिकॉर्ड में शामिल हो गया है, यह निम्नलिखित तीन सेक्टर में विश्व रिकॉर्ड में शामिल हुआ है : सबसे बड़ी ट्रैफिक व जनसैलाब प्रबंधन योजना, "पेंट माय सिटी" योजना के तहत सार्वजनिक स्थलों की पेंटिंग का सबसे बड़ा अभ्यास और सबसे बड़ा स्वच्छता व कचरा प्रबंधन मैकेनिज्म।
- 3 मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस मनाया गया, इसकी थीम "जल के नीचे जीवन: लोगों व गृह के लिये" थी।
- एशियाई ओलिंपिक परिषद ने 2022 में चीन के हांगझू में आयोजित किये जाने वाले एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल किये जाने


Copyright – Drishti The Vision Foundation

को मंज़ूरी दे दी है। इससे पहले एशियाई खेलों में क्रिकेट को वर्ष 2010 तथा वर्ष 2014 में शामिल किया गया था, परंतु 2018 के एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया था।

- स्पेस एक्स का क्रू ड्रैगन कैप्सूल सफलतापूर्वक अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से जुड़ गया है। इस मिशन का नाम डेमो-1 रखा गया है। यह एक परीक्षण मिशन है, इसके बाद इस कैप्सूल द्वारा अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (NCMC) लॉन्च किया। इस कार्ड का उपयोग मेट्रो, बस, उपनगरीय रेलवे, टोल तथा पार्किंग के भुगतान के लिये किया जा सकता है, यह किसी क्रेडिट अथवा डेबिट कार्ड की भाँति कार्य करता है। इस कार्ड को "एक देश-एक कार्ड" भी कहा जा रहा है, इस कार्ड की सहायता से लोग बस यात्रा के लिये किराया, टोल टैक्स, पार्किंग शुल्क, खरीददारी कर सकते हैं, इससे धनराशि भी निकाली जा सकती है।
- भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण ने देश भर में 22 जीपीएस स्टेशनों की स्थापना की। इन स्टेशनों का उपयोग भूकंप की दृष्टि से खतरनाक क्षेत्रों की पहचान करने के लिये किया जाएगा, इससे मानचित्रण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।
- पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने BOLD-QIT (बॉर्डर इलेक्ट्रानिकली डोमिनेटिड QRT इंटरसेप्शन तकनीक) का उद्घाटन भारत-बांग्लादेश सीमा पर असम के धुबरी ज़िले में किया था। यह प्रोजेक्ट विस्तृत एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (CIBMS) का हिस्सा है।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नई दिल्ली में स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार 2019 प्रदान किये। मध्य प्रदेश का इंदौर शहर लगातार तीसरे वर्ष "स्वच्छ सर्वेक्षण 2019" में पहले स्थान पर रहा। 2019 के सर्वेक्षण में भोपाल को सबसे स्वच्छ राजधानी शहर चुना गया।
- विश्व बैंक तथा भारत सरकार ने "राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवतन परियोजना" (NRETP) के लिये 250 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किये। "राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक परिवतन परियोजना" के द्वारा भारत के 13 राज्यों में ग्रामीण आय में वृद्धि करना है।
- IQAir AirVisual 2018 विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट का संकलन ग्रीनपीस द्वारा IQAir AirVisual के साथ किया गया है। इस सूचकांक में वायु में PM 2.5 महीन कण की मौजूदगी का अध्ययन किया गया है। इसके अनुसार, विश्व के 10 सबसे अधिक प्रदूषित शहरों में से 7 शहर भारत में हैं। विश्व के 5 सर्वाधिक प्रदूषित शहर इस प्रकार हैं : गुरुग्राम, गाजियाबाद, फरीदाबाद, भिवाड़ी तथा फैसलाबाद (पाकिस्तान)।
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने युवाश्री योजना II अथवा युवाश्री अर्पण योजना को लॉन्च किया, इसका उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहन देना है। युवाश्री अर्पण योजना के तहत राज्य के 50 हज़ार ITI तथा बहुतकनीकी संस्थानों के पास आउट्स को अपना व्यापार शुरू करने के लिये राज्य के सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग विभाग द्वारा 1 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।
- जापानी आर्किटेक्ट अराता इसोजाकी ने प्रित्ज़्कर प्राइज़ 2019 जीता। वे इस पुरस्कार को जीतने वाले 46वें व्यक्ति तथा आठवें जापानी आर्किटेक्ट हैं।
- इसरो और CNES (फ्राँसीसी अंतरिक्ष एजेंसी) ने भारतीय वैज्ञानिकों को "गगनयान" के लिये प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। भारतीय वैज्ञानिकों को फ्राँस के टूलूस अंतरिक्ष केंद्र में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। गगनयान प्रोजेक्ट के लिये भारत ने रूस के साथ भी समझौता किया है।
- उत्तराखंड सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों में दूध उपलब्ध करवाने के लिये मुख्यमंत्री आँचल अमृत योजना लॉन्च की है। मुख्यमंत्री आँचल अमृत योजना के तहत उत्तराखंड सरकार राज्य में 20,000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में सप्ताह में दो बार 2.5 बच्चों के लिये 100 उस दूध उपलब्ध करवाएगी।
- केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने नुकसानदायक तथा अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन तथा सीमापार परिवहन) नियम, 2016 में संशोधन करते हुए ठोस प्लास्टिक अपशिष्ट के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- भारत और रूस ने परमाणु पनडुब्बी को लीज पर लेने के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये। इस समझौते के तहत भारतीय नौसेना को 10 वर्ष की लीज पर चक्र III पनडुब्बी उपलब्ध करवाई जायेगी। रूस भारत को अकुला श्रेणी की पनडुब्बी वर्ष 2025 तक देगा। इस पनडुब्बी को चक्र III के नाम से भी जाना जाता है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागपुर में मेट्रो का उद्घाटन किया, इसके साथ ही नागपुर महाराष्ट्र का दूसरा मेट्रो युक्त शहर बन गया है।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 7 करोड़ के पार पहुँच गई है। 8 मार्च, 2019 को पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उज्ज्वला योजना के 7 करोड़वें लाभार्थी को गैस कनेक्शन प्रदान किया। केंद्र सरकार ने मई, 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लॉन्च की थी, इसकी टैगलाइन 'स्वच्छ इंधन, बेहतर जीवन' है।
- बीबीसी की द्विभाषी संवाददाता प्रियंका दुबे को उत्कृष्ट महिला पत्रकार के लिये चमेली देवी जैन पुरस्कार 2018 के लिये चुना गया है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- केन्द्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन सिंह ने हाल ही में इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान जारी किया। इसका उद्देश्य उत्सर्जन में कमी करना तथा नागरिकों को तापीय राहत प्रदान करना है। इंडिया कूलिंग एक्शन प्लान को विभिन्न सेक्टरों की कूलिंग आवश्यताओं को ध्यान में रखते हुए 20 वर्ष के लिये तैयार किया गया है, इसमें सतत् कूलिंग प्रदान करने के लिये तरीके सुझाए गये हैं। इस एक्शन प्लान के तहत सरकार ने कूलिंग ऊर्जा आवश्यकता में कम से कम 30% की कमी का लक्ष्य रखा है।
- अल-नागाह III भारत और ओमान के बीच द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास तीसरे संस्करण का आयोजन 12 मार्च से 25 मार्च के बीच ओमान में किया गया।
- ऊर्जा मंत्रालय ने घोषणा की है कि माइक्रोवेव ओवन तथा वाशिंग मशीन के लिये अब ऊर्जा दक्षता के पैमाने पर स्टार रेटिंग जारी की जायेगी। माइक्रोवेव तथा वाशिंग मशीन के लिये स्टार रेटिंग कार्यक्रम स्वेच्छा के आधार पर क्रियान्वित किया जाएगा, यह 31 दिसंबर, 2020 तक वैध होगा।
- भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने इंटरनेशनल गोल्डन सिटी गेट टूरिज्म अवार्ड्स 2019 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। भारत को यह पुरस्कार टीवी सिनेमा स्पॉट श्रेणी में दिया गया।
- पोखरण में स्वदेशी पिनाका गाइडेड वेपन सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। पिनाका राकेट सिस्टम का विकास रक्षा अनुसंधान व विकास संगठन द्वारा किया गया है। इस राकेट सिस्टम का नाम भगवान शिव के धनुष "पिनाका" के नाम पर रखा गया है। पिनाका की शुरूआती रेंज 30 से 40 किलोमीटर थी। बाद में पिनाका मार्क ण्प के साथ रेंज को बढ़ाकर 70 से 80 किलोमीटर किया गया।
- चीन की लॉन्ग मार्च राकेट श्रृंखला ने 300 लॉन्च पूरे किये। हाल ही में 300वें लॉन्च में लॉन्ग मार्च-3बी राकेट द्वारा दूरसंचार उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया गया।
- उदयपुर के राजसी परिवार द्वारा शुरू किये गये वस्त्रदान अभियान ने दान के लिये एकत्रित किये गये सबसे अधिक कपड़ों द्वारा गिनीज विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया। इस अभियान के तहत 3 लाख वस्त्र एकत्रित किये गये।
- विश्व स्वर्ण परिषद रिपोर्ट जारी की गई, इस रिपोर्ट में विभिन्न देशों के स्वर्ण भंडारों की सूची जारी की गई है। इस सूची में स्वर्ण भण्डार के मामले में भारत को 11वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, भारत का अनुमानित स्वर्ण भंडार 607 टन है। इस सूची में पहले स्थान पर अमेरिका है, अमेरिका का स्वर्ण भंडार 8,133.5 टन है। अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर 3,369.7 टन के साथ जर्मनी है।
- स्टॉकहोल्म अंतर्राष्ट्रीय शांति अनुसंधान संस्थान (SIPRI) ने अपनी रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी अरब विश्व का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है, जबकि भारत इस सूची में दूसरे स्थान पर है।
- विश्व आर्थिक फोरम की फाउंडेशन "फोरम ऑफ यंग ग्लोबल लीडर्स" ने हाल ही में प्रतिभाशाली युवाओं की सूची जारी की। इस सूची में 40 वर्ष से कम उम्र के युवाओं को शामिल किया गया है।
- अफ्रीका-इंडिया जॉइंट फील्ड ट्रेनिंग एक्सरसाइज (AFINDEX-19) का आयोजन भारतीय सेना तथा 16 अफ्रीकी देशों के बीच 18 मार्च से 27 मार्च के बीच पुणे में किया गया। इस अभ्यास में 16 अफ्रीकी देशों में से प्रत्येक देश से 10-10 सैनिकों ने हिस्सा लिया। इस अभ्यास का आयोजन पुणे में औंध मिलिट्री स्टेशन तथा किरकी के कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग में किया गया।
- 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस हर वर्ष पूरी दुनिया में उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिये मनाया जाता है।
- विशेष ओलिंपिक खेलों का उद्घाटन अबू धाबी में किया गया। विशेष ओलिंपिक खेलों का आयोजन संयुक्त अरब अमीरात में अबू धाबी तथा दुबई द्वारा किया गया। पहली बार विशेष ओलिंपिक खेलों का आयोजन मध्य पूर्व में किया गया।
- फीफा 2020 अंडर-17 महिला विश्व कप का आयोजन भारत में किया जाएगा, हाल ही में इसकी घोषणा फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेन्तिनो ने की। यह निर्णय अमेरिका के मिआमि में आयोजित फीफा परिषद की बैठक में लिया गया। इससे पहले भारत ने 2017 अंडर-17 फुटबॉल विश्व कप का सफल आयोजन किया था।
- राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद पद्म पुरस्कार प्रदान किये। इस वर्ष 4 पद्म विभूषण, 14 पद्म भूषण तथा 94 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किये गए।
- पद्मविभूषण
  - तीजन बाई-कला क्षेत्र- लोक गीत-छत्तीसगढ़
  - इस्माइल उमर गुलेह ख्रसार्वजानिक मामले-जिबूती के राष्ट्रपति
  - अनिलकुमार मणिभाई नाइक-व्यापार व उद्योग-महाराष्ट्र
  - बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे-अभिनय-थिएटर-महाराष्ट्र
- पद्म भूषण (कुल 14 व्यक्ति)
  - हुकुमदेव नारायण यादव-सार्वजानिक मामले- बिहार


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- पद्म श्री (कुल 94 व्यक्ति)
  - राजकुमारी देवी- अन्य (कृषि)- बिहार
  - भागीरथी देवी- सार्वजानिक मामल- बिहार
  - गोदावरी दत्ता- कला (चित्रकला)- बिहार
  - ज्योति कुमार सिन्हा- सामाजिक कार्य- बिहार
- रूसी सोयुज स्पेसक्राफ्ट ISS पर सफलतापूर्वक पहुँच गया है, इस स्पेसक्राफ्ट में नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग, क्रिस्टीना कोच तथा रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्सी ओव्चिनिन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में सफलतापूर्वक पहुँच गये हैं।
- स्वीडन की 16 वर्षीय ग्रेटा थनबर्ग को 2019 नोबेल शांति पुरस्कार के लिये मनोनीत किया गया है। ग्रेटा पर्यावरण की सुरक्षा के लिये कार्य करती हैं। ग्रेटा स्कूल स्ट्राइक फॉर क्लाइमेट मूवमेंट की संस्थापक हैं।
- 15 मार्च, 2019 को ब्राज़ील के करितिबा में ब्रिक्स शेरपा बैठक का आयोजन किया गया, यह ब्राजील अध्यक्षता में आयोजित की जाने वाली पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक थी।
- भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रमोद सावंत ने गोवा ने नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्हें राज्यपाल मृदुला सिन्हा द्वारा शपथ दिलाई गई। प्रमोद सावंत उत्तरी गोवा के संखालिम से विधायक हैं।
- कज़ाख्स्तान के सारी-अर्का क्षेत्र में SCO के संयुक्त सैन्य अभ्यास का आयोजन किया गया। आतंकवाद विरोधी अभ्यास के आयोजन का निर्णय उज़्बेकिस्तान के ताशकंद में RATS परिषद की बैठक में लिया गया। इस बैठक में भारत, कज़ाख्स्तान, चीन, किरगिज़ गणराज्य, पाकिस्तान, रूस, ताजीकिस्तान तथा उज़्बेकिस्तान के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।
- भारतीय लेखक रघु कर्नाड ने विंडहम-कैम्पबेल पुरस्कार जीता। उन्होंने यह पुरस्कार अपनी प्रथम पुस्तक के लिये नॉन-फिक्शन श्रेणी में जीता। इस पुरस्कार के विजेता को 1,65,000 डॉलर इनाम स्वरुप प्रदान किये जाते हैं। रघु कर्नाड को उनकी पुस्तक "The Farthest Field : An Indian Story of the Second World War" के लिये सम्मानित किया गया।
- कज़ाखस्तान के राष्ट्रपति नूरसुल्तान नजरबायेव ने तीन दशक बाद इस्तीफा दिया। उनके स्थान पर संसद के उपरी सदन के स्पीकर कैसिम जोमार्त तोकायेव कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेंगे।
- करेन उहलेनबेक ने हाल ही में एबेल प्राइज जीता, वे इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतने वाली पहली महिला गणितज्ञ बन गई हैं। करेन ऑस्टिन में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में प्रोफेसर हैं।
- इदाई नामक चक्रवात से मोजाम्बिक, मलावी, जिम्बाब्वे तथा दक्षिण अफ्रीका में जान-माल की काफी हानि हुई है। इदाई चक्रवात मोजाम्बिक से शुरू होते हुए पश्चिमी दिशा की ओर आगे अग्रसर हुआ।
- भारतीय नौसेना ने जनवरी-मार्च, 2019 के दौरान थिएटर लेवल ऑपरेशनल रेडीनेस एक्सरसाइज (TROPEX) का आयोजन किया, इसका उद्देश्य तटीय सुरक्षा के लिये आवश्यक सभी उपकरणों का परीक्षण करना था। ट्रोपेक्स के दौरान भारतीय नौसेना ने "एक्सरसाइज सी विजिल" नामक रक्षा अभ्यास का आयोजन भी किया।
- इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा जीवन-यापन लागत सर्वेक्षण 2019 को जारी किया गया। इस सूची में पहली बार तीन देशों को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान दिया गया है। इस सर्वेक्षण के अनुसार सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग और पेरिस रहने के लिहाज से विश्व के सबसे महंगे शहर हैं।
- कलादान ट्रांजिट प्रोजेक्ट पर हमले करने की फिराक में बैठे उग्रवादी समूहों को समाप्त करने के लिये भारत ने ऑपरेशन सनराइज का संचालन किया, इस ऑपरेशन को फरवरी-मार्च, 2019 के दौरान अंजाम दिया गया। ऑपरेशन सनराइज का संचालन संयुक्त रूप से भारतीय तथा म्याँमार सेना द्वारा किया गया है।
- भारत और इंडोनेशिया के बीच समन्वयित गश्त का आयोजन भारत में किया गया। इसका आयोजन भारत में पोर्ट ब्लेयर (अंडमान व निकोबार द्वीप समूह) में किया गया है, इसका आयोजन 19 मार्च से 4 अप्रैल तक किया गया। यह इस गश्त अभ्यास का 33वाँ संस्करण था।
- हाल ही में भारतीय निर्वाचन आयोग ने गौरी सावंत को निर्वाचन एम्बेसडर नियुक्त किया, वे महाराष्ट्र के 12 चुनाव एम्बेसडर में से एक हैं। ऐसा भारत में पहली बार हुआ है जब किसी ट्रांसजेंडर को चुनाव एम्बेसडर चुना गया है।
- हाल ही में ब्राज़ील के भौतिक शास्त्री व खगोलशास्त्री मार्सेलो ग्लेइसेर को प्रतिष्ठित टेम्पलटन प्राइज़ 2019 से सम्मानित किया गया। टेम्पलटन प्राइज़ प्रतिवर्ष किसी जीवित व्यक्ति को प्रायोगिक कार्य द्वारा जीवन के अध्यात्मिक आयाम के क्षेत्र में योगदान के लिये प्रदान किया जाता है।
- कज़ाखस्तान ने हाल ही में राजधानी अस्ताना का नाम पूर्व राष्ट्रपति नूरसुल्तान नज़रबायेव के नाम पर "नूरसुल्तान" कर दिया है। इसकी घोषणा नए राष्ट्रपति कैसिम जोमार्त तोकायेव ने की। इस नाम परिवर्तन को कज़ाखस्तान की संसद ने मंजूरी दे दी है।
- संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समाधान नेटवर्क ने विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट 2019 जारी की। इस रिपोर्ट में देशों को आय, स्वतंत्रता,


Copyright – Drishti The Vision Foundation

विश्वास, स्वस्थ जीवन, सामाजिक सहायता तथा दयालुता के आधार पर रैंकिंग दी गई है। इस सूचकांक में 156 देशों को रैंकिंग प्रदान की गई है। सूचकांक में लगातार दूसरी बार फिनलैंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। भारत की रैंकिंग में भी गिरावट हुई है, पिछले वर्ष भारत को 133वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, इस वर्ष भारत को 140वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।

- भारत की स्पाइसजेट एयरलाइन अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (IATA) में शामिल हुई। स्पाइसजेट IATA में शामिल होने वाली पहली भारतीय बजट एयरलाइन है। IATA में 290 से अधिक एयरलाइन्स सदस्य के रूप में शामिल हैं।
- 22 मार्च को प्रतिवर्ष विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जल के महत्त्व पर प्रकाश डालना है। इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम "लीविंग नो वन बिहाइंड" है। थीम का चयन संयुक्त राष्ट्र-जल द्वारा किया जाता है।
- प्रतिवर्ष 21 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 28 नवंबर, 2012 को की थी। पहली बार 21 मार्च, 2013 को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस मनाया गया था। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस की थीम "वन व शिक्षा" है।
- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शिक्षा वाणी नामक एप्प लॉन्च की है। इस एप्प के माध्यम से छात्रों तथा उनके अभिभावकों को महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ मिल सकेंगीं। यह एक किस्म की पॉडकास्ट एप है।
- प्रतिवर्ष 21 मार्च को डाउन सिंड्रोम दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष डाउन सिंड्रोम दिवस 2019 की थीम "किसी को पीछे मत छोड़ो" है।
- प्रसिद्ध हिंदी लेखक लीलाधर जगूड़ी ने व्यास सम्मान 2018 जीता, उन्हें यह सम्मान के.के. बिरला फाउंडेशन द्वारा उनके काव्य संग्रह "जितने लोग उतने प्रेम" के लिये दिया गया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गोलन पहाड़ियों पर इजराइल की संप्रभुता को मान्यता दी। इससे पहले अमेरिका गोलन पहाड़ियों को अधिकृत सीरियाई क्षेत्र मानता था।
- भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने मार्च 2019 में आयोजित सैफ फुटबॉल कप का खिताब जीता। भारत ने फाइनल में नेपाल को पराजित करके यह खिताब जीता।
- लोकपाल खोज समिति ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायधीश पिनाकी चन्द्र घोष के नाम पर सहमति प्रकट की थी। उन्होंने भारत के प्रथम लोकपाल के रूप में शपथ ली। उन्हें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।
- 23 मार्च को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है, इसी दिन वर्ष 1931 में भारत के तीन महान स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को मृत्युदंड दिया था। लाहौर षड्यंत्र केस में इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के लिये 24 मार्च, 1931 को मृत्युदंड का आदेश दिया गया था। परंतु उन्हें 23 मार्च, 1931 को शाम 7 बजे फांसी दे दी गई थी।
- भारतीय नौसेना मोजाम्बिक में इदाई चक्रवात से पीड़ित लोगों की सहायता के लिये बचाव व राहत कार्य में शामिल हुई। राहत व बचाव दल पीड़ितों को राहत शिविरों में भोजन, पानी, मेडिकल सहायता इत्यादि उपलब्ध करवा रहे हैं।
- पूरे विश्व में 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को इस बीमारी के विषय में जागरूक करना और क्षय रोग की रोकथाम के लिये कदम उठाना है।
- करमबीर सिंह को भारतीय नौसेना का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है उन्होंने एडमिरल सुनील लाम्बा का स्थान लिया।
- **22 मार्च को 107वाँ बिहार दिवस मनाया गया। 22 मार्च, 1912 को बिहार को बंगाल प्रेसीडेंसी से अलग किया गया था। बड़े स्तर पर पहली बार 2010 में बिहार दिवस को मनाया गया था, यह विचार बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नितीश कुमार का था।**
- मार्च 2019 में ललित कला अकादमी ने 60वें वार्षिक राष्ट्रीय अकादमी पुरस्कार के 15 विजेताओं की घोषणा की गई। बिहार की **तबस्सुम खान इनमें से एक हैं, वे पेंटिग के लिये जानी जाती हैं।**
- **बिहार के दरभंगा ज़िले में जन्मे यश प्रणय सिंह सीआईएसी ग्लोबल ने मोस्ट चार्मिंग डेब्यूटेंट इन ग्लोबल एंटरटेनमेंट के अवार्ड से नवाजा है।**
- 23 मार्च को विश्व मौसम विज्ञान दिवस मनाया गया, इसकी थीम "सूर्य, पृथ्वी तथा मौसम" थी। 23 मार्च, 1950 को विश्व मौसम विज्ञान संगठन की स्थापना की गई थी, इसलिये प्रतिवर्ष 23 मार्च को विश्व मौसम विज्ञान दिवस मनाया जाता है।
- केन्या के विज्ञान अध्यापक पीटर तबिची ने प्रतिष्ठित ग्लोबल टीचर प्राइज 2019 जीता। यह पुरस्कार विश्व के सर्वश्रेष्ठ अध्यापक को प्रदान किया जाता है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने नंदन निलेकणी की अध्यक्षता में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिये पाँच सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति डिजिटल समावेश को बढ़ावा देने के लिये सुझाव देगी।
- नीति आयोग ने फिन टेक कॉन्क्लेव 2019 का आयोजन नई दिल्ली में किया, इसका उद्घाटन भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर


Copyright – Drishti The Vision Foundation

शक्तिकांत दास द्वारा किया गया। इसका उद्देश्य वित्तीय टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सुधार करना तथा नयी नीतियों के निर्माण पर विचार विमर्श करना है।

- भारत विश्व आर्थिक फोरम ग्लोबल एनर्जी ट्रांजीशन इंडेक्स 2019 में 76वें स्थान पर है, इस बार भारत के रैंक में दो स्थानों की वृद्धि हुई है। इस वार्षिक सूची को विश्व आर्थिक फोरम ने तैयार किया है। इस सूची में 115 देशों को रैंकिंग रदान की गई है। इस सूची में पहले स्थान पर स्वीडन है।
- भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को क्रोएशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड आर्डर ऑफ द किंग ऑफ तोमिस्लाव से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनकी क्रोएशिया यात्रा के दौरान दिया गया।
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने "बड़ौदा किसान" नामक कृषि-डिजिटल प्लेटफार्म के विकास के बारे में घोषणा की, इस प्लेटफार्म के द्वारा कृषि संबंधी आवश्यकताओं के लिये समाधान प्रदान किये जायेंगे।
- इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में पहली बार मांकड़िग की घटना हुई, आईपीएल के इतिहास में यह घटना राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स इलेवन के बीच मैच में हुई। मांकड़िग क्रिकेट में बल्लेबाज को आउट करने की एक विधि है। मांकड़िग वह स्थिति है, जब गेंदबाज के गेंद डालने से पहले ही नॉन-स्ट्राइकर एंड पर बल्लेबाज क्रीज छोड़कर आगे बढ़ जाए और गेंदबाज इस दौरान गेंद को विकेट पर मार देता है।
- भारत ने अपनी पहली एंटी-सैटेलाइट मिसाइल ने अंतरिक्ष में उपग्रह को सफलतापूर्वक नष्ट किया है। इस मिशन को "मिशन शक्ति" नाम दिया गया है। इस मिशन में मिसाइल ने पृथ्वी की निम्न कक्षा में सैटेलाइट को नष्ट किया।
- पेंटागन ने अमेरिकी कांग्रेस को सूचित किया है कि अमेरिका-मेक्सिको सीमा दीवार के लिये 1 अरब डॉलर राशि को मंजूरी दे दी गई है। इस राशि का उपयोग अमेरिका और मेक्सिको के बीच दीवार बनाने के लिये किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने वैश्विक ऊर्जा तथा कार्बन डाइऑक्साइड स्टेटस रिपोर्ट जारी की, इस रिपोर्ट के मुख्य बिंदु निम्नलिखित हैं:
  - ऊर्जा मांग में चीन, अमेरिका और भारत का हिस्सा लगभग 70% है, पिछले वर्ष ऊर्जा मांग में 2.3% की वृद्धि हुई थी।
  - सभी इंधनों की मांग में भी वृद्धि हुई है, इस मांग का 70% हिस्सा जीवाश्म इंधन से पूरा किया गया।
  - सौर ऊर्जा उत्पादन में 31% की वृद्धि दर्ज की गई।
  - 2018 में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में 1.7% की वृद्धि हुई है, अब यह बढ़कर 33 गीगाटन हो गया है।
  - 2018 में वैश्विक विद्युत की मांग में 4% की वृद्धि हुई, यह बढ़कर 23,000 टेरावाट ऑवर्स पर पहुँच गई है।
  - पवन तथा सौर ऊर्जा सहित नाविकरणीय ऊर्जा में चीन अग्रणी है, इसके बाद यूरोप तथा अमेरिका हैं।
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा ऑक्सफोर्ड पावर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव ने बहु-आयामी निर्धनता सूचकांक 2018 जारी किया। सूचकांक में भारत के संदर्भ में भारत में पिछले 10 वर्षों में निर्धनता दर 55% से कम होकर 28% पर पहुँच गई है। 2005-06 और 2015-16 के बीच 271 मिलियन लोग गरीबी से बाहर आए। 2015-16 में भारत में 364 मिलियन निर्धन लोग थे, 2005-06 में यह आँकड़ा 635 मिलियन था। 2015-16 में बिहार में निर्धनता दर सबसे अधिक थी। चार सबसे निर्धन राज्यों बिहार, **झारखण्ड, उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश में 196 मिलियन निर्धन लोग हैं।**
- हिमाचल प्रदेश का एक छोटा सा गाँव "ताशीगंग" विश्व का सबसे ऊँचा मतदान केंद्र है, यह मतदान केंद्र हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीती ज़िले में स्थित है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक अगले दो महीने के भीतर फिनटेक कंपनियों के लिये कम उपभोक्ताओं के समूह में नए उत्पादों की टेस्टिंग के लिये दिशानिर्देश जारी करेगा। सैंडबॉक्स रेगुलेटर द्वारा स्थापित एक किस्म का फ्रेमवर्क होता है जिसमे फिनटेक कंपनिया अपने उत्पादों का परीक्षण एक नियंत्रित परिवेश में कर सकती हैं।
- 28 मार्च, 2019 को यूरोपीय संसद में हुए मतदान में 560-35 वोट से यूरोप में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया। यह प्रतिबंध वर्ष 2021 से लागू होगा।
- नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडले मैडल 2019 से सम्मानित किया गया।
- "अर्थ ऑवर" 30 मार्च, 2019 को सायंकाल 8:30 से 9:30 बजे के बीच मनाया गया। इस अवसर पर विश्व भर में लोगों को एक घंटे के लिये गैर-आवश्यक उपकरणों की बिजली बंद करने का आवाहन किया जाता है। अर्थ ऑवर को वर्ष 2007 में वर्ल्ड वाइड फण्ड फॉर नेचर द्वारा लॉन्च किया गया था।
- दक्षिण कोरिया की हॉकी टीम ने सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में पेनल्टी शूट-आउट में भारत को 4-2 से पराजित किया। निर्धारित समय में भारत और दक्षिण कोरिया 1-1 की बराबरी पर थे। भारत सुल्तान अजलान शाह हॉकी कप को अब तक 5 बार जीत चुका है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation